RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 241
नई दिल्ली, शनिवार, 8 जुलाई, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
www.dailypioneer.com




हैप्पीबर्थ डे माही

स्पोर्ट्स-12

# हाईकोर्ट से राहुल को नहीं मिली राहत

## अदालत ने कहा–निचली अदालत का दो साल कारावास की सजा सुनाने का आदेश सही

**मोदी सरनेम मामला**

● गुजरात उच्च न्यायालय का राहुल गांधी की दोषसिद्धि पर रोक लगाने से इनकार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/अहमदाबाद



**गुजरात** उच्च न्यायालय ने मोदी उपनाम वाली टिप्पणी को लेकर आपराधिक मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की दोषसिद्धि के फैसले पर रोक लगाने का अनुरोध करने संबंधी उनकी याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति हेमंत प्रच्छक ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि गांधी पहले ही देशभर में 10 मामलों का सामना कर रहे हैं और निचली अदालत का कांग्रेस नेता को उनकी टिप्पणियों के लिए दो साल कारावास की सजा सुनाने का आदेश न्यायसंगत, उचित और वैध है।

अदालत ने कहा कि दोषसिद्धि के फैसले पर रोक लगाने का कोई तर्कसंगत आधार नहीं है। यदि दोषसिद्धि पर रोक लग जाती, तो इससे राहुल गांधी की संसद सदस्यता बहाल होने का मार्ग प्रशस्त हो जाता।

अदालत ने कहा, वह (गांधी) बिल्कुल बेबुनियाद आधारों पर दोषसिद्धि (के फैसले) पर रोक लगवाने की कोशिश कर रहे थे। यह कानून का एक सुस्थापित सिद्धांत है कि दोषसिद्धि पर रोक कोई नियम नहीं है, बल्कि यह एक अपवाद है, जिसका सहारा केवल दुर्लभ मामलों में ही लिया जाता है।

अयोग्यता केवल सांसदों, विधायकों तक सीमित नहीं है। इतना ही नहीं, याचिकाकर्ता के खिलाफ 10 आपराधिक मामले लंबित हैं। उसने कहा, इस शिकायत के बाद, वीर सावरकर के पोते ने कैम्ब्रिज में गांधी द्वारा वीर सावरकर के खिलाफ दिए गए अपमानजनक बयान को लेकर पुणे की एक अदालत में एक और शिकायत दर्ज कराई गई थी। उनके खिलाफ एक और शिकायत लखनऊ की संबंधित अदालत में दर्ज की गई थी। अदालत ने कहा कि इस पृष्ठभूमि में दोषसिद्धि के फैसले पर रोक लगाने से इनकार करने पर याचिकाकर्ता के साथ किसी भी प्रकार से अन्याय नहीं होगा। न्यायाधीश ने आदेश पढ़ते हुए कहा, अपीली अदालत द्वारा पारित किया गया आदेश उचित एवं वैध है और इसमें किसी प्रकार के हस्तक्षेप की आवश्यकता

(शेष पेज 9)

### फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगेः कांग्रेस



नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस नेता जयराम रमेश और अभिषेक मनु सिंघवी। फोटोः रंजन डिमरी

● पार्टी ने स्वतंत्र आवाज का गला घोंटने की साजिश का आरोप लगाया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने मोदी उपनाम वाली टिप्पणी से जुड़े आपराधिक मानहानि मामले में राहुल गांधी की याचिका गुजरात उच्च न्यायालय द्वारा खारिज किए जाने के बाद शुक्रवार को कहा कि यह निर्णय कानूनी रूप से गलत है और वह इसके विरूद्ध बहुत जल्द उच्चतम न्यायालय का रुख करेगी।

मुख्य विपक्षी दल ने आरोप लगाया कि यह सब स्वतंत्र विचारों का गला घोंटने की सरकार की साजिश है और इस मकसद को पूरा करने के लिए मानहानि के

(शेष पेज 9)

### निर्णय विधि सम्मत व स्वागत योग्यः भाजपा

● कांग्रेस नेता पर लगाया आरोप, कहा- दूसरों को बदनाम करना उनकी फितरत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने मोदी उपनाम वाली टिप्पणी को लेकर आपराधिक मानहानि मामले में राहुल गांधी की दोषसिद्धि पर रोक लगाने का अनुरोध करने संबंधी उनकी याचिका खारिज करने के गुजरात उच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए शुक्रवार को आरोप लगाया कि दूसरों को गाली देना और उन्हें बदनाम करना कांग्रेस नेता की फितरत है।

भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता ने मोदी उपनाम वाले अपने बयान के लिए माफी मांगने से इनकार कर गैरजिम्मेदाराना अहंकार दिखाया। प्रसाद ने कहा कि अगर वह इस तरह का व्यवहार करते हैं और लोगों एवं संस्थानों को बदनाम करते हैं तो कानून उन्हें छोड़ेगा नहीं।

उन्होंने कहा कि जो लोग दावा कर रहे हैं कि गांधी की सजा कठोर है तो उन्हें जवाब देना चाहिए कि पूर्व सांसद ने इतना कठोर अपराध क्यों किया। प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ मानहानि के 10 मामले हैं।उन्होंने कहा, आज का निर्णय विधि सम्मत है, उचित है और स्वायत योग्य है। वरिष्ठ भाजपा नेता प्रसाद ने

(शेष पेज 9)

# भाजपा ने चुनावी राज्यों के लिए नियुक्त किए प्रभारी

● भूपेंद्र यादव को मध्य प्रदेश, प्रह्लाद जोशी को राजस्थान, ओम प्रकाश माथुर को छत्तीसगढ़ व प्रकाश जावड़ेकर को तेलंगाना की जिम्मेदारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भाजपा** ने चुनावी तैयारी को धार देते हुए शुक्रवार को राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और तेलंगाना के लिए केंद्रीय प्रभारियों व सह-प्रभारियों की घोषणा कर दी। इन चारों राज्यों में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होंगे। पार्टी से मिली जानकारी के अनुसार केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को मध्य प्रदेश, केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी को राजस्थान, वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश माथुर को छत्तीसगढ़ और पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर को तेलंगाना का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है।

गुजरात के पूर्व उपमुख्यमंत्री नितिन पटेल और हरियाणा के कुलदीप बिश्नोई को राजस्थान का सह-प्रभारी बनाया गया है, जबकि केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया को छत्तीसगढ़ का सह-प्रभारी नियुक्ति किया गया है। पार्टी ने केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव को मध्य प्रदेश और भाजपा महासचिव सुनील बंसल को तेलंगाना के सह-प्रभारी का जिम्मा सौंपा है। तेलंगाना का चुनाव प्रभारी नियुक्त किए जाने के थोड़ी ही देर बाद जावड़ेकर ने कहा कि तेलंगाना में लोग भाजपा के पक्ष में हैं, जहां राज्य की स्थापना के बाद से लगभग 10 वर्षों से भारत राष्ट्र समिति सत्ता (बीआरएस) में है। उन्होंने कहा कि हम जीतने के लिए चुनाव में जा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली सरकार सभी मोर्चों पर विफल रही है।

जावड़ेकर ने विश्वास जताया कि भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष जी किशन रेड्डी और उनके सह-प्रभारी बंसल के अलावा अन्य पदाधिकारियों सहित संगठन की बहुत ऊर्जावान टीम भाजपा को जीत दिलाएगी। बंसल पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव हैं और उन्हें अपने चुनावी कौशल के लिए जाना जाता है। उन्हें उत्तर प्रदेश में संगठन में काम करने का अनुभव है। उत्तर प्रदेश में भाजपा की लगातार हो रही जीत में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण मानी जाती है। केंद्रीय मंत्री जोशी को भी संगठन में काम करने का खासा अनुभव है। वह 2022 में उत्तराखंड विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के चुनाव प्रभारी थे। भाजपा ने

(शेष पेज 9)

# भ्रष्ट और नाकाम सरकार चलाने वाले दल आज तिलमिला उठते हैंः मोदी



**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पूर्ववर्ती विपक्ष की सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन दलों ने अतीत में भ्रष्ट और नाकाम सरकारें चलाईं, वे आज लाभार्थियों का नाम सुनकर तिलमिला जाते हैं।

प्रधानमंत्री शुक्रवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में 12,110 करोड़ लागत की 29 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के बाद आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा, जिन दलों ने अतीत में भ्रष्ट और नाकाम सरकारें चलाईं, वे आज लाभार्थियों का नाम सुनकर तिलमिला जाते हैं। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार में लाभार्थी वर्ग सच्चे सामाजिक न्याय और सेक्युलरिज्म का उदाहरण बन गया है। हम पूरी ताकत लगा रहे हैं कि हर योजना के आखिरी लाभार्थी को खोज कर, उस तक पहुंचकर उसे योजना का लाभ पहुंचाए। उन्होंने कहा कि आजादी के इतने साल बाद लोकतंत्र का सही लाभ अब सही मायने में सही लोगों तक पहुंचा है, वरना पहले लोकतंत्र के नाम पर गिने चुने लोगों के हित साधे जाते थे और गरीब की कोई पूछ नहीं थी।

मोदी ने कहा मेरी प्रधानमंत्री आवास योजना और आयुष्मान योजना के लाभार्थियों से बातचीत हुई। पहले की सरकारों से लोगों की सबसे बड़ी शिकायत यह थी कि वो योजनाएं वातानुकूलित कमरों में बैठकर बनाती थीं। प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों की पूर्ववर्ती सरकारों पर तंज कसते हुए कहा, जमीन पर उन योजनाओं का क्या असर हो रहा है, यह तबकी सरकारों को पता ही नहीं चलता था, लेकिन भाजपा सरकार ने लाभार्थियों से बात की, संवाद की, मुलाकात की एक नई परंपरा शुरू की। लाभार्थी को सीधा फायदा मिलने का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि इसका फायदा यह हुआ

(शेष पेज 9)

### वंदे भारत ट्रेन ने मध्यम वर्ग को सुविधाओं और सहूलियतों के लिए नई उड़ान दीः मोदी



**गोरखपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि वंदे भारत ट्रेन ने देश के मध्यम वर्ग को सुविधाओं और सहूलियतों के लिए नई उड़ान दी है। आज देश के कोने कोने के नेता पत्र लिखते हैं कि हमारे क्षेत्र से भी वंदे भारत ट्रेन चलाइए। प्रधानमंत्री ने गोरखपुर रेलवे स्टेशन से गोरखपुर-लखनऊ वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि यह ट्रेन अयोध्या से होकर गुजरेगी और इससे क्षेत्र में पर्यटन एवं कारोबार

(शेष पेज 9)

### गीता प्रेस सिर्फ एक संस्था नहीं बल्कि जीवंत आस्था हैः पीएम



**गोरखपुर।** गीता प्रेस को भारत की एकजुटता को सशक्त करने वाला तथा एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना का प्रतिनिधित्व करने वाला बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि गीता प्रेस विश्व का ऐसा एकलौता प्रिंटिंग प्रेस है, जो सिर्फ एक संस्था नहीं बल्कि एक जीवंत आस्था है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार का उनका गोरखपुर का दौरा विकास भी-विरासत भी की नीति का अद्‌भुत उदाहरण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गीता प्रेस के शताब्दी समारोह के समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, गीता प्रेस अलग-अलग भाषाओं में भारत के मूल चिंतन को जन-जन

(शेष पेज 9)

# पहलवान यौन उत्पीड़न मामले में 18 को पेश होंगे बृजभूषण

● अदालत ने कहा- आरोपी डब्ल्यूएफआई के निवर्तमान अध्यक्ष के खिलाफ केस आगे बढ़ाने के लिए पर्याप्त सबूत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** की एक अदालत ने महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न के मामले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद एवं भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह को 18 जुलाई को तलब किया है। अदालत ने कहा कि आरोपी के खिलाफ मामले को आगे बढ़ाने के लिए पर्याप्त सबूत हैं।

आरोपपत्र पर संज्ञान लेते हुए अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) हरजीत सिंह जसपाल ने बृजभूषण को 18 जुलाई को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया है। अदालत ने भारतीय कुश्ती महासंघ के निलंबित सहायक सचिव विनोद तोमर को भी तलब किया। न्यायाधीश ने कहा कि पुलिस रिपोर्ट और दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 164 के तहत दर्ज किए गए पीड़ितों के बयानों को देखने से पता चलता है कि आरोप विशिष्ट प्रकृति के हैं और इनसे भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के प्रावधानों के तहत अपराध का संदेह होता है। अभियोजन पक्ष के गवाहों की सूची दाखिल कर दी गई है। न्यायाधीश ने कहा कि दलीलें सुनने और पुलिस रिपोर्ट, उसके साथ संलग्न दस्तावेजों पर ध्यानपूर्वक विचार करने के बाद यह अदालत आईपीसी की धाराओं के तहत दर्ज अपराधों का संज्ञान लेती है।

इन दस्तावेजों में पीड़ितों, अन्य गवाहों और अन्य मौखिक तथा दस्तावेजी साक्ष्य आदि शामिल हैं। कोर्ट ने कनॉट प्लेस थाने के प्रभारी को दोनों आरोपियों के खिलाफ समन को तामील कराने का निर्देश दिया। दिल्ली पुलिस

(शेष पेज 9)

# सिसोदिया, उनकी पत्नी व अन्य की 52 करोड़ की संपत्ति कुर्क



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, उनकी पत्नी एवं कुछ अन्य आरोपियों की 52 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति कुर्क की है। धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत (7.29 करोड़ रुपए मूल्य की) अन्य अचल संपत्तियों को कुर्क करने के लिए एक अस्थाई आदेश जारी किया गया है, जिसमें मनीष सिसोदिया और उनकी पत्नी सीमा सिसोदिया की दो संपत्तियां, एक अन्य आरोपी राजेश जोशी (चैरियट प्रोडक्शंस मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक) की जमीन/फ्लैट और गौतम मल्होत्रा की जमीन/फ्लैट शामिल हैं। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि कुर्क की गई संपत्ति में मनीष सिसोदिया की बैंक में जमा 11.49 लाख रुपए की राशि सहित, ब्रिंडको सेल्स प्राइवेट लिमिटेड (16.45 करोड़ रुपए की राशि) और अन्य सहित 44.29 करोड़ रुपए की चल संपत्ति भी शामिल है। ईडी ने कहा कि कुर्क की गई संपत्ति का कुल मूल्य 52.24 करोड़ रुपए है। दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री सिसोदिया को इस मामले में ईडी ने मार्च में गिरफ्तार किया था और वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। ईडी और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने आरोप लगाया गया है कि 2021-22 के लिए दिल्ली सरकार की आबकारी नीति में कुछ शराब डीलरों का पक्ष लिया गया, जिन्होंने कथित तौर पर इसके लिए रिश्वत दी थी। दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी ने इस आरोप का खंडन किया है। बाद में नीति रद्द कर दी गई और दिल्ली के उपराज्यपाल ने सीबीआई जांच की सिफारिश की, जिसके बाद ईडी ने पीएमएलए के तहत मामला दर्ज किया। ईडी की कार्रवाई पर

(शेष पेज 9)

## क्विक न्यूज

### मणिपुर में झड़प में पुलिस कमांडो समेत चार की मौत

**इंफाल।** मणिपुर में बिष्णुपुर जिले के कांगवई इलाके में बृहस्पतिवार और शुक्रवार की दरमियानी रात को दो समुदायों के बीच झड़प में मणिपुर पुलिस के एक कमांडो और एक किशोर सहित चार लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिस इलाके में दोनों समुदायों के लोग आसपास रहते हैं, वहां स्थिति को बिगड़ने से रोकने के लिए सुरक्षा बलों द्वारा बनाए गए बफर जोन के बावजूद रात के दौरान गोलीबारी हुई।अधिकारियों ने कहा कि कल रात पहाड़ी से भीड़ ने नीचे आकर घाटी के कुछ गांवों को जलाने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि ए भीड़ इलाके के बाहर से इकट्ठा हुई थी और स्थानीय लोगों के वापस जाने के अनुरोध के बावजूद पीछे नही हटी।सुरक्षा बलों ने सुव्यवस्थित तरीके से जवाब दिया और उपद्रवियों को किसी भी घर में आग लगाने से रोका। दोनों पक्षों के कुछ लोगों ने हालांकि कांगवई, सोगडो और अवांग लेखई गांवों के गतिरोध वाले क्षेत्रों से एक-दूसरे पर गोलीबारी की, जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों के तीन लोगों की मौत हो गई।

# बालासोर ट्रेन दुर्घटना मामले में सीबीआई ने तीन रेलकर्मियों को किया गिरफ्तार



फाइल चित्र

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दो जून को ओडिशा के बालासोर में हुई ट्रेन दुर्घटना के सिलसिले में शुक्रवार को तीन रेलकर्मियों को गिरफ्तार किया। इस मामले में यह पहली गिरफ्तारी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एजेंसी ने वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (सिग्नल) अरुण कुमार महंत, अनुभाग अभियंता मोहम्मद आमिर खान और तकनीशियन पप्पू कुमार को गिरफ्तार किया है। ये तीनों आरोपी बालासोर जिले में तैनात हैं। अधिकारियों ने कहा कि तीनों को भारतीय दंड संहिता की धारा 304 (गैर इरादतन हत्या) और धारा 201 (साक्ष्य नष्ट करना) के तहत गिरफ्तार किया गया है। बालासोर ट्रेन दुर्घटना में 293 यात्रियों की मौत हुई थी। इस दुर्घटना में तीन ट्रेन-शालीमार-चेन्नई कोरोमंडल एक्सप्रेस, बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस और एक मालगाड़ी शामिल थी।

# मैकडॉनल्ड्स ने खाने में टमाटर का इस्तेमाल रोका

● कंपनी ने कहा- अच्छी गुणवत्ता के टमाटर उपलब्ध नहीं होने के कारण वह इसका उपयोग नहीं कर रही, बढ़ती कीमतें मुद्दा नहीं

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**फास्टफूड** शृंखला मैकडॉनल्ड्स ने टमाटर की आसमान छूती कीमतों के बीच देश के उत्तरी एवं पूर्वी क्षेत्रों के अपने अधिकांश रेस्तरां में खाने के सामान में टमाटर का इस्तेमाल बंद कर दिया है। कुछ जगहों पर टमाटर के दाम 150 रुपए प्रति किलो से भी ऊपर हो गए हैं।

हालांकि कंपनी ने कहा है कि अच्छी गुणवत्ता के टमाटर उपलब्ध नहीं होने के कारण वह खाने के सामान में इसका उपयोग नहीं कर रही है। मैकडॉनल्ड्स इंडिया (नॉर्थ एंड ईस्ट) ने कहा कि वह फिलहाल टमाटरों पर रोक लगाने के लिए मजबूर है और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाकर इस मुद्दे को हल करने का प्रयास कर रही है। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा कि कुछ क्षेत्रों में मौसमी फसल संबंधी समस्याओं के कारण, हमारे गुणवत्ता निर्देशों के अनुरूप सब्जियां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं हैं। अपने ग्राहकों को बेहतरीन गुणवत्ता के उत्पाद देने की अपनी पहचान के अनुरूप हम फिलहाल टमाटर पर रोक लगाने के लिए मजबूर हैं। बर्गर जैसे कुछ लोकप्रिय उत्पादों में टमाटर की कमी को लेकर सोशल मीडिया पर भी चर्चाएं का दौर जारी है। सोशल मीडिया उपयोगकर्ता बिना टमाटर वाले बर्गर की तस्वीरें साझा कर रहे हैं।

कुछ लोगों ने मैकडॉनल्ड्स रेस्तरां पर लगाए गए नोटिस को भी साझा किया जिसमें ग्राहकों को टमाटर की अस्थाई अनुपलब्धता के बारे में सूचित किया गया है। मैकडॉनल्ड्स के प्रवक्ता ने ग्राहकों को आश्वासन देते हुए कहा, हम यह बात दोहरा रहे हैं कि ऐसा कीमतों में उछाल के कारण नहीं हुआ है। यह हमारे गुणवत्ता मानकों के अनुरूप टमाटर नहीं मिलने के कारण हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि पंजाब-चंडीगढ़ क्षेत्र के रेस्तरां में टमाटर से बनने वाले खाद्य पदार्थ ग्राहकों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इन क्षेत्रों में खाने के सामान में टमाटर पर्याप्त मात्रा

(शेष पेज 9)

# कांवड़ मार्ग पर लगे बैरिकेड तोड़ रहे लोग

## दिल्ली-मेरठ मार्ग की क्षतिग्रस्त सड़क को दुरुस्त करने में जुटे सैकड़ों कर्मचारी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



दिल्ली-मेरठ मार्ग में खुले कट्स को वाहनों के आवागमन को बंद करने के लिए सीमेंट के डिवाइडर लगाकर बंद कर दिया गया है लेकिन दोपहिया वाहन चालकों ने डिवाइडरों के बीच में से जगह बनाकर वहां से वाहन निकाल रहे हैं। इसकी वजह से कभी भी बड़ी मुश्किल खड़ी हो सकती है।

कांवड़ मार्ग को पूरी तरह से दुरुस्त करने के लिए विभागीय कर्मचारी युद्धस्तर पर काम में जुटे हैं। सैकड़ों कर्मचारी मेरठ मार्ग में सफाई व्यवस्था से लेकर अन्य कार्य में लगे हुए हैं। बरसात के बाद दिल्ली-मेरठ मार्ग की क्षतिग्रस्त सड़क को सही करने का काम शुरू कर दिया है। बारिश के कारण कांवड़ मार्ग पर जहां जगह-जगह पानी भर गया है तो वहीं सड़क टूट भी गई है। इसके अलावा रोड पर कूड़े के ढेर, मिट्टी व झाड़फूस को भी हटाने का काम किया जा रहा है। जेसीबी लगाकर मिट्टी के ढेर हटाए जा रहे हैं तो वहीं सड़क के किनारों को समतल किया जा रहा है। सड़क किनारे जहां-जहां नाले खुले हैं वहां बेरिकेट्स लगाकर टेंट की सहायता से उन्हें कवर करने का काम भी किया जाएगा। हालांकि अभी दिल्ली-मेरठ रोड पर कांवड़ियों की संख्या अधिक नहीं है। लेकिन एक दो दिन में कांवड़ियों की संख्या मार्ग में बढ़नी शुरू हो जाएगी। ऐसे में सड़क को दुरूस्त करने का काम तेजी से किया जा रहा है। इसके अलावा विभिन्न संस्थाओं द्वारा शिविर लगाने की तैयारी भी की जा रही है।

## दूधेश्वरनाथ मंदिर में तैयारियां शुरू

गाजियाबाद। कांवड़ यात्रा को लेकर जस्सीपुरा मोड स्थित दूधेश्वरनाथ मंदिर में तैयारियां शुरू हो गई हैं। मंदिर में तीन दिवसीय श्रावण मेला भी चलेगा जिस दौरान कांवड़िया त्रयोदशी, हाजिरी और चतुर्दशी का जलाभिषेक करेंगे। कांवड मेले के दौरान मंदिर रोड पर विजयनगर से आने वाले वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा।

### महापौर ने तैयारी पर ली निगम अफसरों की बैठक

**गाजियाबाद।** कांवड़ की सुरक्षा को लेकर महापौर सुनीता दयाल ने अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में महापौर सुनीता दयाल के अलावा नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़, जीएम आनंद त्रिपाठी, हेल्थ अफसर डॉ मिथिलेश, चीफइंजीनियर एनके चौधरी, उद्यान प्रभारी डॉ अनुज सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

### 55 बसों से शिवभक्त जल लेने गए हरिद्वार

**गाजियाबाद।** रोडवेज के पुराने बस अड्डे से हरिद्वार के लिए कांवड़ियों की संख्या तेजी के साथ बढ़ रही है। इसी के चलते ही गुरुवार रात दस बजे से लेकर 55 गाड़ियों में बैठकर कावंडियां हरिद्वार के लिए रवाना हुए है। रोडवेज का कहना है कि कांवडियों की नाइट में अधिक भीड़ होती है।

# नोएडा प्राधिकरण के खाते से 3 करोड़ 80 लाख निकालने के मामले में एक गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

- खुद को अफसर बताकर 15 खातों में डलवाई थी रकम



नोएडा प्राधिकरण के फर्जी अकाउंटेंट ऑफिसर बनकर 3 करोड 80 लाख रुपए निकालने के मामले में पुलिस ने आज दोपहर बाद एक आरोपी अब्दुल खादर निवासी पांडुचेरी तमिल नाडु को गिरफ्तार किया है। इससे मिली जानकारी के आधार पर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, लखनऊ, गुजरात, पांडेचेरी, कोलकाता सहित कई जगहों पर पुलिस की टीमें दबिश दे रही है।

पुलिस अधिकारियों ने दावा किया है कि गिरफ्तार आरोपी अभी घटना की पहली कड़ी है। पुलिस अधिकारी बैंक के अधिकारियों और नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों से भी पूछताछ कर रहे हैं। पुलिस उपायुक्त जोन प्रथम हरिश चंदर ने बताया कि नोएडा प्राधिकरण ने 23 जून को बैंक ऑफ इंडिया के सेक्टर-62 ब्रांच में 200 करोड़ रुपए एफडी करवाने के लिए जमा कराए थे। प्राधिकरण ने सभी कागजात बैंक को सौंप दिए थे, लेकिन बैंक की तरफ से एफडी नहीं दी गई। इस दौरान अब्दुल खादर ने खुद को नोएडा प्राधिकरण का अकाउंट अफसर बताकर बैंक से 3,80,00000 रुपए तीन अलग-अलग अकाउंट में ट्रांसफर करवा लिए, जहां से रकम गुजरात प्रांत के 15 अलग-अलग खातों में ट्रांसफ र की गई। आरोपी दोबारा 9 करोड़ रुपए ट्रांसफर करवाना चाह रहा था। इसी बीच बैंक की एक महिला अधिकारी को शक हो गया। उन्होंने इसे चेक किया तो जालसाजी की बात सामने आई। बताया जाता है कि 9 करोड रुपया ट्रांसफर कर दिए गए थे, लेकिन महिला अधिकारी ने इस मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए रकम को होल्ड कर लिया।

उन्होंने बताया कि घटना की जांच कर रही पुलिस टीम ने आज दोपहर बाद अब्दुल खादर निवासी पांडुचेरी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से कुछ दस्तावेज बरामद हुए हैं। उससे गहनता से पूछताछ की जा रही है। पुलिस को यह भी शक है कि इस गैंग का सरगना बैंक या नोएडा प्राधिकरण का कोई अधिकारी भी हो सकता है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि अब्दुल को कैसे पता चला कि नोएडा प्राधिकरण ने बैंक में 200 करोड़ रुपए एफडी के लिए जमा कराया है।


सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank

पंजी. कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, लैंडमार्क, रेस कोर्स सर्किल, वडोदरा-390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (ई), मुम्बई-400051

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन निम्नवर्णित तिथि को एक सूचना उनके द्वारा बैंक को उपलब्ध कराए गए, उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, तथा कि उसके अतिरिक्त, यहां नीचे वर्णित उक्त कर्जदारों की सूचना के प्रयोजनार्थ, उक्त कर्जदारों को इस सार्वजनिक सूचना द्वारा सूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रवर्तित की जाने वाली प्रत्याभूत आस्ति का वर्णन | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | LADEL00040677976/आरती चेत्री/178एम द्वितीय तल, फ्लैट ओटी 3 वार्ड नंबर 2, बाल्मीकि मोहल्ला, दिल्ली-110030 | विटरा ब्रेजा/जैडडीआई/डीएल3सीसीआर5343 | 23-May-23 Rs.5,42,454.78/- | 11-Mar-2021 |
| 2. | LADEL00038568016/अभिमन्यु कुमार/सिद्धांत कुमार/ए 8 8 सेक्टर-17, रोहिणी सेक्टर-7, दिल्ली दिल्ली-110085 | मराजो/एम 8/डीएल8सीएएक्स3706 | 27-Apr-23 Rs.4,38,080/- | 11-Aug-2022 |
| 3. | LAFDB00042142066/अभिषेक विजान/एच नंबर 230, अशोक एन्क्लेव पार्ट 1, फरीदाबाद, फरीदाबाद-121003 | बलेनो/सिग्मा 1.2/एचआर51सीबी9089 | 23-May-23 Rs.2,83,456/- | 03-Dec-2022 |
| 4. | LADEL00042202823/अजीत सिंह/बी2/401, 402, प्रथम तल, जे जे कालोनी, रघुबीर नगर, दिल्ली-110027 | आई 20/ऐस्टा ओ वीटीवीटी/डीएल1सीएडी1309 | 23-May-23 Rs.3,75,908/- | 08-Nov-2022 |
| 5. | LADEL00041810966/अमन त्रिपाठी/उमेश त्रिपाठी/एस-68, ओखला फेज-2, दिल्ली, दिल्ली-110020 | बलेनो/सिग्मा 1.2/डीएल5सीआर6873 | 27-Apr-23 Rs.3,32,588/- | 02-Jan-2021 |
| 6. | LAGUR00042474437/अनिल/एच. नंबर 119, ग्राम फकरपुर, मोकालवास ग्राम, मोकालवास गुरूग्राम, गुरूग्राम-122413 | ईको/5 एसटीआर मय ए/सी+एचटीआर सीएनजी/एचआर26ईएल9141 | 27-Apr-23 Rs. 2,18,802/- | 05-Nov-2022 |
| 7. | PGHZ00037608922/अनूप चौहान/ए-1802, अपेक्स अकासिया वैली, सेक्टर-3, वैशाली यानी साहिबाबाद, गाजियाबाद-201010 | अमेज/एसएमटी/एचआर03एए7666 | 27-Apr-23 Rs. 1,47,180/- | 31-Jan-2021 |
| 8. | LGHZ00035895809/अनूप चौहान/ए-1802, अपेक्स अकासिया वैली, सेक्टर-3, वैशाली यानी साहिबाबाद, गाजियाबाद-201010 | अमेज/एसएमटी/यूपी14डीएफ8882 | 27-Apr-23 Rs. 4,50,567.5/- | 31-Jan-2021 |
| 9. | LAGUR00040770505/अनूप कुमार शुक्ला/एच नंबर 220, ग्राम इस्लामपुर, गुरूग्राम, गुरूग्राम-122001 | ऑल्टो के 10/एलएक्सआई सीएनजी/एचआर26ईबी9984 | 27-Apr-23 Rs.2,71,695/- | 11-Aug-2022 |
| 10. | LANOD00043502536/अर्जुन सिंह/ए 405, मैक्सब्लिस व्हाइट हाउस, प्लॉट 17, सेक्टर-75, नोएडा, नोएडा-201301 | स्विट/वीएक्सआई/यूपी16सीडब्ल्यू0712 | 23-May-23 Rs.4,37,816/- | 10-Oct-2022 |
| 11. | LANOD00041821914/अरूद्रेय थपलियाल/एच नंबर 217, जलवायु टावर, सेक्टर-47, ब्लॉक ई, जलवायु टावर, सेक्टर-47, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा-201301 | ट्राइबर/आरएक्सएल/यूपी16सीपी7246 | 27-Apr-23 Rs. 6,74,371.9/- | 27-Sep-2021 |
| 12. | LAFDB00042270174/आशा शर्मा/एच नंबर 1/194, सूर्य विहार फेज-3, फरीदाबाद, फरीदाबाद-121003 | वैगन आर 10/एलएक्सआई/सीएनजी/एचआर51सीबी1103 | 27-Apr-23 Rs.1,93,994/- | 10-Mar-2022 |
| 13. | LANOD00046444924/बाबू लाल/जीटा 1808, टावर के, एवीजे हाइट्स, गौतमबुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा, नोएडा-201301 | नेक्सन/ईवी एक्सजैड प्लस एलयूएक्स/डीएल7जीडी0739 | 27-Apr-23 Rs. 15,78,611/- | 31-Dec-2022 |
| 14. | LADEL00039448511/बलवीर सिंह/एच नंबर सी-325, गली नंबर हर्ष विहार, हरि नगर एक्सटेंशन पार्ट-3, जैतपुर, दिल्ली, दिल्ली-110044 | बलेरो/पावर प्लस जैडएलएक्स/डीएल1सीएबी5573 | 23-May-23 Rs. 3,84,015/- | 03-May-2021 |
| 15. | LADEL0003910743/चेतन चौहान/एच नंबर 32, प्रथम तल, बंकौली, बंकौली, दिल्ली-110036 | वेर्ना/1.6 वीटीवीटी एसएक्स एटी/डीएल3सीसीआर5151 | 27-Apr-23 Rs.2,69,373/- | 30-Jun-2020 |
| 16. | LAGUR00039592317/छत्र सिंह/एच. नंबर 64, यूजीएफ-2 बालाजी एन्क्लेव, गोविंदपुरम, गाजियाबाद, गाजियाबाद-201013 | वैगन आर 1. 0/एलएक्सआई/एचआर26डीजैड2926 | 27-Apr-23 Rs. 2,96,689/- | 05-Jun-2022 |
| 17. | LADEL00040927711/चिराग सेठी/डी 143, प्रथम तल, सेक्टर-1, अवंतिका, रोहिणी दिल्ली-110085 | आई 20/ वीटीवीटी स्पोर्ट्स/डीएल8सीएवाई8429 | 27-Apr-23 Rs.3,49,406/- | 08-Jan-2022 |
| 18. | LADEL00042907214/दया राम/मकान नंबर 256, ई-ब्लॉक, ई-पोल नंबर 79, फेज-1, गोयला डेरी कुतुब विहार, दिल्ली-110071 | वेन्यू/एस/डीएल9सीएवी4034 | 23-May-23 Rs. 4,14,435/- | 08-Oct-2022 |
| 19. | LAXBA00043890124/दीपक कुमार/वीपीओ खरमान, बहादुरगढ़, हरियाणा, झज्जर, बहादुरगढ़-124507 | एक्सएमए/एक्सएमए/एचआर13एस1209 | 23-May-23 Rs.6,93,506/- | 07-Mar-2022 |
| 20. | LADEL00037346918/धीरेन्द्र सिंह/1/3153, गली नंबर 1, राम नगर एक्सटेंशन, मंडोली रोड, शाहदरा, दिल्ली, दिल्ली-110032 | होंडा सिटी /वीसीवीटी/डीएल1सीजैड4505 | 27-Apr-23 Rs. 3,38,718/- | 08-Mar-2022 |
| 21. | LADEL00038580584/डिम्पी वत्स/देवदत्त/एच नंबर 3, निठारी ग्राम, नई दिल्ली, दिल्ली-110086 | इग्निस/जेटा/डीएल8सीएएक्स4544 | 23-May-23 Rs.2,12,417/- | 27-Jan-2021 |
| 22. | LADEL00043067918/दुर्गा प्रसाद सत्पथी/एचसी-293, पुराना नंबर सी-115, द्वितीय तल, प्लॉट नंबर 1/108, गली नंबर 9 सी ब्लॉक, वेस्ट विनोद नगर, दिल्ली-110092 | वैगन आर 1. 0/एलएक्सआई/सीएनजी/डीएल7सीआर9992 | 23-May-23 Rs. 4,01,325/- | 09-Jan-2023 |
| 23. | LAGUR00042738863/फोरेस्टो एंटरप्राइजेज प्रा. लि./जितेन्द्र शर्मा/भू तल, यूनिट नंबर 17, द्वितीय ट्रेड सेंटर, सेक्टर-47, सोहना रोड, गुरूग्राम-122018 | बलेनो/जेटा 1.2/एचआर988480 | 27-Apr-23 Rs. 4,36,518/- | 03-Nov-2022 |
| 24. | LADEL00042757196/ग्रेट गोपाल मोटर्स ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल/रमा बजाज/लैट नंबर 175 जी/एफ, गली नंबर 10, वासुदेव नगर, अंधा मुगल, दिल्ली-110007 | वैगन आर 1. 0/एलएक्सआई/सीएनजी/डीएल8सीबीबी0224 | 23-May-23 Rs. 3,48,529/- | 09-Dec-2022 |
| 25. | LADEL00044874946/हरि दास नायर/बी-43, दिलशाद कालोनी, झिलमिल, दिल्ली-110095 | औरा/एस एमटी सीआरडीआई/डीएल5सीटी4294 | 23-May-23 Rs.6,85,756/- | 05-Nov-2022 |
| 26. | LAGUR00043581111/जटा शंकर/ग्राम चांडला, डूंगर वास, पंचगांव, गुरूग्राम-122001 | वैगन आर 1.0/एलएक्सआई/सीएनजी (ओ)/एचआर26ईपी1524 | 27-Apr-23 Rs.3,60,845/- | 10-Nov-2022 |
| 27. | LANOD00043262877/जितेन्द्र कुमार/ग्राम शरफाबाद, सेक्टर-73, नोएडा, नोएडा-201301 | स्विट/ वीएक्सआई/यूपी16सीवी2493 | 27-Apr-23 Rs.4,63,666/- | 08-Jul-2021 |
| 28. | LAGUR00041527208/कमलेश तिवारी/108, भू तल, ग्राम बसई, गुरूग्राम, हरियाणा, गुरूग्राम-122001 | सेलेरियो/वीएक्सआई/एचआर26ईजी6491 | 27-Apr-23 Rs.4,42,035.4/- | 31-Jan-2021 |
| 29. | LADEL00040914981/कनिका चौधरी/40 ब्लॉक-एबी, शालीमार बाग, दिल्ली, दिल्ली-110088 | ईकोस्पोर्ट/1.5 टाइटेनियम प्लस डी/डीएल12सीआर5105 | 27-Apr-23 Rs. 6,61,712/- | 05-Nov-2021 |
| 30. | LADEL00042793133/कविता चौहान/ए-689, नया शिव मंदिर, सरिता विहार, आली ग्राम, दिल्ली-110076 | नेक्सन/एक्सएमए/डीएल3सीसीटी4304 | 23-May-23 Rs.5,32,276/- | 06-0ct-2022 |
| 31. | LAGUR00041847362/कुलदीप सिंह/25 बसई रोड, निकट सेक्टर-10, बसई एन्क्लेव पार्ट 2, बसई 50, गुरूग्राम, गुरूग्राम-122006 | ग्रैंड आई 10/स्पोर्ट्स 1.2 कप्पा वीटीवीटी/एचआर26ईजे9055 | 23-May-23 Rs. 3,66,131/- | 28-Dec-2022 |
| 32. | PGUR00045303372/कुलदीप सिंह/25 बसई रोड, निकट सेक्टर-10, बसई एन्क्लेव पार्ट 2, बसई 50, गुरूग्राम, गुरूग्राम-122006 | ग्रैंड आई 10/स्पोर्ट्स 1.2 कप्पा वीटीवीटी/एचआर26ईजे9055 | 23-May-23 Rs. 2,56,906/- | 28-Dec-2022 |
| 33. | LANOD00040888372/ललित कुमार/1 कासना, ग्रेटर नोएडा, नोएडा, नोएडा-201310 | वेन्यू/एस/यूपी16सीजे9006 | 27-Apr-23 Rs.3,74,370/- | 05-Nov-2021 |
| 34. | LAGHZ00037275760/मोहम्मद कासिम/मुन्ना/मलिक नगर मुराद नगर, जीजैडबी मुराद नगर, गाजियाबाद, गाजियाबाद-201206 | वैगन आर /वीएक्सआई/यूपी14डीपी8718 | 27-Apr-23 Rs. 2,25,996/- | 07-Nov-2022 |
| 35. | LANOD00038641886/नमन शर्मा/राजीव शर्मा/1475, टावर फरेरा, नोएडा, सेक्टर-78, नोएडा-201301 | बलेनो/अल्फा 1.2/यूपी16सीसी5483 | 27-Apr-23 Rs.5,11,584/- | 08-Nov-2020 |
| 36. | LADEL00041012361/नेहा मोदी/16 ए वेस्ट, कृष्णा नगर, नई दिल्ली, अर्जुन नगर, दिल्ली-110051 | ग्रैंड आई 10/स्पोर्ट्स पेट्रोल /डीएल5सीआर0781 | 27-Apr-23 Rs. 3,23,612/- | 31-Dec-2020 |
| 37. | LAGUR00038016847/नितिन कौशिक/बी 150 केन्द्रीय विहार, सेक्टर- 56, गुरूग्राम, गुरूग्राम-122004 | बलेनो/डेल्टा 1.2/एचआर29एएस1559 | 27-Apr-23 Rs.2,71,565/- | 31-Dec-2020 |
| 38. | LADEL00039497952/पूनम सिंह/रप्सुता मैक्समम प्राइवेट लिमिटेड/जी-135, पाकेट-जी, ओखला इंडस्ट्रियल एस्टेट, हरकेश नगर, दिल्ली-110020 | किक्स/एक्सवी/ /डीएल3सीसीटी1279 | 27-Apr-23 Rs. 5,83,613.7/- | 08-Aug-2022 |
| 39. | LADEL00039436306/राघव/रेखा देवी/मकान नंबर डब्ल्यूजैड-48ए, तल एफएफ पृथ्वी पार्क एमबीएस नगर, तिलक नगर, दिल्ली-110018 | स्विट डिजायर/टूअर/डीएल1जैडसी7113 | 27-Apr-23 Rs. 2,65,193/- | 03-Feb-2022 |
| 40. | LAFDB00042265153/राहुल डावरा/संध्या डावरा/3जी-140 एनआईटी फरीदाबाद, एनआईटी फरीदाबाद, फरीदाबाद-121001 | सेल्टोस/एचटीके प्लस 1.5 सीआरडीआई वीजीटी 6एटी/ एचआर51सीबी7792 | 27-Apr-23 Rs. 6,56,853/- | 09-Jan-2023 |
| 41. | SPFDB00044759288/राहुल डावरा/संध्या डावरा/3जी-140 एनआईटी फरीदाबाद, एनआईटी फरीदाबाद, फरीदाबाद-121001 | सेल्टोस/एचटीके प्लस 1.5 सीआरडीआई वीजीटी 6एटी/ एचआर51सीबी7792 | 27-Apr-23 Rs. 2,77,406/- | 09-Jan-2023 |
| 42. | LAFDB00037655407/राकेश सिंह/प्रिंस अग्रवाल/पार्ट 2, विहार पार्ट 2 अगवानपुर अमर नगर, फरीदाबाद, फरीदाबाद-121003 | केयूवी 100/के8 5 एसटीआर पेट्रोल/ एचआर51बीयू7793 | 27-Apr-23 Rs. 2,43,683/- | 05-Feb-2022 |
| 43. | LAGHZ00041117637/रामेन्द्र सिंह/डी-9/11, रेल विहार, गाजियाबाद, इंदिरापुरम, बाजपुर-201301 | मराजो/एम2/यूपी14ईएच2414 | 27-Apr-23 Rs. 5,99,553.99/- | 02-Jun-2021 |
| 44. | LAPLW00042917089/रामकिशन/दराना(117), हसनपुर पलवल, पलवल, पलवल-121107 | वैगन आर 1.0/एलएक्सआई/सीएनजी/एचआर50एच3355 | 27-Apr-23 Rs.3,00,196/- | 09-Aug-2022 |
| 45. | LANOD00043769924/रण विजय यादव/सी-306, प्रथम तल, सेक्टर पी3, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, नोएडा-201310 | बलेनो/डेल्टा 1.2/यूपी16सीडब्ल्यू7811 | 23-May-23 Rs. 3,89,420/- | 20-Dec-2021 |
| 46. | LAGUR00042522342/रंजीत सिंह/मकान नंबर 988, कन्हाई मोड़, सेक्टर-39, गुरूग्राम-122003 | स्विट वीएक्सआई/एचआर980658 | 23-May-23 Rs.4,12,237/- | 10-Oct-2022 |
| 47. | LAGUR00041993877/रवि शंकर/वार्ड नंबर 11, विश्वकर्मा कालोनी, फाजिलपुर रोड, फर्रूखनगर, गुरूग्राम-122506 | जेटा 1.2/जेटा 1.2/एचआर76एफ0473 | 23-May-23 Rs. 3,49,301/- | 09-Aug-2021 |
| 48. | LAGUR00037485438/सजुना राय/24 प्रथम तल, रूम नंबर 25, गुरूग्राम, गुरूग्राम-122002 | स्विट जैडएक्सआई प्लस/एचआर26डीपी9458 | 27-Apr-23 Rs.2,57,589/- | 30-Nov-2020 |
| 49. | LANOD00041470101/संजीत कुमार सिंह/कुमारी प्रियदर्शिनी/एच नंबर 128डी, चतुर्थ तल, सेक्टर-83, उद्योग नगर, नोएडा, नोएडा-201304 | एक्सेंट/1.2 कप्पा प्राइम टी सीएनजी/यूपी14जेटी5375 | 03-May-23 Rs. 2,77,702/- | 13-Feb-2022 |
| 50. | LAGUR00042250658/संतोष देवी/तन्वी यादव/844, बंगला मोहल्ला सार्वजनिक धर्मशाला, डूंडाहेड़ा इंडस्ट्रियल कॉम्प्लेक्स, डूंडाहेड़ा, सेक्टर-20, गुरूग्राम-122016 | आई 20/स्पोर्ट्स 1.2 पेट्रोल/एचआर26ईएल7056 | 23-May-23 Rs. 4,71,326/- | 10-Nov-2022 |
| 51. | LQNOD00038280243/सर्वांगिक इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड/एच-39, सेक्टर डेल्टा-2, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा-201306 | सोइल कॉम्पैक्टर/एचएएमएम 311/ए100238990 | 03-May-23 Rs. 15,93,430.65/- | 21 Jul-2022 |
| 52. | LQNOD00038280244/सर्वांगिक इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड/एच-39, सेक्टर डेल्टा-2, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा-201306 | सोइल कॉम्पैक्टर/एचएएमएम 311/ए100238990 | 03-May-23 Rs. 15,63,323.65/- | 21 Jul-2022 |
| 53. | LQNOD00038280254/सर्वांगिक इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड/एच-39, सेक्टर डेल्टा-2, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा-201306 | केटरपिलर 120के2/मोटर ग्रेडर/100238929 | 03-May-23 Rs. 80,45,658.73/- | 21-Jul-2022 |
| 54. | LQNOD00038280266/सर्वांगिक इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड/एच-39, सेक्टर डेल्टा-2, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा-201306 | सोइल कॉम्पैक्टर/एचएएमएम 311/100238990 | 03-May-23 Rs. 15,93,367.65/- | 21-Jul-2022 |
| 55. | LQNOD00038280268/सर्वांगिक इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड/एच-39, सेक्टर डेल्टा-2, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा-201306 | सोइल कॉम्पैक्टर/एचएएमएम 311/बी100238990 | 03-May-23 Rs. 16,03,500.65/- | 21 Jul-2022 |
| 56. | LQNOD00043486314/सर्वांगिक इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड/एच-39, सेक्टर डेल्टा-2, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा-201306 | ईसीएलजीएस/ईसीएलजीएस/100238929 | 03-May-23 Rs. 36,30,533/- | 21 Jul-2022 |
| 57. | LAGUR00039525690/सतन सिंह/मकान नंबर 27 ग्वाल पहाड़ी, गुरूग्राम, सेक्टर-56, गुरूग्राम, गुरूग्राम-122011 | क्रेटा/1.4 ईएक्स सीआरडीआई/एचआर26ईए1056 | 23-May-23 Rs.3,40,379/- | 09Jan-2021 |
| 58. | LANOD00043384498/सतबीर सिंह/निकट अजब केवाल, सेक्टर-5, ग्राम हरोला, नोएडा, नोएडा-201301 | एलएक्सआई सीएनजी/एलएक्सआई सीएनजी यूपी16सीवी7189 | 23-May-23 Rs.3,35,005/- | 07 Jul-2022 |
| 59. | LADEL00039437196/शैलजा श्रीवास्तव/एच नंबर 128, एच/2, मोहम्मद पुर, दिल्ली, दिल्ली-110066 | वैगन आर 1.0/जैडएक्सआई 1.2 एल/डीएल1सीएबी4184 | 27-Apr-23 Rs.2,23,884/- | 13-Sep-2022 |
| 60. | LANOD00039218071/शंकर शर्मा/फ्लैट नंबर 141, भू तल, टावर 10 एरोकॉन गोल्फ विले, क्रॉसिंग रिपब्लिक गैलेरिया मार्किट, गाजियाबाद-201016 | एक्सयूवी500/डब्ल्यू 11 एटी ओपीटी/यूपी14ईए4004 | 27-Apr-23 Rs. 7,44,554/- | 30-Aug-2022 |
| 61. | LAFDB00045978822/शेर मोहम्मद/रनियाला खुर्द, 277, पलवल, फरीदाबाद, फरीदाबाद-121103 | आई-20/ऐस्टा ओ वीटीवीटी/ एचआर52एच6245 | 27-Apr-23 Rs.8,15,372/- | 12-Sep-2022 |
| 62. | LADEL00039405826/शिवराज चौधरी/61, न्यू मंगला पुरी, एम जी रोड, साउथ दिल्ली, मेहरौली, सुल्तान पुर, दिल्ली-110030 | स्कॉर्पियो/एस 9/डीएल12सीआर0453 | 27-Apr-23 Rs. 8,59,520/- | 31 Jan-2021 |
| 63. | LADEL00037826253/श्री राम मल्ला/2323/2, शादी खाम पुर, पटेल नगर, दिल्ली-110008 | आई-20/ऐस्टा 1.4 सीआरडीआई/डीएल4सीएवाई3619 | 23-May-23 Rs.3,48,186/- | 11-Oct-2022 |
| 64. | SPDEL00037826253/श्री राम मल्ला/2323/2, शादी खाम पुर, पटेल नगर, दिल्ली-110008 | आई-20/ऐस्टा 1.4 सीआरडीआई/डीएल4सीएवाई3619 | 23-May-23 Rs.2,45,095/- | 11-Oct-2022 |
| 65. | LVFDB00042995356/सन्माया कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड/सतबीर सिंह कॉन्टैक्टर/भू तल, 545, जी ब्लॉक, पर्वतीय कालोनी, फरीदाबाद एचआर, फरीदाबाद-121005 | सिग्ना 1923 के/एफबीटी बीएस6/एनएल02क्यू9119 | 22-May-23 Rs. 20,74,039/- | 02-Sep-2022 |
| 66. | LVFDB00042995476/सन्माया कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड/सतबीर सिंह कॉन्टैक्टर/भू तल, 545, जी ब्लॉक, पर्वतीय कालोनी, फरीदाबाद एचआर, फरीदाबाद-121005 | सिग्ना 1923 के/एफबीटी बीएस6/एनएल02क्यू9120 | 22-May-23 Rs. 21,50,087/- | 02-Sep-2022 |
| 67. | LVFDB00042995437/सन्माया कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड/सतबीर सिंह कॉन्टैक्टर/भू तल, 545, जी ब्लॉक, पर्वतीय कालोनी, फरीदाबाद एचआर, फरीदाबाद-121005 | सिग्ना 1923 के/एफबीटी बीएस6/एनएल02क्यू9121 | 22-May-23 Rs. 21,50,088/- | 02-Sep-2022 |
| 68. | LVFDB00042995404/सन्माया कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड/सतबीर सिंह कॉन्टैक्टर/भू तल, 545, जी ब्लॉक, पर्वतीय कालोनी, फरीदाबाद एचआर, फरीदाबाद-121005 | सिग्ना 1923 के/एफबीटी बीएस6/एनएल02क्यू9122 | 22-May-23 Rs. 21,92,957/- | 02-Sep-2022 |
| 69. | LVFDB00042995513/सन्माया कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड/सतबीर सिंह कॉन्टैक्टर/भू तल, 545, जी ब्लॉक, पर्वतीय कालोनी, फरीदाबाद एचआर, फरीदाबाद-121005 | सिग्ना 1923 के/एफबीटी बीएस6/एनएल02क्यू9313 | 22-May-23 Rs. 21,50,088/- | 02-Sep-2022 |
| 70. | LVFDB00042995508/सन्माया कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड/सतबीर सिंह कॉन्टैक्टर/भू तल, 545, जी ब्लॉक, पर्वतीय कालोनी, फरीदाबाद एचआर, फरीदाबाद-121005 | सिग्ना 1923 के/एफबीटी बीएस6/एनएल02क्यू9314 | 22-May-23 Rs. 21,50,087/- | 02-Sep-2022 |
| 71. | LAGNO00041555056/सईद मशकूर हुसैन/बी-306, प्रोव्यू टेक्नो सिटी अपार्टमेंट, चाई-5, ग्रेटर नोएडा, नोएडा-201310 | वेन्यू/एसएक्स (ओ)/डीएल7सीआर5567 | 23-May-23 Rs. 4,69,724/- | 16-Dec-2022 |
| 72. | LAGUR00044851380/तस्लीम/फतेह मोहम्मद/17, गुरूग्राम, चेल्हल्का, गुरूग्राम-122105 | हेक्टर/शार्प-पेट्रोल/एचआर72एफ7045 | 27-Apr-23 Rs.15,30,049/ | 27-Aug-2022 |
| 73. | LAGUR00046136276/उज्मा जाकिर सिद्दीकी/औरानिया अपा. सी 802, गोल्फ कोर्स रोड आइबिस, होटल सेक्टर-53, वजीराबाद 75, गुरूग्राम-122003 | अर्बन क्रूजर/प्रीमियम एटी/एचआर98बी2406आरई | 23-May-23 Rs. 12,03,705/- | 04Jan-2023 |
| 74. | LAFDB00038336127/वर्षा/यशपाल/164, धुमासपुर ग्राम-अनंगपुर, अमर नगर, फरीदाबाद, फरीदाबाद-121103 | फॉर्च्यूनर/4x2 एटी/एचआर26डीजैड9426 | 23-May-23 Rs. 5,25,722/- | 03Jan-2023 |
| 75. | LADEL00042310713/वीना/भगवती लॉजिस्टिक्स/मकान नंबर ई-439, कुतुब विहार, पार्ट 2, गोयला डेरी, पोस्ट ऑफिस,, दिल्ली-110071 | वेर्ना/1.5 पेट्रोल एसएक्स (ओ)/डीएल9सीएटी8914 | 23-May-23 Rs. 6,31,269/- | 29-Sep-2022 |
| 76. | LADEL00041781493/विजय राय/एच नंबर 18/3, गली नंबर 6, ए 1 ब्लॉक अमृत नगर, बुराड़ी, दिल्ली-110084 | स्विट एलएक्सआई/डीएल5सीआर6889 | 27-Apr-23 Rs.3,67,104/- | 06-Nov-2021 |
| 77. | LANOD00038314600/विमल कुमार/फ्लैट नंबर 908, टावर-17, निराला एस्टेट, जी बी नगर, ग्रेटर नोएडा, नोएडा-201301 | विटारा ब्रेजा/वीडीआई/यूपी16सीए8488 | 27-Apr-23 Rs. 2,18,190.8/- | 10-Feb-2022 |
| 78. | LAFDB00038207499/विनोद कुमार/ऋषि पाल/163, धुमासपुर मोहल्ला, एनआईटी फरीदाबाद, हरियाणा, फरीदाबाद-121101 | स्कॉर्पियो/ एस 7/एचआर87सी2727 | 27-Apr-23 Rs. 3,57,743/- | 31-Aug-2020 |
| 79. | LADEL00039124447/विनोद कुमार/बी-1/56, सेवक पार्क, उत्तम नगर, ब्लॉक-बी-1, वेस्ट दिल्ली, नई दिल्ली, दिल्ली-110059 | एक्सयूवी 300/डब्ल्यू8/डीएल10सीएम6145 | 27-Apr-23 Rs. 3,58,784/- | 01-Dec-2022 |
| 80. | PDEL00039124447/विनोद कुमार/बी-1/56, सेवक पार्क, उत्तम नगर, ब्लॉक-बी-1, वेस्ट दिल्ली, नई दिल्ली, दिल्ली-110059 | एक्सयूवी 300/डब्ल्यू8/डीएल10सीएम6145 | 27-Apr-23 Rs. 7,41,270/- | 01-Dec-2022 |
| 81. | LAFDB00039455884/विनोद कुमार/ऋषि पाल/163, धुमासपुर मोहल्ला, एनआईटी फरीदाबाद, हरियाणा, फरीदाबाद-121101 | स्विट/एलएक्सआई/एचआर51बीएक्स3324 | 27-Apr-23 Rs. 2,86,513/- | 31-Aug-2020 |

उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान 13(2) के तहत सूचना जारी करने की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, जिसमें असफल रहने पर 13(2) के तहत सूचना जारी करने की तिथि से 60 दिन के बाद वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 07 जुलाई, 2023
स्थान : दिल्ली एनसीआर

हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी
वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


# गाजियाबाद में 1 करोड़ का गांजा जब्त

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

- उड़ीसा से कैंटर में नमक की बोरियों के नीचे छिपाकर ला रहे थे, दो गिरफ्तार

गाजियाबाद पुलिस की क्राइम ब्रांच ने शुक्रवार को गांजा तस्करी सिंडिकेट से जुड़े दो लोगों को गिरफ्तार किया है। ये सिंडिकेट उड़ीसा से गांजा लाकर दिल्ली. और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सप्लाई करता था।

आरोपियों से 220 किलो गांजा बरामद हुआ है, जो कैंटर में नमक की बोरियों के नीचे छिपाकर लाया जा रहा था। अंतरराष्ट्रीय मार्केट में इसकी कीमत करीब 1.10 करोड़ रुपए आंकी गई है। सच्चिदानंद ने बताया पकड़े गए आरोपी विपिन नविासी विघेपुर हाथरस और प्रदीप निवासी पटौदी हरियाणा हैं। पूछताछ में विपिन ने बताया, मैं पहले ट्रक पर ड्राइवरी करता था। उसमें कुछ ज्यादा फायदा नहीं होता था। फि र मैं अलीगढ़ क्षेत्र में गांजा बेचने वाले कुछ लोगों के संपर्क में आया और धीरे.धीरे उड़ीसा से गांजा लाकर सप्लाई करने लगा। आरोपी विपिन पूर्व में आगरा, फि रोजाबाद से जेल जा चुका है लेकिन हर बार जमानत पर छूटते ही फिर से गांजा तस्करी का धंधा शुरू कर देता है। दूसरे आरोपी प्रदीप ने बताया, मैं पहले राजमिस्त्री का काम करता था। पूरे दिन मेहनत करने के बावजूद 300-400 रुपए मिल पाते थे। फिर विपिन और चौटाला नामक व्यक्ति के संपर्क में आया और गांजा तस्करी शुरू कर दी।

# लॉजिक्स सोसाइटी की लिफ्ट में कुत्ते को लेकर भिड़ीं दो महिलाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में शुक्रवार सुबह कुत्ते को लेकर दो महिलाएं भिड़ गईं। एक महिला कुत्ते को बिना मास्क पहना, लिफ्ट में ले जा रही थी, तभी पति.पत्नी आ जाते हैं और कुत्ते को मास्क पहनाने के लिए उससे अपील करते हैं। मगर, महिला ने मास्क पहनाने से साफ मना कर दिया।

इस पर दूसरी महिला के पति ने कहा कि ये किस तरह की लेडी है। इसके जवाब में महिला ने कहा कि तुम्हारी बीवी से तो अच्छी ही हूं। पूरी घटना सेक्टर-137 में लॉजिक्स ब्लॉसम सोसाइटी की है। घटना का 40 सेकेंड का वीडियो भी सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि एक महिला लिफ्ट में एक कुत्ते के साथ खड़ी है।

कुत्ते के गले में मजल मास्क लगा है। लेकिन, महिला ने उसे मास्क नहीं पहनाया है। लिफ्ट में चढ़ने के लिए एक दूसरी प्रेग्नेंट महिला पति के साथ गेट पर खड़ी है। वह कहती है कि कुत्तों की वजह से सोसाइटी में कितनी समस्या है। आपने टीवी में कुत्तों के काटने का फुटेज देखा!

## खेलते समय छत से गिरी दो साल की बच्ची

**गाजियाबाद।** मुरादनगर की राधेश्याम विहार फेस दो कॉलोनी में सुबह सात बजे के आसपास घर की छत पर खेलते समय दो साल की बच्ची नीचे सड़क पर जा गिरी। सिर के बल सड़क पर गिरने के कारण बच्ची की हालात गंभीर बनी हुई। उसे गाजियाबद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नगर की राधेश्याम विहार फेस दो कॉलोनी निवासी जनित कुमार अपनी पत्नी शालू व दो साल की पुत्री साची के साथ रहते हैं। सुबह सात बजे महिला शालू अपनी दो साल की पुत्री साची को लेकर अपने घर की छत पर पहुंची।

## लोनी में खुलेगा केन्द्रीय विद्यालय

**गाजियाबाद।** सांसद एवं केंद्रीय सडक परिवहन राजमार्ग एवं नागर विमानन राज्यमंत्री वीके सिंह के माध्यम से पूरे संसदीय क्षेत्र और खासकर लोनी विधानसभा क्षेत्र के लोगों को यह बताते हुए बेहद गर्व हो रहा है कि लंबे अरसे से उठ रही केंद्रीय विद्यालय की मांग का अब समाधान होने जा रहा है।

बहुत ही जल्द गाजियाबाद के लोनी विधानसभा क्षेत्र के तहसील लोनी के ग्राम सादुल्लाबाद परगना के खसरा संख्या 312 बंजर भूमि रकबा 2.668 हेक्टेयर में 2.000 खाली रकबा है, उसको केंद्रीय विद्यालय के लिए चयनित किया गया है।

# पाकिस्तानी महिला का सच जानने नेपाल जाएगी पुलिस

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

- आरोपी सचिन और सीमा को जेवर सिविल कोर्ट ने दी जमानत

पाकिस्तानी महिला सीमा गुलाम हैदर अभी पहेली बनी हुई है। वह सिर्फ सचिन के प्यार में पाकिस्तान से नोएडा पहुंची या इसमें कोई लव ट्रैप का एंगल है। हालांकि शुक्रवार को जेवर सिविल कोर्ट की जूनियर डिविजन ने सचिन और सीमा हैदर को जमानत दे दी।

जांच कर रही एजेंसियां अभी तक किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची हैं। सीमा इस बात पर अड़ी है कि वह पबजी से संपर्क में आए सचिन से शादी करने के लिए भारत आई है। सूत्रों के मुताबिक, सीमा ने अब तक जो कुछ बताया है उसकी बातों के लिए सबूत भी दिए हैं। यही बात इंटेलिजेंस एजेंसियों को खटक रही है। एजेंसियां इस कहानी को उतना आसान नहीं मान रही है, जितना यह दिख रही है। हालांकि, दूसरा पहलू यह भी है कि अभी तक जांच एजेंसियों को सीमा के जासूसी एंगल से जुड़े होने के कोई ठोस सबूत भी नहीं मिले हैं। यही कारण है कि पुलिस अब जांच के लिए नोएडा पुलिस नेपाल जाना चाहती है। इसके लिए विदेश मंत्रालय से परमिशन मांगी गई है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# खामियां दूर नहीं हुईं तो सोमवार से हटेंगी सौ ई.बसें

## बसें ठीक करने के लिए मंत्री कैलाश गहलोत ने परिवहन आयुक्त को रविवार तक का दिया समय

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



हाल ही में दिल्ली परिवहन निगम के बेड़े में शामिल इलेक्ट्रिक बसें लगातार खराब हो रही हैं। इसके मद्देनजर मंत्री कैलाश गहलोत ने परिवहन आयुक्त को निर्देश दिया है कि यदि रविवार तक नई शामिल इलेक्ट्रिक बसों की तकनीकी खामियां दूर नहीं की गईं तो उन्हें 10 जुलाई से परिचालन में नहीं लाया जाएगा।

यह निर्देश 30 जून को दिल्ली परिवहन निगम के बेड़े में शामिल की गई इलेक्ट्रिक बसों के खराब होने की बढ़ती घटनाओं के बीच लिया गया है। परिवहन आयुक्त आशीष कुंद्रा को लिखे अपने पत्र में गहलोत ने मीडिया रिपोर्ट का हवाला दिया जिसमें कहा गया है कि तीन में से एक ई-बस रोजाना खराब हो रही है। यह बहुत बड़ी चिंता का विषय है कि जो बसें एक सप्ताह भी पुरानी नहीं हैं, वे लगातार खराब हो रही हैं। दिल्ली सरकार ने हाल ही में टाटा मोटर्स की 100 नई इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शुरू किया है। मंत्री ने परिवहन विभाग के अधिकारियों निर्देश दिया गया है कि इन इलेक्ट्रिक बसों के संचालन की बारीकी से निगरानी की जाए। साथ ही, टाटा को इस सप्ताह के भीतर बसों में खामियों को दूर करने को कहा। परिवहन विभाग को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि यदि खामी दूर नहीं हुई तो ऐसी कोई भी बसें नहीं चलाई जाएंगी। इस निर्देश के बाद, परिवहन आयुक्त कुंद्रा ने टाटा मोटर्स के प्रबंध निदेशक गिरीश वाघ को पत्र लिखकर बताया कि 200 इलेक्ट्रिक बसें, जिन्हें दिल्ली परिवहन निगम द्वारा ग्रैंड चैलेंज प्रोग्राम के तहत पहली खेप में शामिल किया गया है। उनका परिचालन निराशाजनक है। ऑपरेटिंग कंपनी के पास उन्हें सौंपे गए डिपो में ट्रांसफार्मर की स्थापना के लिए सीमित तैयारी थी, यहां तक कि वे इन बसों को जल्द से जल्द शामिल करने के लिए विभाग पर दबाव डाल रहे थे।

वाघ को भेजे गए पत्र में कुंद्रा ने कहा गया है, एक बार जब इंडक्शन शुरू हुआ, तो यह देखा गया कि इन बसों में कुछ तकनीकी, सॉफ्टवेयर समस्याओं के कारण 30 प्रतिशत तक ब्रेक डाउन की घटनाएं हुईं। टाटा मोटर्स की वैश्विक प्रतिष्ठा है और बड़ी आशा और विश्वास के साथ डीटीसी ने 1,500 इलेक्ट्रिक बसों का अनुबंध किया है। कुंद्रा ने गिरीश वाघ से यह भी कहा कि अगर रविवार तक समस्या ठीक नहीं हुई तो बसें बंद कर दी जाएंगी। साथ ही इन बसों की शेडिंग रोकने और अनुबंध के अनुसार लागू जुर्माना लगाने के लिए बाध्य होंगे। इस बीच परिवहन मंत्री ने ट्विटर पर कहा कि दिल्ली सरकार लोगों को सुरक्षित, सुविधाजनक और विश्वसनीय सार्वजनिक परिवहन सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं टाटा मोटर्स के प्रवक्ता ने कहा कि इन बसों में शुरुआती गड़बड़ियों को विशेषज्ञों द्वारा प्राथमिकता के आधार पर ठीक किया जा रहा है। शुरू में परिचालन में रिपोर्ट की गई गड़बड़ियों को मायापुरी डिपो में तैनात तकनीशियनों और विशेषज्ञों की एक विशेषज्ञ टीम द्वारा प्राथमिकता के आधार पर ठीक किया जा रहा है, जहां हमने बेड़े को चार्ज करने, बनाए रखने और संचालित करने के लिए एक अत्याधुनिक मशीनों को लगाया जा रहा है। इस सप्ताह के अंत तक, यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी बसें अनुबंध के अनुरूप बेहतर प्रदर्शन के लिए शेड्यूल के अनुसार उपलब्ध हों।

# मुकरबा चौक होगा पूरी तरह जाम मुक्त

- अंडरपास निर्माण के लिए पीडब्लूडी से मिलेगी 1.2 एकड़ भूमि

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



फाइल फोटो

मुकरबा चौक से हैदरपुर बादली मेट्रो स्टेशन तक जाम का सामना नहीं करना पड़ेगा। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने यहां पर अंडरपास निर्माण के लिए लंबे समय से लंबित सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग की 1.2 एकड़ भूमि को लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित करने की मंजूरी दे दी है।

एलजी द्वारा निगरानी किए जा रहे 77 कॉरिडोर में शामिल यह अंडरपास बाहरी रिग रोड और रिंग रोड के महत्वपूर्ण जंक्शन और दिल्ली को हरियाणा, पंजाब और जम्मू कश्मीर राज्यों से जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात को सुगम बनाएगा और भीड़ कम करेगा।

पीडब्ल्यूडी और सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग के बीच की आपसी लड़ाई की वजह से भूमि हस्तांतरण से संबंधित यह परियोजना काफी समय से लंबित थी। उपराज्यपाल की मंजूरी के बाद अब न सिर्फ क्षेत्र में वाहनों की भीड़ को कम किया जा सकेगा बल्कि इससे इन क्षेत्रों के आस-पास रहने वाले लोगों को भी काफी मदद मिलेगी। इससे पहले सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग ने पीडब्ल्यूडी द्वारा की गई मार्किंग के आधार पर क्षेत्र की नापजोख की थी, जो 4833.75 वर्ग मीटर अर्थात कुल 1.20 एकड़ है।

77 कॉरिडोर की निगरानी के लिए बनी टास्क फोर्स की पिछली बैठक में उपराज्यपाल के निर्देश पर पीडब्ल्यूडी द्वारा सर्विस रोड के लिए लेआउट योजना प्रस्तुत करने के बाद, अप्रैल 2023 में सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग ने साइट पर काम शुरू करने की अनुमति दी थी।

स्थायी आधार पर हस्तांतरित की जाने वाली भूमि की कीमत दिल्ली विकास प्राधिकरण की संशोधित दर के आधार पर वित्तीय वर्ष 2020-22 में गैर-व्यावसायिक उद्देश्य के लिए केंद्र सरकार व दिल्ली सरकार द्वारा नियंत्रित, केंद्र सरकार के विभाग संस्था के बीच संस्थागत भूमि आवंटन हेतु न लाभ न हानि आधार पर 850.26 लाख रुपये है। लोक निर्माण विभाग ने 6 सितंबर 2022 को मुकरबा चौक के पास फ्लाईओवर के प्रवेश बिंदु से अंडरपास तक एप्रोच रोड के निर्माण के लिए भूमि के स्थायी हस्तांतरण का अनुरोध किया था। इसके बाद, पीडब्ल्यूडी ने सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग से एनओसी की प्रतीक्षा करते हुए उक्त स्थान पर काम शुरू कर दिया।

इसके पश्चात सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग ने अधिकारियों के बीच समन्वय और संवाद के माध्यम से मुद्दे को सुलझाने के बजाए पीडब्ल्यूडी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज करा दी।

इस दौरान यह रेखांकित किया गया कि उपराज्यपाल ने विभागों के बीच लगातार आपसी समन्वय पर जोर दिया है और अधिकारियों को तालमेल से काम करने की सलाह दी है। अंडरपास का निर्माण जैक पुशिंग प्री-कास्ट आरसीसी बॉक्स तकनीक से किया जाएगा।

# कांवड़ यात्रा: कश्मीरी गेट शिविर में 10 हजार शिवभक्तों के ठहरने का इंतजाम

- कांवड़ियों की सेवा के लिए जोर-शोर से चल रहीं तैयारियां, आतिशी ने लिया जायजा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



कश्मीरी गेट स्थित कांवड़ शिविर।


केजरीवाल सरकार की राजस्व मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को कश्मीरी गेट स्थित महाराजा अग्रसेन पार्क के कांवड़ शिविर का निरीक्षण किया।

उन्होंने निर्देश दिया कि कांवड़ शिविर में शिवभक्तों की सुविधाओं के लिए सभी सुविधाओं का पुख्ता इंतजाम किया जाए। कश्मीरी गेट पर केजरीवाल सरकार के सबसे बड़ा कांवड़ शिविरों है जहां एक समय में लगभग 10,000 कांवड़ियों के रुकने का इंतजाम किया जा सकता है। भक्तों के लिए प्रसाद ग्रहण करने के लिए एक बड़ा डाइनिंग हॉल भी तैयार किया गया है। आतिशी ने कहा कि पिछले 8 सालों से सावन के पवित्र महीने में केजरीवाल सरकार कांवड़ियों की सुविधाओं के लिए शिविर लगाती है। इस साल भी दिल्ली भर में 200 कांवड़ शिविर लगाए जा रहे है ताकि यहां तमाम सुविधाएं मौजूद रहेंगी। इसमें वाटरप्रूफ टेंट, रहने-सोने की व्यवस्था, साफ पानी, शौचालय सहित अन्य व्यवस्था की जाती है। कांवड़ियों के कांवड़ रखने के लिए विशेष स्टैंड मुहैया करवाए गए है। आतिशी ने कहा कि कांवड़ियों का धन्यवाद करना चाहिए कि हरिद्वार से जल लाकर भोलेनाथ का जो काम हम नहीं कर पाते वो कांवड़िए कर रहे है।

# ओखला में खत्म होगा जल संकट

- जलबोर्ड तैयार कर 6 एमजीडी क्षमता का नया वाटर ट्रीटमेंट प्लांट : भारती

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली जल बोर्ड ने जल आपूर्ति में सुधार करने और 24 घंटे जलापूर्ति का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए अपनी कवायद तेज कर दी है।

डीजेबी के उपाध्यक्ष सोमनाथ भारती ने शुक्रवार को ओखला वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का दौरा किया। इस दौरान प्लांट में पानी को साफ करने और पानी की गुणवत्ता की जांच करने की कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया। भारती ने ओखला में निर्माणाधीन 6 एमजीडी क्षमता के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट को देखा। नए वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में पानी के ट्रीटमेंट के साथ ही अमोनिया का भी ट्रीटमेंट किया जा सकेगा। यह प्लांट यमुना में अमोनिया की मात्रा 10 पीपीएम होने पर भी पानी को शोधित कर पीने योग्य बना सकता है। इससे ओखला में पानी की किल्लत खत्म होगी।

भारती ने कहा कि सीएम केजरीवाल के नेतृत्व में यमुना, गंगा और अन्य स्त्रोतों से मिलने वाले कच्चे पानी को पीने योग्य बनाने के लिए ट्रीटमेंट प्लांट्स में अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। ओखला वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में पानी का उत्पादन बढ़ाने के लिए रिसाइक्लिंग प्लांट बनाने के लिए अधिकारियों को स्टडी कर विस्तृत योजना तैयार करने का निर्देश दिया।

# सुनहरी मस्जिद को गिराने के मामले में कोर्ट ने एनडीएमसी से मांगा जवाब

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उच्च न्यायालय ने दिल्ली वक्फ बोर्ड की उस याचिका पर नई एनडीएमसी और पुलिस को अपना रुख स्पष्ट करने के लिए कहा जिसमें सुनहरी बाग रोड चौराहे पर स्थित 150 साल पुरानी मस्जिद को गिराए जाने की आशंका जताई गई है।

अदालत ने पक्षकारों को संयुक्त रूप से स्थल का निरीक्षण करने के लिए कहा। न्यायमूर्ति प्रतीक जालान ने उस याचिका पर नोटिस जारी किया जिसमें एनडीएमसी को मस्जिद को कोई नुकसान पहुंचाने से रोकने का अनुरोध किया गया है। न्यायाधीश ने कहा कि वैधानिक शर्तों के पूरा होने पर स्वदेशी संपत्तियों को अधिग्रहण से कोई छूट प्राप्त नहीं है। अदालत ने कहा, नोटिस जारी किया गया है। पक्षकारों को निर्देश दिया जाता है कि 12 जुलाई को तीन बजे संयुक्त रूप से निरीक्षण करें और जरूरत पड़ने पर आगे भी निरीक्षण कर सकते हैं।

# तीस हजारी गोलीबारी में दोनों गुटों के नेता पकड़े

- दिल्ली बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष मनीष शर्मा और सचिव अतुल शर्मा को धरा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

तीस हजारी अदालत परिसर में गोलीबारी की घटना में कथित संलिप्तता को लेकर शुक्रवार को वकीलों के दोनों समूहों के नेताओं को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि दिल्ली बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष मनीष शर्मा और एसोसिएशन के सचिव अतुल शर्मा के भाई ललित शर्मा को गिरफ्तार किया गया है। इस घटना के सिलसिले में गिरफ्तार तीन वकीलों को एक स्थानीय अदालत ने बृहस्पतिवार को पुलिस हिरासत में भेज दिया था।

तीस हजारी अदालत परिसर में बुधवार को गोलीबारी की घटना हुई थी और पुलिस ने कहा कि इसमें वकीलों के दो समूह कथित तौर पर शामिल थे।

आरोप है कि दिल्ली बार एसोसिएशन के एक पदाधिकारी ने एसोसिएशन के एक अन्य सदस्य के समर्थकों पर गोलियां चलाईं। सोशल मीडिया पर आए घटना के एक वीडियो में एक व्यक्ति हवा में गोली चलाता दिखता हैं। बृहस्पतिवार को भलस्वा, स्वरूप नगर, हैदरपुर, शालीमार बाग और विकासपुरी में रात भर चले तलाशी अभियान के बाद वकील अमन सिंह, सचिन सांगवान और रवि गुप्ता को पकड़ा गया था।

# यूसीसी: डीएसजीएमसी ने गठित की समिति

- सिखों की प्रथाओं से छेड़छाड़ न हो: कालका

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



समान नागरिक संहिता के मुद्दे पर केंद्र सरकार से बातचीत के लिए दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति ने 11 सदस्यीय समिति का गठन किया है।

समिति यह सुनिश्चित करेगी कि सिखों के अधिकारों और प्रथाओं से छेड़छाड़ न हो। डीएसजीएमसी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा अभी यूसीसी का मसौदा जारी किया जाना बाकी है, इसलिए इस तरह का कोई निष्कर्ष नहीं निकाला जाए कि इसका समर्थन या विरोध किया जाएगा। रकाबगंज गुरुद्वारे में आयोजित सिख समागम के बाद कालका ने मीडिया से बातचीत में कहा कि यूसीसी को लेकर केंद्र सरकार के साथ बातचीत करने के लिए 11 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। कालका ने कहा कि समागम में पूर्व न्यायाधीशों और 13 राज्यों के नौकरशाहों सहित सिख समुदाय के लोगों ने भाग लिया।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन बर्खास्त कर्मियों की बहाली की मांग

**नई दिल्ली।** सैकड़ों की संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को महिला एवं बाल कल्याण विभाग के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। उन्होंने सेवा से बर्खास्त किए गए 884 कर्मचारियों की बहाली की मांग की।

दिल्ली स्टेट आंगनवाड़ी वर्कर्स एंड हेल्पर्स यूनियन के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बर्खास्त किए गए कर्मचारियों को पिछले डेढ़ साल से अपना घर परिवार चलाने के लिए भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शनकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने डब्लूसीडी विभाग के संयुक्त निदेशक से मुलाकात कर उन्हें अपनी समस्याएं बताईं।

# कन्हैया की नियुक्ति पर भाजपा ने कांग्रेस को घेरा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कन्हैया कुमार को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए अपने छात्र संगठन भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन का प्रभारी नियुक्त किया है।

अब इस मुद्दे पर भाजपा ने कांग्रेस को घेरा है। भाजपा नेता आशीष सूद ने कांग्रेस पर इस नियुक्ति के जरिए युवा समुदाय को गुमराह करने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

साथ ही दावा किया कि कुमार का उन लोगों के साथ संबंध रहा है, जिन्होंने भारत की अखंडता के खिलाफ और कश्मीरी अलगाववादियों के समर्थन में नारे लगाए। उन्होंने कश्मीर में भारतीय सेना की कार्रवाई को लेकर उस पर भी आरोप लगाया था।

# आईजीआई पर एलिवेटेड टैक्सीवे और रनवे 13 जुलाई से होंगे चालू

- चार रनवे वाला देश का एकमात्र हवाईअड्डा बन जाएगा आईजीआई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के दोहरे एलिवेटेड ईस्टर्न क्रॉस टैक्सीवे और चौथे रनवे 13 जुलाई से शुरू होगा। इसके साथ ही आईजीआई चार रनवे वाला देश का एकमात्र हवाईअड्डा बन जाएगा।


वर्तमान में, यह तीन-रनवे प्रणाली के साथ संचालित होता है जिसे उत्तरी रनवे और दक्षिणी रनवे के रूप में जाना जाता है, जिसे 27-28 उत्तर और 29 दक्षिण के रूप में नामित किया गया है। ईसीटी के साथ, तीसरे रनवे पर उतरने और टर्मिनल-1 तक जाने के बाद एक विमान को जो दूरी तय करनी पड़ती है, वह अब नौ किलोमीटर से कम होकर दो किलोमीटर हो जाएगी। इससे उड़ान भरने और उतरने से पहले और बाद यात्रियों द्वारा टरमैक पर बिताया जाने वाला समय भी कम हो जाएगा।

जीएमआर समूह के उप प्रबंध निदेशक प्रभाकर राव ने शुक्रवार को कहा कि चौथा रनवे और ईसीटी 13 जुलाई से चालू हो जाएगा। आईजीआईए का संचालन दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डीआईएएल) द्वारा किया जाता है, जो जीएमआर एयरपोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के नेतृत्व वाला एक संघ है। ईसीटी 2.1 किलोमीटर लंबा और लगभग 202 मीटर चौड़ा है। यहां दो टैक्सीवे हैं, एक लैंडिंग के बाद विमानों के उपयोग के लिए और दूसरा विमान के उड़ान भरने से पहले उपयोग करने के लिए।

# धोखाधड़ी में शामिल चार्टर्ड अकाउंटेंट गिरफ्तार

- पिछले 5 वर्षों से था फरार, पुलिस ने घोषित कर रखा था 50 हजार रुपए का इनाम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



अपराध शाखा ने जालसाजी में शामिल चार्टर्ड अकाउंटेंट को रोहिणी इलाके से गिरफ्तार किया है।

आरोपी अनिल कुमार बंसल अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए पिछले 5 वर्षों से पुलिस को चकमा दे रहा था। आर्थिक अपराध शाखा में उसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपये का ईनाम घोषित कर रखा था। विशेष पुलिस आयुक्त रवींद्र सिंह यादव ने बताया कि वर्ष 2018 में अरुण कुमार खत्री ने पुलिस में एक शिकायत दर्ज कराई थी। अपनी शिकायत में खत्री ने आरोप लगाया था कि एसबीएम एक्सपोर्ट लिमिटेड, कनॉट प्लेस के मालिक अनिल कुमार बंसल ने भुगतान किए बिना फर्म के जाली दस्तावेजों पर सामान खरीदा।

इसके अलावा यह भी पता चला कि ऐसे और भी शिकायतकर्ता हैं जिन्हें कथित व्यक्तियों द्वारा उसी तरीके से धोखा दिया गया और 13.72 करोड़ रुपये की ठगी की गई। इस संबंध में आर्थिक अपराध शाखा के केस दर्जकर छानबीन शुरू की। आरोपी अनिल कुमार बंसल की कनॉट प्लेस में श्री बालाजी ओवरसीज के नाम से एक और फर्म थी और उसने पराग पाहवा से 500 एलईडी टीवी खरीदने के नाम पर 6 करोड़ रुपये की ठगी की थी।


## सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अमेरीसेफ इंटरनैशनल, मोहम्मद मुर्शलिन, मधु रानी, मधु रानी, 108, विपुल अगोरा, प्रथम तल, एमजी रोड, गुरूग्राम-122002 खाता नंबर - 661405601087 | आवासीय मकान नंबर 47, ग्रीन स्ट्रीट मालिबु टाउन, ग्राम टीकरी, फतेहपुर उप-तहसील बादशाहपुर, जिला गुरूग्राम, गुरूग्राम-122018 | 16-06-2023 रू. 35,30,001/- | 29-04-2023 |
| 2. | एडरीक मीडिया प्राइवेट लिमिटेड, युवराज अग्रवाल, मानसी अग्रवाल, जय शिव कुमार अग्रवाल, युवराज अग्रवाल, जय शिव कुमार अग्रवाल, नंबर 63, विनायक अपार्टमेंट्स, सी-58/1, एनटीपीसी ऑफीसर एसएएसएल, सेक्टर-62, नोएडा-201301 खाता नंबर - 777705001246 एवं 033155000013 | यूनिट नंबर 63 - प्रथम तल, ब्लॉक बी, प्लॉट नंबर सी-58/1, विनायक अपार्टमेंट्स, एनटीपीसी ऑफीसर एसएएसएल, सेक्टर-62, नोएडा-201301 | 03-11-2022 रू. 75,70,951/- एवं रू. 9,69,573/- | 29-06-2022 |
| 3. | निकेत ग्लोबल ट्रेड एलएलपी, भावना वैद, हेमंत कुमार वैद, रमेश कुमार, रमेश कुमार, 47ए, भू तल, पाकेट-बी, एसएफएस फ्लैट्स, विकासपुरी एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110018 खाता नंबर - 629605017944 | फ्लैट नंबर 47ए, भू तल, पाकेट-बी, एसएफएस फ्लैट्स, बोडेला, विकासपुरी एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110018 | 23-05-2023 रू. 81,32,138/- | 20-03-2023 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 07 जुलाई, 2023 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर (गुरूग्राम, नोएडा) — आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

## सांकेतिक कब्जे की सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वैभव अग्रवाल/सुचिता अग्रवाल/ LBNOD00002090132 | फ्लैट नंबर-324, तीसरी मंजिल, टावर-बी, मनहर गार्डन के पास, हरीश नगर के पास, सिकंदरा-बोदला रोड, आगरा/ 05 जुलाई, 2023 | अगस्त 30, 2021 रु. 36,58,228/- | दिल्ली/ एनसीआर/ और आगरा |
| 2. | दीपक बिछौरिया/ बृजलता अग्रवाल/ LBNOD00002091149 | फ्लैट नंबर-422, चौथी मंजिल, मनहर गार्डन, हरीश नगर के पास, सिकंदरा-बोदला रोड, आगरा/ 05 जुलाई, 2023 | अगस्त 30, 2021 रु. 35,00,913/- | दिल्ली/ एनसीआर/ और आगरा |
| 3. | संदीप कुमार डोगरा/ सपना डोगरा/ LBDEL00002198762 | फ्लैट नंबर 340, तीसरी मंजिल, मनहर गार्डन, हरीश नगर के पास, सिकंदरा-बोदला रोड, उत्तर प्रदेश, आगरा/ 05 जुलाई, 2023 | अगस्त 30, 2021 रु. 32,27,052/- | दिल्ली/ एनसीआर/ और आगरा |
| 4. | ध्रुव कुमार ताम्रकार/ पन्ना लाल ताम्रकार/ LBGUR00002146617 | फ्लैट नंबर 223, दूसरी मंजिल, मनहर गार्डन, हरीश नगर के पास, सिकंदरा-बोदला रोड, आगरा/ 05 जुलाई, 2023 | अगस्त 30, 2021 रु. 30,04,194/- | दिल्ली/ एनसीआर/ और आगरा |
| 5. | मुरारी कुमार सिंह/साक्षी सिंह/ LBDEL00002069824 | फ्लैट नंबर-420, चौथी मंजिल, मनहर गार्डन, हरीश नगर के पास, सिकंदरा-बोदला रोड, आगरा/ 05 जुलाई, 2023 | अगस्त 30, 2021 रु. 29,07,645/- | दिल्ली/ एनसीआर/ और आगरा |
| 6. | प्रताप सिंह चौधरी/ अंकित चौधरी/ LBGUR00002105456 | प्लॉट नंबर 306, तीसरी मंजिल, मनहर गार्डन के पास, हरीश नगर के पास, सिकंदरा-बोदला रोड, आगरा/ 05 जुलाई, 2023 | मार्च 25, 2022 रु. 26,89,716/- | दिल्ली/ एनसीआर/ और आगरा |
| 7. | सुमित कुमार/ शिव कुमार माखीजा/ LBNOD00002242847 | फ्लैट नंबर 335, तीसरी मंजिल, टॉवर बी, खसरा नंबर-839, मौजा सिकंदरा बहिस्ताबाद, मनहर गार्डन, आगरा/ 05 जुलाई, 2023 | अगस्त 30, 2021 रु. 23,87,449/- | दिल्ली/ एनसीआर/ और आगरा |
| 8. | रमेश भोजवानी/अनुराग वर्मा/ LBNOD00002068715 | फ्लैट नंबर 413, चौथी मंजिल, टॉवर-ए, मनहर गार्डन, हरीश नगर, सिकंदरा बूला, उत्तर प्रदेश, आगरा/ 05 जुलाई, 2023 | अगस्त 30, 2021 रु. 21,83,128/- | दिल्ली/ एनसीआर/ और आगरा |
| 9. | नीरज सिंह/अन्नू कुमारी/ LBNOD00002062818 | फ्लैट नंबर .414, चौथी मंजिल, टॉवर ए, मनहर गार्डन, खसरा नंबर 839, 831, 832, 383, 838, 833, मौजा सिकंदरा-बोदला रोड, तहसील और जिला आगरा, उत्तर प्रदेश, आगरा/ 05 जुलाई, 2023 | अगस्त 30, 2021 रु. 19,48,620/- | दिल्ली/ एनसीआर/ और आगरा |
| 10. | प्रभात पंकज/राम सेबक साह/ LBDEL00002048425 | फ्लैट नंबर-115, प्रथम तल, ब्लॉक-ए, मनहर गार्डन, हरीश नगर, सिकंदरा-बोदला रोड, सिकंदरा, खसरा नंबर 839, 831, 832, 383, 838, 833, मौजा सिकंदरा बहिस्ताबाद, आगरा/ 05 जुलाई, 2023 | अगस्त 30, 2021 रु. 14,92,900/- | दिल्ली/ एनसीआर/ और आगरा |
| 11. | सिंपल कौर मेहता/ कुलदीप कुमार/ LBDEL00001631943 | बी-17, पार्क साइड विला, प्लॉट नंबर 201, 120 फीट, शास्त्रीपुरम रोड, वायु विहार, आगरा/ 05 जुलाई, 2023 | अप्रैल 27, 2018 रु. 31,50,406/- | दिल्ली/ एनसीआर/ और आगरा |
| 12. | आलोक अग्रवाल/ समिता अग्रवाल/ LBGUR00002122184 | फ्लैट नंबर- 3161, टॉवर तीसरा, टाइप-बी, फ्लोर-16, एटीएस ट्रिंफ, सेक्टर- 104, हरियाणा, गुड़गाँव/ 05 जुलाई 2023 | फ़रवरी 24, 2023 रु. 1,67,06,823/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 13. | बूटा राम/रजनी देवी/ LBGUR00003417958 | फ्लैट नंबर- 912, 9वीं मंजिल, हैबिटेट, टॉवर-ए, सेक्टर- 99ए, गुड़गाँव/ 05 जुलाई, 2023 | जुलाई 29, 2022 रु. 17,26,326/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 14. | अशोक अनिल आर्य/ सुष्मिता अशोक कुमार आर्य/ LBNOD00002041981 | फ्लैट नंबर -ए1-1102, 11वीं मंज़िल, टॉवर ए1, एमराल्ड बे, सेक्टर 104, गुड़गाँव/ 05 जुलाई, 2023 | फ़रवरी 24, 2023 रु. 49,91,352/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 15. | प्रताप चंद्र खिलार/ मोनिका राउत/ LBGUR00002973642 | फ्लैट नंबर-907, टावर-डी, 9वीं मंजिल, रोफ आलयास टावर, सेक्टर-102, गुड़गाँव/ 05 जुलाई, 2023 | नवंबर 30, 2022 रु. 21,30,730/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 16. | धीरज त्यागी/राज कुमार/ LBDEL00004326210 | फ्लैट नंबर-ए-1106, 11वीं मंजिल, सोलेरा, सेक्टर-107 गुड़गाँव में स्थित/ 05 जुलाई, 2023 | फ़रवरी 27, 2023 रु. 18,15,801/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 17. | राजेंद्र प्रताप सिंह/स्विता/ LBDEL00005044535 | संपत्ति संख्या 20, छत के अधिकार के साथ तीसरी मंजिल, ब्लॉक ए, नारायणा विहार नॉर्थ साइड फ्रंट पोर्शन, दिल्ली/ 06 जुलाई, 2023 | फ़रवरी 27, 2023 रु. 3,59,09,677/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : जुलाई 07, 2023** — **प्राधिकृत अधिकारी**
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर** — **आईसीआईसीआई बैंक लि.**

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 8 जुलाई, 2023



# मिशन 2024 के तहत बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करें जेजेपी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### गुरुग्राम पहुंचे जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पार्टी कार्यकर्ताओं को चुनाव तैयारियों के लिए दिए मूल मंत्र

**जननायक** जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला ने पार्टी कार्यकर्ताओं से हर बूथ को मजबूत करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत से पार्टी का वोट प्रतिशत 17 से बढ़कर 51 और विधायकों की संख्या 10 से बढ़कर 46 होने में वक्त नहीं लगेगा।

डॉ. चौटाला ने कहा कि आज से पार्टी कार्यकर्ता वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं। वे गुरुग्राम में जेजेपी कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि जन शक्ति के बदौलत ही जेजेपी की गठबंधन सरकार में हिस्सेदारी हुई। उन्होंने कहा कि आने वाला समय जेजेपी का है। पार्टी कार्यकर्ता संगठन मजबूती पर निरंतर कार्य कर रहे हैं। अजय चौटाला ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि बूथ स्तर पर अनुभवी टीमें खड़ी करें, इसके लिए हर बूथ पर एक सखी और एक योद्धा जैसे कार्यक्रमों को गति दें। डॉ. अजय सिंह चौटाला ने कहा कि साढ़े चार साल पहले हमने पुरानी पार्टी इनेलो को सब कुछ सौंपते हुए प्रदेशवासियों के सहयोग से नई शुरुआत की और कार्यकर्ताओं की मेहनत के दम पर जेजेपी ने सरकार में हिस्सेदारी की। उन्होंने विश्वास जताया कि 2024 का साल भी विधानसभा और लोकसभा चुनाव में जजपा की उम्मीदों के अनुरूप बहुत अच्छा रहेगा। जजपा नेता इन्द्रपाल सल्ले द्वारा भीमगढ़ खेड़ी गांव में आयोजित इस सभा में जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत से आज शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में जेजेपी और मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि


गुरुग्राम में डा. अजय चौटाला का स्वागत करते कार्यकर्ता।

### डिप्टी सीएम निरंतर जनहित में कार्य कर रहे, लोग हैं खुश

आगामी चुनाव को लगभग एक साल ही बचा है। ऐसे में बिना देरी किए सभी चुनाव तैयारियों में जुट जाएं। निशान सिंह ने कहा कि पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता आपसी तालमेल के साथ एक परिवार की तरह आगे बढ़ें। पूर्व विधायक रमेश खटक ने कहा कि प्रदेश के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला निरंतर जनहित में कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता उप-मुख्यमंत्री द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों को आमजन से अवगत करवाएं।

## बिजली की समस्याओं को लेकर एसडीओ ने किया लक्ष्मण विहार का दौरा


लक्ष्मण विहार में बिजली समस्या का समाधान करवाते मंगतराम बागड़ी।

**गुरुग्राम।** पूर्व निगम पार्षद एवं भाजपा नेता मंगतराम बागड़ी की मांग पर डीएचबीवीएन न्यू कॉलोनी के एसडीओ साहिल गर्ग ने अपनी टीम के साथ वार्ड नंबर-10 (प्रस्तावित नया वार्ड नंबर-14) की प्रमुख कॉलोनी लक्ष्मण विहार का दौरा किया। पूर्व पार्षद के साथ बिजली विभाग के अधिकारियों ने कॉलोनी में बिजली आपूर्ति की आधारभूत संरचनाओं की स्थिति का मुआयना किया। पर्याप्त बिजली आपूर्ति निर्बाध गति से करने की दृष्टि से उन्होंने ओल्ड गली नंबर-7 (न्यू गली नंबर-54) ब्लाक बी लक्ष्मण विहार फेज-2 में आवश्यकता के अनुरूप अधिक क्षमता वाले ट्रांसफार्मर इंस्टॉल कराने का आश्वासन दिया. साथ ही गलियों में लटके तारों और जर्जर बिजली के खंभों को भी बदलने का काम अगले 1 सप्ताह में शुरू करने की बात की। इससे कॉलोनी के सेंकड़ों लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। मंगतराम बागड़ी ने बताया कि पिछले दिनों उनकी ओर से डीएचबीवीएन, ओपीसी न्यू कॉलोनी के एसडीओ को लिखित मांग पत्र सौंपते हुए ओल्ड गली नंबर-7 के निवासियों को हो रही परेशानी के बारे में अवगत कराया गया था। उक्त गली में कम क्षमता के ट्रांसफार्मर इंस्टॉल किए गए हैं जबकि जनसंख्या बढ़ने से बिजली की मांग कई गुना बढ़ गई है। इसके कारण आए दिन उस गली के आसपास रहने वाले सेंकड़ों परिवारों को तकनीकी बाधाओं के कारण होने वाली अनियमित बिजली कट से कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। वहां के लोगों ने पार्षद कार्यालय में लिखित शिकायत की थी।

## आरडब्ल्यूए व एनजीओ के साथ मिल चलाएंगे पौधारोपण अभियान: नवीन गोयल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**पर्यावरण** संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने पर्यावरण संरक्षण के लिए बड़े पैमाने पर अभियान चलाने की तैयारी की है। इसके लिए उन्होंने गुरुग्राम की सभी आरडब्ल्यूए व एनजीओ के साथ मिलकर इस अभियान को गति देने की बात कही है। नवीन गोयल ने इस दौरान स्कूल की प्रिंसिपल पिया शर्मा के साथ मिलकर पौधारोपण भी किया।

शुक्रवार को रेयान इंटरनेशनल स्कूल में सात दिवसीय वन महोत्सव एवं असेंबली ऑन एनवायरनमेंट कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बच्चों ने पर्यावरण व धरती पर जीवन बचाने को लेकर बेहतरीन स्किट प्रस्तुत की। बच्चों ने उत्साह के साथ नृत्य, एक्सरसाइज व संगीत के साथ प्रार्थना की। पर्यावरण संरक्षण को लेकर बेहतरीन संदेश दिया। नवीन गोयल ने सभी लोगों से अपील की है कि दो-चार पौधे लगाकर उनका पालन-पोषण करें। आओ अपने गुरुग्राम को हरा-भरा बनाएं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण में सुधार करने के लिए वर्तमान बारिश का समय अनुकूल है। इस समय में हमें अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए। उन्होंने स्कूल में बच्चों से भी आग्रह किया कि वे स्वयं और अपने माता-पिता के साथ मिलकर पौधे जरूर लगाएं। पौधा लगाना भी एक संस्कृति को आगे बढ़ाना है। जिस तरह से हम बच्चों में अच्छे संस्कार पीढ़ी दर पीढ़ी डालते हैं, ऐसे ही उन्हें पौधारोपण जैसे कार्य के लिए भी प्रेरित करना, रहना चाहिए। नवीन गोयल ने कहा कि ऐसे संस्कारों का हर घर में होना जरूरी है। बच्चों के माध्यम से हम किसी भी अभियान को तेज कर सकते हैं। स्कूलों में किताबी ज्ञान के साथ यह प्राकृतिक ज्ञान भी दिया जाना चाहिए कि अधिक से अधिक पेड़ लगाए जाएं। पेड़ लगाकर उनके बड़े होने तक देख-रेख की जाए। कुछ समय की मेहनत हमें कई पीढ़ियों तक का सुख देती है। पेड़ कहीं पर भी लगाए जा सकते हैं। हर किसी को उनकी छाया, उनसे फल मिलेंगे। इस अवसर पर कुलदीप हिंदुस्तानी (एमसीजी के एनवायरमेंट ब्रांड एम्बेसडर), प्रिंसिपल पिया शर्मा, संगीता व सिंधू जैन समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।


गुरुग्राम के रेयान स्कूल में पर्यावरण जागरुकता को लेकर कार्यक्रम में पहुंचे नवीन गोयल।

## इंतकाल प्रक्रिया ऑनलाइन होने से प्रदेश के किसानों को बड़ी राहत: सुधीर सिंगला

### विधायक ने सरकार द्वारा लिए गए निर्णयों को जनहित में बताया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने हरियाणा कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा लिए गए निर्णयों को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि इंतकाल प्रक्रिया ऑनलाइन होने से लाखों किसानों को राहत मिलेगी।

विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि सामान्य तौर पर इंतकाल संबंधी कार्यों में देरी की वजह से किसानों को परेशानी होती थी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने किसानों का दर्द समझा और इसका हल निकाला। इंतकाल प्रक्रिया ऑनलाइन होने से किसानों के सब काम समय पर और सही तरीके से हो सकेंगे।


विधायक सुधीर सिंगला

उन्होंने कहा कि भाजपा के घोषणापत्र में जो वायदे किए गए, उनको चरणबद्ध तरीके से पूरा भी करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्री के 10 दिन बाद तक पोर्टल पर कोई भी आपत्ति के लिए देख सकेगा। अगर किसी की आपत्ति दर्ज नहीं होती है तो उस जमीन का इंतकाल हो जाएगा। सरकार ने जिला राजस्व अधिकारी व एसडीएम को भी जमीनों की रजिस्ट्री करने की शक्तियां प्रदान की है। इससे तहसीलों में होने वाली भीड़ भी बंट जाएगी। लोगों को काम कराने में आसानी होगी। प्रदेश के अविवाहित पुरुषों व महिलाओं (45 से 60 साल तक) को सम्मान भत्ता पेंशन देने का निर्णय किसी राज्य में नहीं हुआ। हरियाणा ने यह पहल की है। सरकार ने 40 से 60 वर्ष तक के तीन लाख वार्षिक आय तक के विदुर को भी पेंशन देने का निर्णय लिया है। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि जनता के हित मं निर्णय लेकर उन कार्यों को सिरे चढ़ाने में मुख्यमंत्री मनोहर लाल सदा अग्रणी रहते हैं। जनता के हित में किए गए कार्यों की बदौलत ही भारतीय जनता पार्टी की हरियाणा में तीसरी बार सरकार बनेगी। प्रदेश के कोने-कोने में विकास के जो आयाम स्थापित किए गए हैं, उन पर जनता की मुहर लग चुकी है। जनता चुनावों में इस विकास के कार्यों पर अपना समर्थन देगी।

## संक्षिप्त समाचार

### मकान मालिक की नकदी व जेवरात चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**सोहना।** सोहना अपराध शखा पांच पुलिस ने शहर की आदर्श कॉलोनी में मकान मालिक के 20 हजार रुपये नकद व लाखों रुपये के जेवरात चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आारोपी से पूछताछ के दौरान चोरी की गई नकदी व जेवरात बरामद कर लिए है। अदालत ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। सोहना अपराध शाखा पांच पुलिस के प्रभारी एसआई सत्य प्रकाश ने बताया कि 16 जून की रात को सोहना के वार्ड-3 की आदर्श कॉलोनी में किराए के मकान में रहने वाला नेपाल मूल का निवासी मकान मालिक के 20 हजार रुपये तथा लाखों रुपये के जेवरात चोरी के भाग गया था। आरोपी शिवा को गुरुग्राम के सेक्टर-56 के गांव घाटा के निकट से बुधवार को गिरफ्तार किया था। जिससे पूछताछ के दौरान चोरी की गई नकदी व लाखों रुपये के जेवरात बरामद किए है। सत्यप्रकाश ने बताया कि शिवा अपने परिवार समेत नवीन के मकान में परिवार के साथ रहता था। मकान मालिक 17 जून को अपने मकान पर पहुंचा तो शिवा व उसके परिजन वहा से गायब थे। शिवा को फोन किया तो उसका फोन बंद पाया गया। अपने कमरों की तलाशी ली तो उसमें से 20 हजार रुपये की नकदी व लाखों रुपये के जेवरात गायब थे। उसने शक के आधार पर शिवा पर चोरी का आरोप लगाते हुए शहर थाना में शिकायत दर्ज कराते हुए मामला दर्ज किया था।

### फल खरीदने के दौरान महिला के जेवरात हुए चोरी

**सोहना।** अनाज मंडी में रेहड़ी पर फल खरीद रही वृद्ध महिला के बैग में से सोने के कंगन चोरी हो गए। वृद्ध महिला ने साथ में खड़ी दो अंजान महिलाओं पर कंगन चोरी करने का आरोप लगाते हुए स्थानीय पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करने के बाद आरोपी महिलाओं की खोज में जुट गई है। शहर के वार्ड-16 पठानवाड़ा निवासी सूरजप्रकाश ने पुलिस को बताया कि गुरुवार को उसकी 62 वर्षीय मां शीला देवी अनाज मंडी के गेट पर लगी रेहड़ी से फल खरीद रही थी। उसने अपने एक आथ में लिया हुआ बैग पर से ध्यान हटाते हुए फल खरीदने में लगी थी। उसकी मां के साथ में दो अज्ञात महिलाएं भी फल खरीदने के बाहने से खड़ी थी। लेकिन दोनों महिलाओं ने चालकी करते हुए उसकी मां के बैग में रखे 25 ग्राम के दो सोने के कंगन चोरी कर लिए। उसकी मां शीलादेवी ने घर पहुंचने पर बैग में रखें कंगनों को निकालने लगी तो उसे कुछ नहीं मिला। वह अपनी मां के साथ वापस उसी रेहड़ी पर पहुंचे। जिस रेहड़ी से फल रखरीदे थे। जहां आस पास उन दो महिलाओं को भी तलाश किया। लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।

### कार की टक्कर से बाइक सवार सिपाही घायल

**सोहना।** भोंडसी के निकट बाइक सवार हरियाणा पुलिस में तैनात सिपाही कार की टक्कर लगने से हुआ घायल। घायल सिपाही को राहगिर ने अस्पताल ले जाकर दाखिल कराया। भोंडसी पुलिस ने हादसे के छह दिन बाद मिली शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। गुरुग्राम एमजी रोड पर बनी पुलिस चौकी में कार्यरत सिपाही रामकिशन 30 जून की देर रात भोंडसी के पास बनें स्टाफ क्वार्टर पर बाइक से जा रहा था। भोंडसी के निकट पहुंचने पर सामने से आई कार ने सीधी बाइक को टक्कर मार दी। सिपाही बाइक समेत सड़क पर गिर गया। इस दौरान उसे हाथ, मुंह, कंधा समेत पैरों में अधिक चोटें लगी। घायल सिपाही ने बताया कि घटना स्थल से जा रहा विष्णु नामक व्यक्ति ने उसे अपनी कार में बैठाकर गुरुग्राम के पार्क अस्पताल में दाखिल कराया। जहां डॉक्टरों ने उसके बाएं पैर में लगी चोट का ऑपरेशन भी किया। अज्ञात चालक मौके से अपनी का को लेकर भाग गया।

## भारत का नं. 1 ऑनलाइन मेकअप ब्रांड माईग्लैम ब्लॉकबस्टर फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' का ऑफिशियल ब्यूटी पार्टनर बना, करण जौहर निर्देशित इस फिल्म में रनवीर सिंह और आलिया भट्ट मुख्य भूमिकाओं में हैं

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** के अग्रणी डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर ब्यूटी ब्रांड माईग्लैम ने बॉलीवुड फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' के आधिकारिक ब्यूटी पार्टनर के रूप में अपने एक्सक्लूसिव मार्केटिंग गठबंधन की घोषणा की है। इस फिल्म में रणवीर सिंह और आलिया भट्ट के साथ धर्मेंद्र, जया बच्चन और शाबाना आज़मी ने मुख्य भूमिकाएं निभाई हैं। मशहूर फिल्मनिर्माता करण जौहर द्वारा निर्देशित और वॉयकॉम 18 स्टूडियोज एवं धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित यह फिल्म प्रशंसकों और सिनेप्रेमियों में बीच चर्चा में आ गई है। 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' के साथ यह प्रतिष्ठित साझेदारी माईग्लैम को ब्यूटी उद्योग में एक प्रमुख कंपनी के रूप में स्थापित कर देगी। इस गठबंधन द्वारा #GlammUpLikeRockyAurRani के संदेश के साथ ब्यूटी और सिनेमा का सुगम फ्यूज़न देखने को मिला है। इस गठबंधन के बारे में सुखलीन अनेजा, सीईओ, गुड ग्लैम ब्रांड्स, गुड ग्लैम ग्रुप ने कहा, ''हम 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' के साथ अपने गठबंधन की घोषणा करके बहुत उत्साहित हैं। हम उनके ऑफिशियल मेकअप पार्टनर बन गए हैं। यह फिल्म अपनी मजबूत स्टोरीलाईन और बेहतरीन सितारों के साथ एक आकर्षक सिनेमेटिक अनुभव प्रदान करेगी। 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' के साथ हमारा यह गठबंधन माईग्लैम के GlammUpLikeAStar विज़न के अनुरूप है। यह सितारों की तरह चमकने में लोगों को समर्थ बनाने वाले ब्यूटी समाधान प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है। हम प्रशंसकों और सभी ब्यूटी प्रेमियों को अपनी भीतरी ब्यूटी को अपनाने और #GlammUpLikeRockyAurRani के लिए प्रोत्साहित करते हैं।''




धर्मा प्रोडक्शंस की सीईओ, अपूर्वा मेहता ने कहा, ''धर्मा प्रोडक्शंस में हम दर्शकों से गहरा भावनात्मक संबंध बनाने में स्टोरीटैलिंग की शक्ति और फिल्मों की क्षमता में यकीन करते हैं। 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में प्रेम और भावनाओं के साथ बेहतरीन कलाकारों का प्रदर्शन है। हमें माईग्लैम के साथ साझेदारी करने की खुशी है क्योंकि वह लोगों को अपनी अद्वितीय खूबसूरती का प्रदर्शन करने के हमारे विज़न को साझा करते हैं। इस गठबंधन द्वारा हम विज़्युअल अनुभव बढ़ाना और अपने किरदारों के सार को प्रस्तुत करना चाहते हैं।'' 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' के साथ साझेदारी में माईग्लैम को अपने बेहतरीन और हाई-परफॉर्मेंस वाले मेकअप उत्पादों का किरदारों पर प्रदर्शन करने में समर्थ बनाएगी।

## एमेजॉन ग्लोबल सैलिंग में 1.25 लाख से ज्यादा एक्सपोर्टर 2023 में भारत से 8 बिलियन डॉलर के संचयी निर्यात को पार कर जाएंगे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**आज** एमेजॉन ने एक्सपोर्ट्स डाईजेस्ट 2023 का अनावरण किया और घोषणा करके बताया कि इसके ईकॉमर्स एक्सपोर्ट्स प्रोग्राम 'एमेजॉन ग्लोबल सैलिंग' में भारतीय एक्सपोर्टर्स द्वारा संचयी एक्सपोर्ट 2023 में 8 बिलियन डॉलर को पार करने की ओर बढ़ रह है। एमेजॉन ग्लोबल सैलिंग को देश में सभी आकार के व्यवसाय तेजी से अपना रहे हैं और 2015 में इसके लॉन्च के बाद इससे 1.25 लाख से ज्यादा एक्सपोर्टर जुड़ चुके हैं। ये एक्सपोर्टर अमेरिका, यूके, यूएई, कैनेडा, मैक्सिको, जर्मनी, इटली, फ्रांस, स्पेन, नीदरलैंड्स, टर्की, ब्राजील, जापान, ऑस्ट्रेलिया, और सिंगापुर जैसे देशों के एमेज़ॉन के 18 से ज्यादा अंतर्राष्ट्रीय बाजारों के माध्यम से पूरे विश्व के ग्राहकों को 'मेड इन इंडिया' उत्पाद बेच रहे हैं।

श्री नारायण तातू राणे, माननीय केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री (एमएसएमई), भारत सरकार ने कहा, ''एमएसएमई सेक्टर हमारी अर्थव्यवस्था में बहुत बड़ा योगदान देता है। यह आत्मनिर्भर भारत के उद्देश्य को हासिल करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अपनी जीवंत और गतिशील प्रकृति के साथ यह सेक्टर उद्यमिता को बढ़ावा देता है और रोजगार के अवसर उत्पन्न करता है। इस सेक्टर की पूरी क्षमता का विकास करने के लिए हमें निर्माण, उद्यमिता और अंतर्राष्ट्रीय विस्तार को प्रोत्साहित करना होगा। एमेजॉन ग्लोबल सैलिंग जैसे प्रोग्राम्स की मदद से ई-कॉमर्स एक्सपोर्ट एमएसएमईज़ को पूरे विश्व में अपने प्रोडक्ट्स का प्रदर्शन करने का अतुलनीय अवसर प्रदान करता है। अनुकूल नीतियों व सहयोग से हम अपने माननीय प्रधानमंत्री जी का ग्लोबल एक्सपोर्ट पॉवरहाउस बनने का सपना पूरा कर सकते हैं।'



'एमएसएमई सेक्टर भारत के जीडीपी के 33 प्रतिशत के बराबर है, और इसमें विस्तार की अपार संभावना है। ई-कॉमर्स एमएसएमई सेक्टर को समर्थ बनाने में मुख्य भूमिका निभाता है, ताकि वो विश्व के बाजारों में अपना विस्तार करते हुए अपना व्यवसाय बढ़ा सकें। मैं भारतीय एमएसएमई सेक्टर के लिए अवसरों का सृजन करने के एमेज़ॉन के प्रयासों के लिए उन्हें शुभकामनाएं देता हू। एमेजॉन इन एमएसएमईज़ को अपने स्थानीय उत्पाद पूरे विश्व में बेचने में मदद कर रहा है। एमेजॉन इंडिया में डायरेक्टर ग्लोबल ट्रेड, भूपेन वाकंकर ने कहा, 'एमेजॉन ग्लोबल सैलिंग भारत में उद्यमियों को लाखों मेड इन इंडिया उत्पाद पूरी दुनिया के ग्राहकों को बेचने में मदद कर रहा है। इस प्रोग्राम में काफी तेजी आ रही है और यह उन हजारों एक्सपोर्टर्स की सफलता का प्रतिनिधित्व करता है, जो इस प्रोग्राम का हिस्सा हैं।

## सोहना के सामान्य बस स्टेंड की सुरक्षा भगवान भरोसे, नहीं है रात में चौकीदार


सोहना के सामान्य बस स्टैंड परिसर में चौकीदार न होने और खराब लाइट के चलते अंधेरे में लावारिश खड़ी बसें।

**सोहना।** सोहना के सामान्य बस स्टैंड पर रात्रि के समय कोई चौकीदार नहीं होता। बस स्टैंड परिसर में खड़ी होने वाल हरियाणा रोड़वेज की बसों समेत अधिकारी का कार्यालय व अन्य कीमती सामान भगवान भरोसे होता है। रात आठ बजे के बाद सोहना का सामान्य बस स्टैंड पर न कोई कर्मचारी होता है और न कोई चौकीदार। बस स्टैंड भवन के अंदर बनी दुकान से लेकर अधिकारी का कार्यालय, बिजली के पंखे और एलसीडी आदि कीमती सामान की देखरेख करने वाला कोई नही है। इतना ही नहीं रात के समय में बस स्टैंड पर अलग-अलग जिले की 8 बस खडी होती है। जिनमें चोरी होने का पूरा-पूरा खतरा बना रहता है। बस स्टैंड परिसर में किराए की दुकान चलाने वाले दुकानदारों को लाखों रुपये का सामान भरा हुआ है। जिनकी दुकानों की सुरक्षा न होने से दुकानदारों में मायूशी छाई हुई है। जाकि हर माह हरियाणा रोडवेज को वें किराए के रुप में एक लाख के करीब किराया का भुगतान करते है। इसके अलावा यहा पर करीब 25 बिजली के पंखें लगे है। जबकि बिजली के पंखे व पंखुड़ियों चोरी होने की वारदातें पहले से होती रही है।

**भवन में छाया अंधेरा :** बस स्टैंड भवन के अंदर एक भी ट्यूब लाइट नहीं जलती है। सभी खराब होने के कारण अंधेरा छाया हुआ है। ऐसे में दुकानों समेत अन्य कीमती सामान चोरी होने की आशंकाएं और बढ़ जाती है। जबकि रात्रि के समय में शराब के नशा में चोर प्रवृति के युवक बस स्टैंड परिसर में घूमते रहते है। यहा पर तैनात चौकीदार को उच्चाधिकारियों ने जिला स्तर पर बुलाया हुआ है। पिछले करीब तीन माह से चौकीदार न होने के कारण अधिकारियों की बार-बार ड्यूटी लगाई जाती है। यहा पर मात्र दो ही अधिकारी तैनात है और एक बस स्टैंड सुपरवाइजर छुट्टी पर होने के कारण वह दिन के समय में ड्यूटी दे रहा है।

**( राजेन्द्र सिंह-कार्यवाहक बस स्टैंड प्रभारी )**

## लाइज़ोल के #NoMoreHalfTruths कैम्पेन ने फिनायल से जुड़े मिथकों को तोड़ा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**बीते** कई दशकों से, भारतीय उपभोक्ता यह मानते रहे हैं कि फिनाइल अत्यधिक प्रभावी फर्श क्लीनर हैं। लेकिन अध्ययनों से पता चला है कि साधारण फिनाइल पोछा लगाने पर केवल 50% कीटाणुओं को नष्ट करते हैं। भारत के प्रमुख कीटाणुनाशक ब्रांड लाइज़ोल और एक स्वतंत्र अनुसंधान एजेंसी द्वारा किए गए एक संयुक्त अध्ययन से घरेलू सतहों पर विभिन्न प्रकार के बैक्टीरिया और वायरस की उपस्थिति का पता चला है, जो विभिन्न प्रकार की बीमारियों और संक्रमणों का कारण बन सकते हैं। ये बैक्टीरिया और वायरस डायरिया जैसी बीमारियों और त्वचा संक्रमण, मूत्र नली के संक्रमण, मुँहासे, आंख और रक्तप्रवाह के संक्रमण जैसी स्थितियों के लिए जिम्मेदार हो सकते हैं। इसे देखते हुए, लाइजोल ने 29 मई, 2023 को सोशल मीडिया कैम्पेन #NoMoreHalfTruths की शुरुआत की है। इस कैम्पेन का उद्देश्य फिनाइल के प्रभावी होने से जुड़े मिथकों को दूर करना और सफाई से जुड़ी सही आदतों के बारे में उपभोक्ताओं के बीच जागरूकता बढ़ाना है।

इस कैम्पेन का उद्देश्य कीटाणुओं को नष्ट करने के लिए आमतौर पर इस्तेमाल होने वाले घरेलू क्लीनर, फिनाइल के सीमित प्रभाव के बारे में आम लोगों के बीच जागरूकता को बढ़ाना है। कैम्पेन में बताया गया है कि पोछा लगाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले साधारण फिनाइल केवल 50% कीटाणुओं को खत्म करते हैं। वहीं दूसरी ओर, लाइज़ोल को अपने उत्पाद के बेहतर फॉर्मूलेशन के लिए मान्यता मिली है। लाइजोल सिर्फ एक कैप के साथ 99.9% रोगाणुओं को मारता है। साथ ही फिनाइल के तीन कैप की तुलना में यह 10 गुना बेहतर सफाई* प्रदान करता है। #NoMoreHalfTruths कैम्पेन को सोशल मीडिया पर जबर्दस्त लोकप्रियता प्राप्त हुई है। इस कैम्पेन को 800 मिलियन से अधिक बार देखा गया और विभिन्न प्लेटफार्मों पर 50 मिलियन से अधिक लाइक, कमेंट और शेयर प्राप्त हुए हैं।




श्री सौरभ जैन, रीजनल मार्केटिंग डायरेक्टर, हाइजीन, रेकिट-साउथ एशिया ने कहा, ''एक हालिया अध्ययन से पता चला है कि अस्पतालों में पाए जाने वाले बीमारी पैदा करने वाले कीटाणु भारतीय घरों के फर्श पर भी फैले हुए हैं।। ये कीटाणु परिवार की सेहत के लिए बड़ा जोखिम पैदा करते हैं। #NoMoreHalfTruths कैम्पेन का उद्देश्य ग्राहकों को उनके घरों में मौजूद इन कीटाणुओं को खत्म करने में साधारण फिनाइल की अपर्याप्तता के बारे में शिक्षित करना है। इस कैम्पेन की सफलता डिजिटल प्लेटफॉर्म पर मौजूद भारतीय दर्शकों की ताकत और उनके साथ एक अभियान शुरू करने की हमारी क्षमता को प्रदर्शित करती है। हम इस बात को भी सुनिश्चित करना चाहते हैं कि स्कूली बच्चों को गंदी सतहों के चलते बीमार पड़ने के जोखिम से बचाया जाए। इसके लिए हमने अक्षय पात्र फाउंडेशन के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी के साथ दोनों ने मिलकर लाइज़ोल की मदद से संपूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करने की शुरुआत की है।''

## फोनेपे ने मर्चेंट पार्टनर्स के लिए वन-स्टॉप POS समाधान लॉन्च किया

### यह एक ही डिवाइस के माध्यम से UPI, डेबिट और क्रेडिट कार्ड द्वारा भुगतान स्वीकार करने में सक्षम बनाता है

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**फोनपे** ने आज अपने पॉइंट-ऑफ-सेल (POS) डिवाइस के लॉन्च की घोषणा की, यह मर्चेंट को डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड और UPI के माध्यम से भुगतान स्वीकार करने में सक्षम बनाता है, जिससे उन्हें एक सरल और सहज निपटान का अनुभव होगा। यह डिवाइस फोनपे POS ऐप के साथ प्रीलोडेड आता है, साथ ही टैप/स्वाइप/डिप और इंटरऑपरेबल डायनेमिक QR कोड के माध्यम से लेनदेन का समर्थन करता है।

एंड्रॉइड प्लेटफॉर्म पर आधारित POS डिवाइस व्यवसायों के लिए चेकआउट अनुभव में क्रांति लाया है। ग्राहक चाहे काउंटर पर हों, टेबल पर हों, डिलीवरी की जगह पर हों या सेल्युलर कवरेज के साथ कहीं भी हों, यह डिवाइस पूरी प्रक्रिया को आसान और साथ ही ग्राहक के अनुभव को भी बेहतर बनाता है। PCI-PTS 6 प्रमाणन द्वारा समर्थित इसकी विश्वसनीयता और सुरक्षा सबसे ऊपर है, जो व्यापारी और उपभोक्ता दोनों के डेटा को सुरक्षित रखता है। स्वचालित बैच क्लोजर और यूनिफाइड रिलोकेशन के साथ, डिवाइस झंझट-मुक्त खाता निपटान के लिए वन-स्टॉप समाधान बन जाता है, जो व्यापारी संचालन को सुव्यवस्थित करता है। डिवाइस मामूली मासिक किराए पर पेश किया जाता है और यह फोनपे की विश्व स्तरीय उत्पाद गुणवत्ता और सेवा के साथ आते हैं। डिवाइस नाममात्र मासिक किराए पर यह ऑफर करता है तथा साथ ही यह फोनपे की विश्व स्तरीय उत्पाद गुणवत्ता और सेवा के साथ आता है।

फ़ोनपे POS डिवाइस में एक बेहतर टचस्क्रीन डिस्प्ले, तेजी से प्रोसेस करने के लिए एक शक्तिशाली प्रोसेसर, लंबी बैटरी लाइफ, उसी समय ऑन-द-स्पॉट रसीद प्रिंटिंग करने वाला एक बिल्ट-इन प्रिंटर, WiFi और सिम-कार्ड के माध्यम से 4% कनेक्टिविटी भी शामिल है। फोनपे के ऑफलाइन बिजनेस के प्रमुख विवेक लोहचेब ने यह घोषणा की, कि ''फोनपे POS डिवाइस, एक वन-स्टॉप समाधान है, जो हमारे मर्चेंट पार्टनरों को अपने ग्राहकों के खरीदारी अनुभव को बेहतर करने के लिए सशक्त बनाता है।

यह एक यूनिफाइड और संसक्त इंटरफ़ेस है, जो भुगतान के विभिन्न तरीकों का समर्थन करता है तथा सुविधा और लचीलापन भी प्रदान करता है। क्रेडिट और डेबिट लेनदेन स्वीकार करने पर, मर्चेंट के अपने औसत ऑडर वैल्यू में वृद्धि और साथ ही इस प्रकार वे अपने कुल व्यापार विकास को गति दे सकते हैं। देश भर में फोनपे के 3.5 करोड़ से अधिक व्यापारियों के व्यापक नेटवर्क के साथ, हमारा लक्ष्य पूरे भारत में इस समाधान का विस्तार और साथ ही अगले साल तक 150,000 डिवाइसों को भी वितरित करना है।

# समान नागरिक संहिता

## बदलते दृष्टिकोण

**समान** नागरिक संहिता–यूसीसी पर राजनीतिक दलों के दृष्टिकोण बदल रहे हैं। पहले समान नागरिक संहिता का समर्थन करने वाली माकपा ने यूटर्न ले लिया है और अब वह इसका विरोध कर रही है। मुस्लिम लीग को दुनिया का सबसे बड़ा क्रांतिकारी संगठन कहे जाने वाले माकपा का प्रमाणपत्र मिलने से हौसला बढ़ गया है। मार्क्सवादियों ने थोड़े समय पहले तक मुस्लिम लीग को सांप्रदायिक पार्टी बता कर खारिज किया था, पर अब उसे पंथनिरपेक्ष पार्टी बता कर 'ए' श्रेणी का प्रमाणपत्र दे दिया है। अखिल भारतीय स्तर पर प्रभावशाली केरल के माकपा राज्य सचिव एम.वी. गोविंदन ने थिरुअनंतपुरम में घोषणा की कि माकपा देश में समान नागरिक संहिता लाने के 'सांप्रदायिक' भाजपा के प्रयासों का हर स्तर पर विरोध करेगी। माकपा के अतीत से परिचित लोगों को गोविंदन के यूटर्न से जरा भी आश्चर्य नहीं होगा। 1980 में माकपा ने मुस्लिम लीग के एक धड़े से गठबंधन किया था जिससे पहली बार ई.के. नयनार को केरल का मुख्यमंत्री बनने में सहायता मिली थी। हालांकि, उस समय नयनार के नेतृत्व वाली सरकार 1982 में गिर गई थी क्योंकि ए.के. एंटनी के नेतृत्व में कांग्रेस मार्क्सवादी मोर्चे से बाहर निकल गई थी। लेकिन मुस्लिम लीग के इस धड़े के साथ माकपा का गठबंधन 1986 तक बना रहा। शाहबानो मामले पर सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय तथा बाद में राजीव गांधी की केन्द्र सरकार द्वारा किए संविधान संशोधन से माकपा के तत्कालीन महासचिव ईएमएस नंबूदरीपाद नाराज हो गए और उन्होंने कहा कि 'किसी भी कीमत पर समान नागरिक संहिता' आनी चाहिए।



नंबूदरीपाद ने अपने भाषणों और लेखों में कहा था, 'शरीया में तत्काल सुधार करना जरूरी है।' लेकिन इससे माकपा–नीत मोर्चे में शामिल मुस्लिम लीग डर गई। 1987 में केरल विधानसभा चुनाव दो दृष्टिकोण के आधार पर लड़ा गया। इसमें माकपा समान नागरिक संहिता के पक्ष में तथा मुल्लाओं और मुकरियों को पेंशन के खिलाफ थी। नंबूदरीपाद की घोषणा के बाद माकपा से जुड़े मुस्लिम लीग के धड़े ने इसे 'सुविधाजनक राजनीति' का नाम दिया। चर्च से नजदीकी रखने वाली केरल कांग्रेस ने माकपा नीत मोर्चे से स्वयं को अलग कर लिया जिससे एलडीएफ को हिंदू वोट एकजुट करने का अवसर मिल गया। मार्क्सवादियों की सर्वहारा विचारधारा के बजाय हिंदू वोटों की एकजुटता ने थिरुअनंतपुरम में ऐसी सरकार बनाई जिसमें मुस्लिम व ईसाई राजनेता नहीं थे। केरल में कांग्रेस के क्षत्रप के.करुणाकरन ने इसे एक अवसर की तरह देखा और मुस्लिम समुदाय को यह कह कर लामबंद किया कि उनकी पार्टी मुसलमानों की धार्मिक भावनायें आहत करने वाला कोई काम नहीं करेगी। लेकिन अब मार्क्सवादियों ने यह सच्चाई समझ ली है कि हिंदू उनको एकजुट होकर वोट नहीं देंगे क्योंकि हिंदू वोट आकर्षित करने वाली भाजपा के रूप में उनके समक्ष नई चुनौती आ गई है। मुद्दा इस समय यह नहीं है कि हमें यूसीसी चाहिए या नहीं। माकपा ने अपने पुराने दृष्टिकोण में यूटर्न मुस्लिम समुदाय के तुष्टीकरण के लिए लिया है जो पापुलर फ्रंट आफ इंडिया–पीएफआई पर प्रतिबंध तथा उनके नेताओं की एनआईए द्वारा गिरफ्तारी के बाद बड़ी संख्या में माकपा की ओर आ रहा है। पूर्व पीएफआई एक्टिविस्ट दिन के समय मार्क्सवादियों के रूप में काम करते हैं और रात में अपने मूल संगठन की सेवा करते हैं। इसमें कुछ असामान्य नहीं है क्योंकि यह उनकी 'गुरिल्ला रणनीति' के अंतर्गत है। ऐसे में भारत को एकजुट रखने और मजबूत बनाने के लिए सभी प्रकार के प्रयास जरूरी हो गए हैं।

# कृषि क्षेत्र में शोध एवं विकास जरूरी

राष्ट्रीय शोध फाउंडेशन को शोध एवं विकास के माध्यम से ऐसी तकनीकें खोजनी चाहिए जो जलवायु परिवर्तन झेलने वाली फसलें तैयार करने में सहायता करें।



**ए.एस. मित्तल**
(लेखक, आर्थिक मामलों के विशेषज्ञ हैं)



आजकल टमाटर की कीमत 100 से 160 रुपये प्रति किलो तथा अदरक और लहसुन की कीमतें 150–200 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई हैं। इनसे आम परिवारों पर बोझ बहुत बढ़ गया है जो जलवायु परिवर्तन का दुष्प्रभाव है। हालांकि, भारत दुनिया में टमाटरों तथा अन्य सब्जियों का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है, पर कुल मिला कर कृषि क्षेत्र को अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इनमें फसलों की उत्पादकता में ठहराव, मृदा में आर्गेनिक तत्वों की कमी, बहुपोषक तत्वों की कमी, सिंचाई वाली भूमि का रकबा घटना, पानी की उपलब्धता, कोल्ड सप्लाई श्रृंखला की कमी तथा जलवायु परिवर्तन सबसे बड़ी चुनौतियां हैं। खेती की उपज इन कारणों से प्रभावित होती है क्योंकि उच्च तापमान से जहां फसलों की उत्पादकता घटती है, वहीं फसलों पर रोग अधिक लगते हैं। वर्षा आधारित खेती पर बरसात के दिनों में परिवर्तन का सर्वाधिक नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

जलवायु परिवर्तन को संबोधित करने के लिए हाल ही में नेशनल रिसर्च फाउंडेशन–एनआरएफ की स्थापना को मंजूरी दी है। इस सर्वोच्च शोध संस्था का काम शोध को प्रोत्साहित कर इसकी फंडिंग तथा देखरेख करना है ताकि यह वैश्विक मानकों के अनुरूप हो सके। एनआरएफ विधेयक के विस्तृत विवरण अभी सामने आने हैं जिसे 20 जुलाई को शुरू होने वाले संसद के मानसून सत्र में पेश होने की उम्मीद है। 50,000 करोड़ रुपये के फंड से शुरू होने वाले एनआरएफ को जलवायु स्मार्ट कृषि–सीएसए में संवेदनशील शोध की दिशा में गेम–चेंजर के रूप में रेखांकित किया गया है।

मुख्यत: रासायनिक उर्वरकों के असंतुलित प्रयोग के कारण ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन नियंत्रित करने तथा वैकल्पिक उर्वरकों को प्रोत्साहित करने के लिए केन्द्र सरकार ने हाल ही में 2024–25 तक तीन साल में उर्वरक सब्सिडी की सीमा 3.69 लाख करोड़ रुपये तक सीमित कर दी है। उर्वरक सब्सिडी में होने वाली कमी से बची धनराशि को कृषि शोध में हस्तांतरित किया जा सकता है। यह शोध जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने के लिए होगा जिसके कारण देश की लगातार बढ़ती जनसंख्या के सामने भोजन, आजीविका तथा पोषण सुरक्षा का खतरा मंडरा रहा है।

नेशनल इनोवेशन्स इन क्लाइमेट रिसीलियेंट एग्रीकल्चर–निक्रा द्वारा कराए एक अध्ययन के अनुसार जलवायु परिवर्तन से वर्ष 2025 तक धान, गेंहू व मक्के की उपज में 7–8 प्रतिशत तथा फलों व सब्जियों की उपज में 15–20 प्रतिशत तक प्रभाव पड़ने की आशंका है। पांच साल में पंजाब में गेंहू के उत्पादन में 16 प्रतिशत कमी आई है। वर्ष 2017–18 में उत्पादन 178 लाख मीट्रिक टन था जो 2021–22 में घट कर 149 लाख मीट्रिक टन रह गया। धान और गेंहू पर हुए अध्ययनों से स्पष्ट है कि जहां गेंहू अधिकतम तापमान में वृद्धि तथा लू के प्रति संवेदनशील है, वहीं धान पर क्षेत्र में बढ़ते न्यूनतम तापमान का प्रभाव पड़ता है।

उम्मीद है कि नेशनल रिसर्च फाउंडेशन शोध संस्थानों व आरएंडडी प्रयोगशालाओं को गतिशीलता प्रदान करेगा। इसके लिए शोध संस्थानों में विसंगतियों को संबोधित करना तथा विशेषज्ञता, फंड व ढांचागत संरचना के लिए संघर्ष करना जरूरी हो गया है। इन दोनों के बीच खाई पाट कर तथा अच्छे संस्थानों तथा थोड़े कमजोर संस्थानों की सहायता कर अच्छे नतीजे प्राप्त किए जा सकते हैं। भारत में और अधिक जमीन खेती के लिए उपलब्ध कराने की ज्यादा संभावनायें नहीं हैं। इसलिए खाद्यान्नों के उत्पादन में वृद्धि मुख्यत: उत्पादकता वृद्धि से ही हासिल होनी है। किसानों को फसलों की उत्पादकता तथा अपनी आय बढ़ाने में सहायता के लिए उनकी पहुंच नवीनतम शोध एवं विकास–आरएंडडी तक बनाई जानी चाहिए जो टिकाऊ कृषि का मुख्य आधार है।

भारत में शोध एवं विकास–आरएंडडी पर निवेश बहुत कम है जिसके कारण कृषि के समक्ष उपस्थित अनेकानेक चुनौतियों का सामना करने के लिए विज्ञान एवं तकनीक की क्षमता बहुत कम है। कृषि आरएंडडी के लिए वित्त वर्ष 2021–22 में केवल 8,368 करोड़ रुपये का मामूली बजट था जो 2022–23 में बढ़ कर 8,513 करोड़ रुपये हो गया। इस धनराशि का सबसे बड़ा हिस्सा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद–आईसीएआर को मिलता है। आईसीएआर के लिए 5,877.06 करोड़ का प्राविधान किया गया था जिसमें वेतन, पेंशन, प्रशासनिक व लाजिस्टिक खर्च लगभग 80 प्रतिशत हैं। इससे शोध के लिए बहुत कम पैसा बचता है। केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालयों के लिए बजट आबंटन केवल 599.45 करोड़ रुपये था। पिछले दो दशकों में भारत में कुल आरएंडडी खर्च का कृषि जीडीपी में हिस्सा 0.3 से 0.7 प्रतिशत के बीच ठहरा हुआ है। यह अमेरिका के 2.8 प्रतिशत, चीन के 2.5 प्रतिशत, दक्षिण कोरिया के 4.3 प्रतिशत तथा इस्राइल के 4.2 प्रतिशत से बहुत कम है। मजेदार बात है कि भारत में सबसे बड़ी कृषि आरएंडडी श्रमशक्ति है जिसमें 27,500 वैज्ञानिक तथा एक लाख से अधिक सहायक कर्मचारी हैं। इसके साथ ही इस क्षेत्र में अनेक एजेंसियां शामिल हैं और उन पर भी खर्च होता है। आईसीएआर सीधे 118 शोध संस्थानों पर नजर रखती है जिनमें तीन केन्द्रीय कृषि व चार डीम्ड विश्वविद्यालय, 64 शोध संस्थान, 17 राष्ट्रीय शोध संस्थान, 6 राष्ट्रीय ब्यूरो तथा 25 परियोजना निदेशालय शामिल हैं। आईसीएआर के अंतर्गत राष्ट्रव्यापी आरएंडडी व्यवस्था के अलावा 83 राज्य कृषि विश्वविद्यालय हैं। इतने बड़े कृषि शोध नेटवर्क के बावजूद भारतीय व्यवस्था कृषि क्षेत्र के समक्ष उपस्थित समस्याओं का समाधान करने में विफल रही है, फिर चाहे उनका संबंध फसल उत्पादन की लागत–प्रभावशीलता, उत्पादकता, पानी की कमी तथा मौसम–प्रतिरोध, आदि किसी से हो। लेकिन कृषि आरएंडडी को 'परंपरागत' गतिविधियों से आगे आने के लिए अभी लंबा रास्ता तय करना है। इसे एक सिरे से दूसरे सिरे तक हस्तक्षेपों तक पैकेज तैयार करने हैं जो रणनीतिक नीतिगत हस्तक्षेप करते हुए खास फसलों तथा खास परिस्थितिकीय क्षेत्रों में उगाने वाली फसलों के अनुरूप हों। 'जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान, जय अनुसंधान' नारे को कृषि विज्ञान एवं तकनीक को आगे बढ़ाने की दिशा में प्रयोग किया जाना चाहिए।

हरित क्रांति की दूसरी पीढ़ी में सामने आ रही पर्यावरणीय प्रभावों के विपरीत प्रभावों से निपटने के लिए एक 'पैराडाइम परिवर्तन' की जरूरत है। इन समस्याओं में भूमि का क्षरण व इसके परिणामस्वरूप मृदा की उर्वरता में कमी, भूमिगत जल स्तर में गिरावट, उत्पादकता में गिरावट तथा जैव–विविधता में कमी, आदि शामिल हैं। इनसे निपटने के लिए संरक्षण कृषि, आर्गेनिक फार्मिंग, लघु–सिंचाई तथा पोषक तत्वों का प्रभावी प्रयोग जरूरी है। संसाधनों का संरक्षण तथा जलवायु–स्मार्ट तकनीकों में ज़ीरो टिलेज, ड्रिप बायोफर्टिलाइजर तथा बायोपेस्टीसाइड का प्रमुख स्थान है। खोज को तत्काल अनेक क्षेत्रों में अद्यतन करना शामिल हैं जिनमें हाइब्रिड टेक्नोलोजी, बायोटेक्नोलोजी, संरक्षित कल्टीवेशन, सटीक फार्मिंग, बायोइनर्जी, फसलों का बायोफोर्टीफिकेशन, रिमोट सेंसिंग, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी, आदि शामिल हैं। ड्रोन, सेंसर, कृत्रिम बुद्धि–एआई तथा इंटरनेट आफ थिंग्स में कृषि–खाद्य उत्पादन, पोस्ट–प्रोडक्शन प्रबंधन तथा कृषि प्रसंस्करण शामिल हैं।

भारत को 2024–25 तक 5 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए कृषि क्षेत्र को इस राष्ट्रीय प्रयास में कम से कम 1 ट्रिलियन डालर का योगदान करना होगा। इसके लिए कृषि शोध में उत्कृष्ट तकनीकों के प्रयोग से आवश्यक गतिशीलता प्राप्त की जा सकती है। इस उद्देश्य से किए जाने वाले प्रयासों की मूलभूत रूपरेखा स्पष्ट है। सरकार द्वारा हाल ही में मंजूर किए गए नेशनल शोध फाउंडेशन–एनआरएफ को शोध एवं विकास–आरएंडडी को इस दिशा में गतिशील करना होगा जिससे जलवायु परिवर्तन के कृषि पर पड़ने वाले प्रभावों से यथासंभव बचा जा सके।

भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए उसमें कृषि का योगदान महत्वपूर्ण होगा और इसके लिए कृषि को जलवायु परिवर्तन से सुरक्षा देनी जरूरी है। उम्मीद है कि संसद के आगामी मानसून सत्र में एनआरएफ विधेयक को मंजूरी मिलेगी तथा इसका जमीनी स्तर पर तेजी से क्रियान्वयन सुनिश्चित होगा।

# बहुध्रुवीय विश्व के लिये शंघाई सहयोग संगठन

"वर्तमान परिवेश में भारत द्वारा आयोजित एससीओ शिखर सम्मेलन का महत्व बढ़ गया है।"

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



समूह में बढ़ते आपसी तनाव के बीच, भारत ने इस सप्ताह एक आभासी शिखर सम्मेलन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के नेताओं की मेजबानी की। यह शिखर सम्मेलन व्यक्तिगत रूप से आयोजित किया जाना था; हालाँकि, भूराजनीतिक चिंताओं ने भारत को इसकी वस्तुत: मेजबानी करने के लिए मजबूर किया। भारत के पास वर्तमान में प्रतिष्ठित जी 20 की अध्यक्षता के अलावा, एससीओ की घूर्णनशील अध्यक्षता है, जिसका एक उच्च–ऑक्टेन भव्य समापन होगा, जिसमें नेताओं का शिखर सम्मेलन सितंबर में दिल्ली में आयोजित किया जाएगा।

भारत अपने प्रमुख सहयोगियों और साझेदारों के साथ द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करते हुए वैश्विक स्तर पर अपने नए रणनीतिक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए बहुपक्षीय और क्षेत्रीय प्लेटफार्मों में इन नेतृत्व अवसरों का पूरा उपयोग करना चाहता है।

यह सब पिछले महीने या उसके आसपास पूर्ण रूप से प्रदर्शित हुआ है, पिछले महीने पीएम मोदी की अमेरिका की पहली राजकीय यात्रा के साथ, कई प्रमुख प्रौद्योगिकी और रक्षा–संबंधी घोषणाओं के साथ, ये सभी संकेत वही हैं जो अमेरिकी राष्ट्रपति बिडेन ने संकेत दिए हैं, जैसा कि 21वीं सदी की सबसे महत्वपूर्ण साझेदारी। जब सभी त्20 देशों, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और विशेष आमंत्रित देशों के नेता दो दिवसीय शिखर सम्मेलन के लिए नई दिल्ली में आएंगे तो भारत इस नेतृत्व का कुछ प्रदर्शन करना चाहेगा। हालाँकि, यूक्रेन में युद्ध पर भाषा, जिसे नेता के घोषणापत्र में शामिल किया जा सकता है, रूस और चीन के लिए अनुकूल नहीं हो सकती है, जो निराशाजनक हो सकती है।



यहीं पर भारत के लिए एससीओ की अध्यक्षता महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि रूस और चीन दोनों भी एससीओ समूह का हिस्सा हैं। हालांकि, चूंकि शिखर सम्मेलन एक आभासी प्रारूप में आयोजित किया गया था, इसने नेताओं को विवादास्पद मुद्दों पर द्विपक्षीय बातचीत में कदम उठाने के लिए उपलब्ध अवसरों को खो दिया। यह याद किया जा सकता है कि भारतीय प्रधान मंत्री ने पिछले सप्ताह पुतिन के साथ टेलीफोन पर बातचीत की थी, जिसमें पीएमओ की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार द्विपक्षीय सहयोग में प्रगति की समीक्षा की गई और आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान–प्रदान किया गया। यूक्रेन के हालात पर चर्चा करते हुए पीएम ने बातचीत का आह्वान दोहराया।

इस बीच, एक दिन पहले रूसी राष्ट्रपति ने भारत की जमकर तारीफ की, जब उन्होंने भारत को एक बड़ा दोस्त बताया। नई उन्नत भारत, अमेरिका रणनीतिक साझेदारी के कारण दशकों पुरानी भारत–रूस रणनीतिक साझेदारी में कोई रुकावट नहीं आई है।

इसी पृष्ठभूमि में भारत द्वारा आयोजित एससीओ शिखर सम्मेलन का महत्व बढ़ गया है। रूस–भारत साझेदारी, जो दोनों भागीदारों द्वारा किसी भी पक्ष के करीबी सहयोगियों को न खोने का सावधानीपूर्वक प्रयास है, अब भारत की परिपक्व कूटनीति के संकेत के रूप में देखा जाता है। यूक्रेन में लंबे युद्ध को लेकर रूस पर सख्त रुख न अपनाने के लिए शुरुआत में अमेरिका और पश्चिमी गठबंधन द्वारा आलोचना की गई, लेकिन पिछले साल के उत्तरार्ध के दौरान चीजें परिपक्व बातचीत की ओर बढ़ने लगीं। सितंबर में समरकंद में आखिरी एससीओ बैठक में, भारतीय प्रधानमंत्री ने रूसी राष्ट्रपति से कहा, यह युद्ध का युग नहीं है, जिसे बाद में जी20 बाली शिखर सम्मेलन के नेता की संयुक्त घोषणा में अपनाया गया था। यह बयान वैश्विक राजनयिक हलकों में मौजूदा भू–राजनीतिक स्थितियों पर सहमत होने के लिए एक स्वीकार्य प्रारूप था। वर्तमान एससीओ शिखर सम्मेलन उस पृष्ठभूमि में हुआ जब रूस को लंबे समय से चले आ रहे युद्ध के कारण कमजोर माना जा रहा है, वैगनर निजी सैन्य समूह द्वारा अल्पकालिक विद्रोह का तो जिक्र ही नहीं किया जा रहा है। यह निश्चित रूप से पुतिन को कमजोर स्थिति में रखता है, खासकर अपने असीमित मित्र चीन के मामले में। भारत की पूर्वोत्तर सीमाओं पर पहली झड़प के बाद से चीन के साथ भारत के संबंध सबसे अच्छे नहीं रहे हैं। एससीओ शिखर सम्मेलन में नेता के स्तर पर किसी भी द्विपक्षीय बातचीत की उम्मीद नहीं थी।

हालांकि, स्टार्ट–अप और पारंपरिक चिकित्सा से संबंधित दो कार्य समूहों के अलावा कट्टरपंथ, बाजरा, पर्यावरण और डिजिटलीकरण को शामिल करने के लिए एससीओ के दायरे का विस्तार करके भारत का श्रेय जाता है, इसने नए क्षेत्रीय सहयोग की दिशा में एक रोडमैप तैयार किया।

## आप की बात

### राहुल को झटका

**राहुल गांधी** को गुजरात हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। उन्होंने निचली अदालत की कार्रवाई के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील कर फैसला रद्द करने की मांग की थी परंतु हाईकोर्ट ने पुराने फैसले को बरकरार रखा है। अदालत ने उन्हें अपराधी माना है एवं उनकी सजा बहाल रखी है। 13 अप्रैल, 2019 को मोदी समाज के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी पर मोदी समाज ने आपत्ति उठाई थी। उच्च न्यायालय के निर्णय से स्पष्ट है कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी को अनावश्यक बयानबाजी से बचना चाहिए। अक्सर उनकी अनावश्यक रूप से की गई टिप्पणियां उनके लिए ही मुसीबत बन जाती हैं। पहले उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को लेकर चौकीदार चोर है कहा था व भीड़ से इसके नारे लगवाए थे। इसी प्रकार वीर सावरकर को लेकर भी वे अनावश्यक टिप्पणी कर चुके हैं जिस पर महाराष्ट्र में उनके सहयोगी भी सांसत में फंस गए थे। राहुल गांधी अपनी इन टिप्पणियों से देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस की गरिमा भी गिराते हैं जिसके नेता व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी किसी भी प्रकार की हिंसा व किसी को दु:ख देने के घोर विरोधी थे। अब राहुल को माफी मांग लेनी चाहिए, इससे उनका सम्मान बढ़ेगा।

– **एमएम राजावत,** शाजापुर

### गीता प्रेस को सम्मान

**गीता प्रेस** को गांधी शांति पुरस्कार दिए जाने पर कुछ राजनीतिक दल अपनी राजनीतिक रोटियां सेकने में लग गए हैं। गीताप्रेस ने पुरस्कार स्वीकार किया लेकिन इसके साथ दी जाने वाली है एक करोड रुपए की राशि नहीं ली। इसी तथ्य से गीता प्रेस की उच्चस्तरीय सोच का परिचय मिलता है। इसके संस्थापक को गांधी–विरोधी कहना उचित नहीं है क्योंकि गांधीजी के लेख कई बार कल्याण में प्रकाशित हुए थे। उस दौर में हिंदुओं को जागृत करने में गीता प्रेस ने सर्वश्रेष्ठ भूमिका निभाई। सस्ते मूल्य पर कई संस्कार सिखाने वाली पुस्तकें देशभर में वितरित कीं तथा पूरे देश में करोड़ों गीता ग्रंथ की प्रतियां न्यूनतम मूल्य पर उपलब्ध करवाई। उस घोर सांप्रदायिक समय में जब सत्तारूढ़ दल सहित अधिकांश राजनीतिक दल हिंदुओं के हितों को तहस–नहस करने पर तुले हुए थे तब गीता प्रेस द्वारा हिंदुओं को जागृत करने के संदेश वाले लेख प्रकाशित करना कतई अनुचित नहीं था। विडंबना है कि हिंदुस्तान में हिंदुओं के हित की बात करने वाले को भी सांप्रदायिक करार देकर उसके बारे में द्वेष फैलाने के प्रयास कुछ तथाकथित बुद्धिजीवी करते हैं जो कतई उचित नहीं है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### विकृत मानसिकता

**आधुनिक** लोकतांत्रिक भारत में विकृत मानसिकता का ऐसा घृणित चेहरा सामने आया है कि कल्पना मात्र से ही मन विचलित हो जाता है। मध्य प्रदेश में एक पढ़े–लिखे आदमी ने आदिवासी समाज के व्यक्ति पर मूत्र विसर्जन कर पूरे देश को शर्मसार किया है। इसका अर्थ यह है कि आधुनिक भारत में दकियानूसी मानसिकता, जातीय श्रेष्ठता, सत्ता के अहंकार व घमंड से चूर कोई भी आदमी ऐसा दुस्साहस कर सकता है। एक तरफ देश में हम आजादी का अमृतकाल मना रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ देश में वीभत्स व शर्मसार करने वाली घटनाएं सामने आती हैं। आश्चर्य है कि हमारे धर्मगुरु इस विषय पर मौन क्यों हैं? देश के सर्वोच्च पद पर आदिवासी महिला विराजमान हैं। लेकिन विकृत मानसिकता वाले दबंग लोगों द्वारा आदिवासी समाज को नीचा दिखाया जाता है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने घटना की गंभीरता को देखते हुए अपराधी के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के साथ ही पीड़ित के पैर धोकर पूरे समाज को स्पष्ट संदेश दिया है। सबको इसके लिए उनकी प्रशंसा करनी चाहिए। ऐसी मानसिकता का अब कोई स्थान नहीं होना चाहिए।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

### राजनीतिक सबक

**शिवसेना** के विभाजन वाली घटना का दोहराव हमने एनसीपी में फिर से देख लिया जिसमें पार्टी बनाने वाले सबसे वरिष्ठतम नेता शरद पवार को बाहर कर दिया गया और अजीत पवार पार्टी के मुखिया बन बैठे। इस घटनाक्रम के लिए शरद पवार भी बराबरी के दोषी हैं। कुछ समय पूर्व ही उन्होंने अजित पवार का पत्ता साफ कर और कार्यकर्ताओं की भावनाओं को अनदेखा कर अपनी बेटी सुप्रिया के हाथों में पार्टी की कमान सौंप दी थी। अजित पवार ने ज्यादातर विधायकों को अपने साथ लाकर अपनी ताकत दिखा दी है। हालांकि, कानूनी दांव पेंच चलते रहेंगे। इस पूरे घटनाक्रम का सबसे ज्यादा लाभ भाजपा को आगामी चुनाव में मिलेगा। राज्य के साथ–साथ लोकसभा सीटों में भी उसे भारी मुनाफा होगा। इस घटनाक्रम ने विपक्षी एकता की मुहिम को भी भारी ठेस पहुंचाई है और नीतीश कुमार के अब तक के परिश्रम पर पानी फेर दिया है। शिवसेना व रांकापा की घटनायें वंश–परिवार वाले सभी राजनीतिक दलों के लिए एक सबक है जिसे अब वे अनदेखा नहीं कर सकते हैं।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई–मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 8 जुलाई, 2023



# पीड़ितों की समस्याओं का समाधान कर करें संतुष्ट

## ● सीएम ने जनता दर्शन में सुनीं 200 लोगों की समस्याएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ गोरखपुर



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के आगमन पर तैयारी व पर्यवेक्षक से जुड़ी व्यस्तता के बावजूद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को जनता दर्शन में आए लोगों से मुलाकात की। इत्मीनान से उनकी समस्याएं सुनीं और उनके गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाया जाए और उसकी समस्या का समाधान कर उसे संतुष्ट किया जाए। इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार सुबह जनता दर्शन में करीब 200 लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री एक.एक करके सबके पास खुद गए और उनकी बात सुनी। सभी लोगों को आश्वस्त किया कि किसी को भी चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का समाधान कराया जाएगा। उन्होंने प्रार्थना पत्रों को विषयानुसार प्रशासन व पुलिस के अफ सरों को हस्तगत करते हुए जरूरी निर्देश दिए।

जनता दर्शन में कई लोग गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर आए थे। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज संबंधी इस्टीमेट की प्रक्रिया पूर्ण करते हुए जल्द शासन को उपलब्ध कराया जाए। हर जरूरतमंद को इलाज के लिए भरपूर सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कई कार्यक्रम थे जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गोरखपुर से वाया अयोध्या, लखनऊ तक चलने वाली सेमी हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने समेत गीता प्रेस के शताब्दी वर्ष के समापन समारोह शामिल था। इन सभी कार्यक्रमों के बावजूद भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा अपनी जनता का विशेष ध्यान रखा गया जिसके तहत मुख्यमंत्री योगी ने जनता दर्शन के माध्यम से जनसमस्याएं सुनी और उसका निस्तारण भी किया।

# प्रदेश के सभी वाहन शोरूम में विकसित होंगे रोड सेफ्टी कॉर्नर

## ● डीलर प्वॉइंट पर वाहन खरीदने वालों के साथ अन्य लोगों को भी किया जाएगा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में रोड एक्सीडेंट में कमी लाने और रैश ड्राइविंग को रोकने के लिए योगी सरकार नए-नए उपाय कर रही है। इसी क्रम में अब लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए प्रदेश के समस्त दो पहिया एवं चार पहिया वाहन शोरूम में रोड सेफ्टी कॉर्नर विकसित किए जाने का निर्णय लिया गया है। सरकार की ओर से सभी वाहन शोरूम मालिकों को निर्देश दिए गए हैं कि वाहन शोरूम में उपलब्धता के अनुसार अच्छे स्थान का चुनाव कर अनिवार्य रूप से रोड सेफ्टी कॉर्नर विकसित करें। जहां पर सड़क सुरक्षा के रोचक एवं ज्ञानवर्धक क्रिएटिव पोस्टर, बैनर, फ्लैक्स, साइन बोर्ड, कट आउट एवं मैसकार्ड के माध्यम से प्रदर्शित किए जाएं।

उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि वाहन क्रेताओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए समस्त दो पहिया एवं चार पहिया वाहन शोरूम में सड़क सुरक्षा कार्नर विकसित करने के लिए कहा गया है। लोगों को सुगम एवं सुरक्षित यातायात उपलब्ध कराना परिवहन विभाग की प्राथमिकता है। पिछले कुछ दशकों में वाहनों की संख्या में काफी बढ़ोत्तरी हुई है, जिसके कारण सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में वृद्धि देखी जा रही है। परिवहन मंत्री ने बताया कि 16 अप्रैल 2015 से प्रदेश के समस्त जनपदों में नए वाहनों का पंजीयन डीलर प्वॉइंट पर ही किया जा रहा है।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वाराणसी आगमन पर सीएम योगी आदित्यनाथ हवाई अड्डे पर उनका स्वागत करते हुए, साथ में राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल

# गोचर भूमि को कब्जा मुक्त करने के लिए 11 जुलाई से चलेगा प्रदेशव्यापी अभियान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## ● लखनऊ के पास आबादी से दूर सरकार बसाएगी बानर वन

**योगी** सरकार किसानों-बागवानों के साथ बेजुबानों की भी बराबर चिंता कर रही है। खेतीबाड़ी के साथ बेजुबान भी सुरक्षित रहें इसके लिए अपने पहले कार्यकाल से ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खासे फि क्रमंद रहे हैं। यही वजह है कि इस बाबत लगातार कदम उठाए जाते रहे हैं। बड़े पैमाने पर निराश्रित गोवंश के लिए आश्रय स्थल। उनके लिए छाजन एवं भूसे के लिए प्रति गोवंश के हिसाब से प्रति माह नियमित राशि। प्रदेश के ऐसे 6781 गोआश्रय स्थलों में 1188875 गोवंश रखे गए हैं। इस अस्थायी समाधान के साथ प्रजाति के उन्नयन के लिए पूरे प्रदेश में कृत्रिम गर्भाधान का भी अभियान चल रहा है। इसके जरिए जिन बछियों या गायों का गर्भाधान होगाए उनसे पैदा होने वाली संतति बछिया ही होंगी। इसकी संभावना 90 फीसद से अधिक होती है। वह भी बेहतर प्रजाति की। इसमें कुछ समय लगेगा पर छुट्टा पशुओं की समस्या का स्थाई हल मिलने के साथ प्रदेश के पूरे डेयरी क्षेत्र का कायाकल्प हो जाएगा।

इसी क्रम में सरकार मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना के तहत बुंदेलखंड के सभी जिलों में सोलर फेंसिंग योजना शुरू करने का विचार कर रही है। इसके तहत किसान अपने खेतों के किनारे सोलर फेंसिंग लगा सकेंगे। इसमें मात्र 12 बोल्ट का करेंट प्रवाहित होगा। इससे सिर्फ पशुओं को झटका लगेगाए उन्हें कोई क्षति नहीं होगी। हल्के करंट के साथ सायरन की आवाज भी होगी। इससे छुट्टा या जंगली जानवर मसलन नीलगाय, बंदर, सुअर आदि खेत में खड़ी फ सल को क्षति नहीं पहुंचा सकेंगे। इसके लिए सरकार लघु.सीमांत किसानों को प्रति हेक्टेयर लागत 60 फ ीसद या 1.43 लाख रुपए का अनुदान भी देगी। कृषि विभाग इस योजना का ड्राफ्ट तैयार कर चुका है। शीघ्र ही इसे कैबिनेट में भेजा जाएगा। वहां से मंजूरी मिलने के बाद मॉडल के तौर पर इसे बुंदेलखंड में लागू किया जाएगा। पशु खेत में खड़ी फ सल का नुकसान तब अधिक करते हैं जब उनको पास में कुछ खाने को नहीं मिलता। गोचर भूमि इसके लिए जरूरी है। गोचर भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराने के लिए पशुपालन एवं दुग्ध विकास विभाग 11 जुलाई से 25 अगस्त तक ऐसी जमीनों को कब्जामुक्त कराने का अभियान चलाने जा रहा है।

अमूमन बंदरों से होने वाले नुकसान के बाबत कोई बोलता नहीं। पर यह सच है कि कुछ खड़ी फसलों, फ लदार पौधों एवं पौधरोपण के दौरान लगाए गए नए पौधों को ये खासी क्षति पहुंचाते हैं। इससे बचने के लिए लखनऊ प्रशासन से भी एक सराहनीय पहल की है।

# छह वर्ष पूर्व महाराष्ट्र में हुई हत्या की घटना का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** एसटीएफ और पनवेल सिटी नवीं मुम्बई (महाराष्ट्र) पुलिस की संयुक्त टीम ने वर्ष 2016 में महाराष्ट्र में हुई हत्या की एक घटना में वांछित चल रहे अभियुक्त नगीना कोल उर्फ चंकी पांडेय को मिर्जापुर जिले से गिरफ्तार किया।

वर्ष-2016 में कुण्डेवार पनवेल सिटी (महाराष्ट्र) में धर्मचन्द कोल की हत्या के सम्बन्ध में थाना पनवेल सिटी पर मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसमें नगीना कोल उर्फ चंकी पाण्डेय नामजद हुआ था। वह तभी से फरार चल रहा था। उसके यूपी के जनपद मिर्जापुर में छिपे होने की सूचना प्राप्त होने पर पनवेल सिटी पुलिस द्वारा अभिसूचना को साझा करते हुए एसटीएफ से आवश्यक सहयोग मांगा गया था। इस सम्बन्ध में एसटीएफ की फील्ड इकाई वाराणसी के निरीक्षक अमित श्रीवास्तव के नेतृत्व में एक टीम व पनवेल सिटी पुलिस की टीम द्वारा स्थानीय स्तर पर



अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी। इसी दौरान शुक्रवार को विश्वस्त सूत्र के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि नगीना कोल उर्फ चंकी पाण्डेय थाना हलिया, जनपद मिर्जापुर क्षेत्र में लुकछिप कर रह रहा है। इस सूचना पर महाराष्ट्र पुलिस के साथ एसटीएफ ने ग्राम बरयाँ के पास से नगीना कोल को गिरफ्तार किया।

पूछताछ में पाया गया कि अभियुक्त नगीना कोल और धर्मचंद कोल (मृतक) एक ही परिवार के थे, जिनका आपस में जमीन का विवाद चल रहा है। यह दोनों पनवेल सिटी कुण्डेवार (महाराष्ट्र) में संजय केलकर के क्रशर प्लॉट पर मजदूरी का काम करते थे। 24.03.2016 को पुराने जमीन सम्बन्धी विवाद को लेकर नगीना कोल ने धर्मचंद कोल की निर्मम हत्या कर दी थी। गिरफ्तार अभियुक्त को थाना हलिया जनपद मिर्जापुर में दाखिल किया गया।

# कोविड काल में की गई आकस्मिक सेवाओं के लिए परिवहन निगम को मिलेंगे 350 करोड़

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## ● राज्य सरकार की ओर से दी गई बकाया राशि के भुगतान की वित्तीय स्वीकृति

**लॉकडाउन** के वक्त जब विभिन्न राज्यों से नौकरीपेशा, श्रमिक, छात्र समेत लाखों लोग उत्तर प्रदेश में अपने घरों को लौटने के लिए संघर्ष कर रहे थे तब सीएम योगी के निर्देश पर उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम उनके लिए वरदान बनकर मैदान में उतरा। आकस्मिक सेवाओं के तहत निगम की बसों ने बिना किसी टिकट के लाखों लोगों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया। निगम के कर्मचारियों ने अपनी जान की भी परवाह नहीं की। अब योगी सरकार ने लॉकडाउन के दौरान परिवहन निगम द्वारा किए गए व्यय के बकाया करीब 350 करोड़ रुपए की धनराशि प्रदान करने का निर्णय लिया है। सरकार की ओर से इसकी वित्तीय स्वीकृति दे दी गई है। इस धनराशि से परिवहन निगम को भविष्य में भी आकस्मिक सेवाओं को जारी रखने के प्रति प्रोत्साहन मिलेगा। प्रमुख सचिव वेंकटेश्वर लू द्वारा जारी आदेश के अनुसार, प्रबंध निदेशक परिवहन निगम द्वारा कोविड-19 के दृष्टिगत लॉक डाउन के दौरान परिवहन निगम द्वारा 28 मार्च 2020 से 6 मार्च 2021 के मध्य प्रदान की गई आकस्मिक बस सेवाओं पर 348.89 करोड़ रुपए की बकाया धनराशि का भुगतान उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम को करने की अपेक्षा की गई थी। प्रकरण में अवशेष धनराशि 348.89 करोड़ रुपए के देयकों के सत्यापन की पूर्व में गठित समिति द्वारा भी पुष्टि की गई है। साथ हीए 348.89 करोड़ का भुगतान उत्तर प्रदेश परिवहन निगम को जल्द से जल्द करने का अनुरोध किया गया है। अत: इस मामले में वित्तीय वर्ष 2023-24 में अवशेष धनराशि 348.89 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति शर्तों एवं प्रतिबंधों के साथ दे दी गई है। कोविड काल में केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए सख्त लॉकडाउन के दौरान उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन निगम ने दिन-रात एक कर आकस्मिक सेवाएं प्रदान की थीं। उस समय दिल्ली एवं मथुरा बॉर्डर पर एकत्रित प्रवासी मजदूरों श्रमिकों प्रदेश के विभिन्न जनपदों के कारागार से रिहा किए गए बंदियों, प्रदेश के विभिन्न जनपदों के सेल्टर होम्स प्रवासियों, राजस्थान राज्य के जनपद कोटा में अध्ययनरत छात्र छात्राओं, हरियाणा एवं मध्य प्रदेश में प्रवास कर रहे उत्तर प्रदेश के श्रमिकों मजदूरों को उनके गंतव्य तक पहुचाने में अहम भूमिका निभाई। परिवहन निगम के कर्मचारियों ने जान हथेली पर रखते हुए लाखों लोगों को सुरक्षित उनके घर पहुंचाया। विभिन्न राज्यों के बॉर्डर पर सेवाएं प्रदान कीं। निगम की ओर से इस कार्य के लिए सैकड़ों बसों को तैनात किया गया। इन आकस्मिक सेवाओं को जारी रखने के लिए जो खर्च आया उसे निगम ने स्वयं वाहन किया। धनराशि जारी करते हुए कुछ शर्तें भी तय की गई हैं। इसके अनुसार जिस मद में शासन द्वारा धनराशि स्वीकृत की जा रही है उसी मद में इस धनराशि का उपयोग किया जाएगा। अन्य किसी भी मद-विभागीय कार्य के लिए धनराशि का व्यय कदापि न किया जाए। स्वीकृत धनराशि का भुगतान उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम को आकस्मिक बस सेवाओं की बकाया देयकों के भुगतान के लिए निगम से बकाया देयक का विवरण प्राप्त कर नियमानुसार प्रक्रिया का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए अविलंब किया जाएगा। समस्त धनराशि का उपभोग 31 मार्च 2024 से पूर्व कर लिया जाएगा। यदि धनराशि अवशेष बचती है तो नियमानुसार 31 मार्च 2024 के पूर्व समर्पित कर दी जाएगी।

# लोकतंत्र पर प्रहार कर तानाशाही को बढ़ावा दे रही भाजपा सरकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार लोकतंत्र पर प्रहार कर रही है और तानाशाही को बढ़ावा दे रही है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के साथ संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता पर लगातार हमले हो रहे हैं। पत्रकारों और समाजसेवियों के साथ मारपीट और हत्या तक होने की घटनाएं हो रही हैं। विपक्षी पार्टी के नेताओं पर फर्जी मुकदमें दर्ज किए जा रहे हैं।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की झूठी बयानबाजी की पोल खुलती जा रही है। उनके राज में अंधेरगर्दी मची है। जनहित में जनता को सच्चाई से अवगत कराना भाजपा सरकार को बर्दाश्त नहीं। जिला सुल्तानपुर के बदहाल एएनएम सेंटर की सच्चाई दिखाने पर यूट्यूबर पत्रकार ललित यादव की गिरफ्तारी इस बात का प्रमाण है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की बात बेमानी है। भाजपा सरकार का रवैया कुछ वर्गों के प्रति आक्रामक रहता है। उनके समाज से लगातार ये शिकायतें आ रही है कि सरकार उन्हें डरा धमका रही है। भय और आतंक का माहौल बनाकर लोगों को डराना भाजपा और आरएसएस का एजेण्डा है। भाजपा और आरएसएस समाज में बंटवारे का खेल करने में माहिर है। भाजपा और आरएसएस की नफरती राजनीति से सामाजिक तानाबाना बिगड़ रहा है जबकि समाजवादी पार्टी लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता के लिए प्रतिबद्ध है।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार की कहानियां अब सार्वजनिक रूप से कही सुनी जाने लगी है। भाजपाराज में सवा छह साल में भ्रष्टाचार को भयंकर संरक्षण मिला है।

# अमेठी की अस्थायी पुलिस चौकी 'भाले सुल्तान शहीद स्मारक' बनेगा थाना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के अनुपालन में जनपद अमेठी मे थाना जगदीशपुर के अन्तर्गत अस्थायी पुलिस चौकी भाले सुल्तान शहीद स्मारक को थाना बनाए जाने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में गृह विभाग की ओर से निर्देश जारी कर दिए गए हैं। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने बताया कि यह निर्णय इस क्षेत्र में शांति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने, अपराधों पर और अधिक प्रभावी तरीके से अंकुश लगाए जाने, महिलाओं एवं जन-सामान्य को और अधिक सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से लिया गया है। इस नवीन पुलिस थाने की स्थापना एवं क्रियाशीलता मे आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। नवीन पुलिस थाने में जनशक्ति-पदों के सृजन आदि के संबंध में आदेश पृथक से नियमानुसार कार्यवाही कर निर्गत किए जाएंगे। इससे अधिक से अधिक आबादी की पुलिसिंग व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरूस्त व सुदृढ़ बनाया जा सकेगा।

# राहुल की सदस्यता बहाली को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## ● भाजपा का लोकतंत्र और संविधान पर उठ गया है विश्वास: बृजलाल खाबरी

**कांग्रेस** के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता बहाली को लेकर पूरे प्रदेश में कांग्रेस ने शुक्रवार को प्रदर्शन किया। लखनऊ में हुए प्रदर्शन का नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने किया। प्रदर्शन करते हुए बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा हजरतगंज जा रहे कांग्रेसजनों को पुलिस द्वारा रास्ते में बैरीकेडिंग कर रोका गया और जबरिया गिरफ्तार कर बस में भरकर ईको गार्डेन ले जाया गया। जिन्हें देर शाम रिहा किया गया। इस मौके पर बृजलाल खाबरी ने प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसजनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का लोकतंत्र एवं संविधान से विश्वास उठ चुका है यही कारण है कि वह हर अलोकतांत्रिक कदम उठा रही है। कांग्रेस पार्टी भाजपा के किसी भी अलोकतांत्रिक और संविधान विरोधी कृत्य का सड़क से लेकर सदन तक विरोध करेगी और संघर्ष करेगी। उन्होंने कहा कि सपने बेंचने वाली सरकार का असली चेहरा आज हिन्दुस्तान की अवाम के सामने आ चुका है। उन्होने कहा कि जननेता राहुल गांधी की लोकप्रियता से भाजपा के नेता बौखला चुके हैं और अलोकतांत्रिक कदम उठा रहे हैं जिसे कांग्रेस पार्टी कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होने कहाकि कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए संघर्ष करेगी और भाजपा के हर हथकण्डे का जमकर मुंहतोड़ जवाब देगी।

प्रदेश कांग्रेस के मीडिया संयोजक एवं प्रवक्ता अशोक सिंह ने बताया कि आज के इस प्रदर्शन में प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, महासचिव एवं प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, संगठन सचिव अनिल यादव, एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष अनस रहमान एवं महामंत्री आर्यन मिश्रा, मो. शमीम, प्रभाकर मिश्रा, नितान्त सिंह, सोमेश सिंह चौहान, उपेन्द्र द्विवेदी सहित भारी संख्या में कांग्रेसजनों ने गिरफ्तारी दी।

# जनवरी 2024 से भक्तों के लिए खोल दिया जाएगा अयोध्या का राम मंदिर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## मुख्य सचिव ने विकास कार्यों की समीक्षा कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



**मुख्य** सचिव ने कहा कि अयोध्या में राम जन्म-भूमि मंदिर जनवरी 2024 से भक्तों के लिए खोल दिया जायेगा, जिससे अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में लाखों की वृद्धि होगी। हमारी यह जिम्मेदारी है कि देश-विदेश से आने वाले सभी श्रद्धालुओं को बेहतर से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करायी जायें। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, वह यहां से अच्छा अनुभव लेकर जाएं। अधिक से अधिक परियोजनाओं के कार्यों को जनवरी 2024 से पूर्व पूर्ण कराने के प्रयास सुनिश्चित किए जाएं।

मुख्य सचिव शुक्रवार को अयोध्या के विकास कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के ठहरने, परिवहन, पार्किंग, शौचालय, फूडकोर्ट आदि की बेहतर व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। सुलभ शौचालय के ब्लॉक्स बनवाए जाएं। होटलए रेस्टोरेंट आदि की रैंकिंग की जाए। खराब रैंकिंग वाले प्रतिष्ठानों को अवस्थापना सुविधाओं और सर्विसेज को बेहतर बनाने के लिए कहा जाए। प्रतिष्ठानों के मध्य प्रतिस्पर्धात्मक माहौल बनाने के लिए अच्छा कार्य करने वाले प्रतिष्ठानों को 27 सितम्बर 2023 को विश्व पर्यटन दिवस पर पुरस्कृत किया जाए। श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए होटल, डारमेट्री, धर्मशाला आदि बढ़ाने के लिए कार्य किया जाए। उपलब्ध होटल की मैपिंग करायी जाए। उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की टर्मिनल बिल्डिंग का कार्य 30 सितंबर तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी परियोजनाओं में अयोध्या की ब्राडिंग करते हुये अयोध्या की भावना को विकसित करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने अयोध्या में संचालित होने वाली इलेक्ट्रिक बसों पर मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का फोटोग्राफ,अयोध्या के लोगो की ब्रांडिंग करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी भवनों एवं सरकारी परियोजनाओं में अयोध्या की ब्राडिंग की जाए। शहर के सौन्दर्यीकरण कार्यों में तेजी लायी जाए। उन्होंने कहा कि पार्किंग को स्मार्ट पार्किंग बनाया जाए, जिससे लोगों को खाली पार्किंग स्थान की जानकारी ऑनलाइन हो सके।

उन्होंने कहा कि अयोध्या में हाईवे पर 6 प्रवेश द्वार प्रस्तावित किए गए हैं, इनमें से 2 प्रवेश द्वार का कार्य दिसंबर, 2023 तक पूर्ण कराने के प्रयास सुनिश्चित किए जाएं। अयोध्या में टेन्ट सिटी को विकसित करने तथा रामपथ, भक्तिपथ एवं श्री राम जन्म भूमि पथ का फसाड सौंदर्यीकरण की कार्यवाही में तेजी लायी जाए। बैठक में मण्डलायुक्त अयोध्या ने बताया कि परियोजनाओं का कार्यान्वयन 8 परिकल्पनाओं-सांस्कृतिक, आयुष्मान, सक्षम, स्वच्छ, आधुनिक, सुगम्य, सुरम्य, भावात्मक अयोध्या के अनुसार किया जा रहा है। अयोध्या में 30923 करोड़ रुपये की 263 परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि राम पथए भक्ति पथ, श्री राम जन्मभूमि पथ, ग्रीन फील्ड टाउनशिप के विकास का कार्य प्रगति पर है। अयोध्या बसखारी मार्ग 4 लेन मार्ग का निर्माण 72 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। अयोध्या सुल्तानपुर राष्ट्रीय राज्यमार्ग से एयरपोर्ट तक फोर लेन सड़क का नवनिर्माण 98 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। 14 कोसी व पंचकोसी परिक्रमा मार्ग के चैनेज चार लेन में चौड़ीकरण एवं विस्तारीकरण के लिये भूमि अर्जन व निविदा आमंत्रण की की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के रनवे का कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण हो चुका हैए बिल्डिंग के कार्य की भौतिक प्रगति 69 प्रतिशत है। अयोध्या स्टेशन का विकास कार्य प्रगति पर है। स्टेशन पर अधिक वॉशरूम्स, लान्जेज, डॉरमेटरीज तथा टिकट काउण्टर की सुविधा से युक्त नए स्टेशन बिल्डिंग का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। एनएच 27 बाईपास से निकलकर महोबर बाजार होते हुए रेलसम्पार संख्या-111बी, बड़ी बुआ रेलवे क्रासिंग सं.112, अयोध्या-अकबरपुर-बसखारी मार्ग, सूर्यकुण्ड स्थित रेलवे सम्पार सं-105 व अयोध्या-अकबरपुर मार्ग पर सम्पार सं.118, (फतेहगंज) पर उपरिगामी सेतु का निर्माण कार्य प्रगति पर है। आगामी 30 नवम्बर, 2023 तक पांचों उपरिगामी सेतुओं का निर्माण पूरा हो जायेगा। टेढ़ी बाजार चौराहा (पूर्वी) वाहन पार्किंग एवं दुकानों के निर्माण का कार्य 98 प्रतिशत तथा टेढ़ी बाजार चौराहा (पश्चिम) में 80 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। कौशलेश कुंज में वाहन पार्किंग एवं दुकानों का निर्माण कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। इसी प्रकार जलकल अमानीगंज में वाहन पार्किंग एवं दुकानों का निर्माण कार्य 85 प्रतिशतए कलेक्ट्रेट के निकट स्मार्ट पार्किंग का निर्माण कार्य 78 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। सदर स्थित अफीम कोठी का जीर्णोद्धार कराकर कैफेटेरिया तथा म्यूजियम की तरह विकसित किया जा रहा है। इसी प्रकार जनपद में निर्माणाधीन अन्य सभी परियोजनाओं की भौतिक प्रगति से मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी ने वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से बैठक में अवगत कराया। मुख्य सचिव द्वारा सभी परियोजनाओं का नियमित अनुश्रवण कर निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समयावधि में पूरा कराने के निर्देश दिए गए।

बैठक में अपर मुख्य सचिव खेल नवनीत कुमार सहगल, अपर मुख्य सचिव आवास नितिन रमेश गोकर्ण, प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम, प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार, प्रमुख सचिव लोक निर्माण अजय चौहान, प्रमुख सचिव परिवहन एलण् वेंकटेश्वर लू सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 8 जुलाई 2023



# पीएम आवास योजना से साकार हुआ घर का सपना

● जनप्रतिनिधि अफसरों ने लाभार्थियों को सौंपी आवास की चाबी ●केंद्रीय मंत्री ने जनप्रतिनिधियों, अफसरों संग लाभार्थियों को बाटी आवास की चाभी, खिले चेहरे ●पीएम स्वनिधि के लाभार्थियों को क्यूआर कोड एवं परिचय बोर्ड की मिली सौगात



**लखीमपुर खीरी।** हर किसी को सुंदर आशियाना का सपना होता हैए कुछ लोग किसी तरह से आशियाना बना लेते हैं तो कुछ लोग मकान खड़ा करने में जिंदगी गुजार देते हैं। फिर भी सपना पूरा नहीं होता। ऐसे में गरीबों के सपनों को सरकार पूरा कर रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना से ग्रामीणों के सपने को नया पंख लग रहा है। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत के तहत खीरी जिले के 25864 लाभार्थियों को आवासों का चाबी वितरण एवं लाभार्थियो से संवाद कार्यक्रम हुआए जिसमें लाभार्थियों की आंखों में खुशी के आंसू दिखे। कार्यक्रम का सफल संयोजन पीडी एसएन चौरसिया ने किया।

कार्यक्रम में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्र टेनीए एमएलसी अनूप गुप्ताए विधायक योगेश वर्माए मंजू त्यागीए अध्यक्ष जिपं प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह ने डीएम महेंद्र बहादुर सिंह सीडीओ अनिल कुमार सिंह के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना ;ग्रामीणद्ध के 30 लाभार्थियों को चाबी प्रदान की। इसके अलावा जनप्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के छह लाभार्थियों को क्यूआर कोडए दो लाभार्थियों को परिचय बोर्ड प्रदान किए। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने सभी लाभार्थियों से संवाद किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि प्रधानमंत्री इस बात के लिए दृढ़ संकल्पित हैं कि सभी आवासहीनों के सिर पर पक्की छत का साया हो जाय। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ;ग्रामीणद्ध के तहत ऐसे व्यक्तियों को लाभान्वित किया जा रहा हैए जो समाज के अंतिम पायदान पर खड़े हैं। उन्होंने सरकार के 09 वर्ष के कामकाज गिनाए। सरकार ने कमजोर वर्ग में सकारात्मक परिवर्तन लाकर पूरी प्रतिबद्धता के साथ उनकी सामान्य जरूरतों को पूरा करने के काम किया। केंद्र व प्रदेश सरकार हर क्षेत्र में संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है। उन्होंने ना केवल सरकार की ओर से किए गए प्रयासों का जिक्र किया बल्कि सकारात्मक परिणाम भी गिनाएं।

एमएलसीए भाजपा के प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता ने कहा कि आज हर पात्र को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्हें इस बात की प्रसन्नता है कि प्रधानमंत्री आवास योजना में 70 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं हैं। उन्होंने मौजूद लोगों से कहा कि यदि आप केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित हैंए तो टोल फ्री नंबर 9090902024 पर मिस कॉल देकर प्रधानमंत्री मोदी जी को आशीर्वाद एवं समर्थन दे। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने लाभार्थी परिवारो को सुन्दर और अच्छा आवास बनाने के लिए ढेर सारी बधाई व शुभकामनाएं देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में एलईडी स्क्रीन के जरिए जनप्रतिनिधियों अफसरों के साथ बड़ी संख्या में लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वाराणसी कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा व सुना। इस दौरान जनप्रतिनिधियोंए अफसरों ने प्रधानमंत्री आवास योजना का इतना अच्छा उपयोग करने के लिए लाभार्थी का अभिनंदन भी किया।

# प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों को मंत्री ने सौंपी चाबी

**लखीमपुर खीरी।** शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत जिले के 25864 लाभार्थियों को आवासों की चाबी वितरण की गई। कार्यक्रम का सफल संयोजन पीडी एसएन चैरसिया ने किया। कार्यक्रम में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्र टेनी, एमएलसी अनूप गुप्ता, विधायक योगेश वर्मा, मंजू त्यागी, अध्यक्ष जिपं प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह ने डीएम महेंद्र बहादुर सिंह सीडीओ अनिल कुमार सिंह के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के 30 लाभार्थियों को चाबी प्रदान की। इसके अलावा जनप्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के छह लाभार्थियों को क्यूआर कोडए दो लाभार्थियों को परिचय बोर्ड प्रदान किए। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने सभी लाभार्थियों से संवाद किया। पीएम के कार्यक्रम की हुई लाइव स्ट्रीमिंगए सुना गया पीएम का उद्बोधन कलेक्ट्रेट में



आयोजित कार्यक्रम में एलईडी स्क्रीन के जरिए जनप्रतिनिधियों अफसरों के साथ बड़ी संख्या में लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वाराणसी कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा।

इस मौके पर केन्द्रीय राज्यमंत्री अजय मिश्र टैनी, एमएलसी अनूप गुप्ता, विधायक योगेश वर्मा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, पीडी एस एन चैरसिया, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, डीसी मनरेगा विपिन कुमार चैधरी, डीसी एनआरएलएम राजेंद्र श्रीवास, पीओ डूडा डॉ अजय कुमार सिंहए एलडीएम अजय कुमार पांडे सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में लाभार्थी मौजूद रहे। कलेक्ट्रेट में ब्लाक नकहा, लखीमपुर, फूलबेहड़ क्षेत्र के लाभार्थियो को आवास की चाबी दी गई। अन्य ब्लाक पर कार्यक्रम आयोजित लाभार्थियो को चाबी दी गई। इस मौके पर पीयूष कुमार सिंह बीडीओ लखीमपुरए आलोक कुमार वर्मा बीडीओ नकहा मौजूद रहे।

# प्रेमिका को लेकर हुए विवाद में युवक को मार दी गोली

**बरेली।** प्रेमिका को लेकर हुए विवाद के बाद दबंग ने एक युवक को गोली मार दी जिससे वह घायल हो गया घटना के बाद हमलावर फरार हो गया पुलिस ने घायल को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया।प्रेम नगर थाना क्षेत्र में डीडी पुरम स्थित सेलेक्शन प्वाइंट टावर के पास शौचालय के सामने बीती रात शाहजहांपुर निवासी एक युवक जसकरण को गोली मार दी गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया थाना प्रभारी राजेश सिंह के अनुसार घायल युवक के दोस्त सागर के किसी युवती से प्रेम प्रसंग थे लेकिन इन दिनों युवती के प्रेम प्रसंग हमलावर युवक से चल रहे थे जिसको लेकर सागर के दोस्त जसकरण और हमलावर युवक के बीच रंजिश चल रही थी बीती रात थार गाड़ी पर सवार होकर हमलावर डीडी पुरम पहुंचा सब साले के सामने उसे जसकरण मिल गया और दोनों में विवाद होने लगा इसी दौरान उसने जसकरण को गोली मार दी और वाहन समेत फरार हो गया गोली लगने से घायल जसकरण जमीन पर गिर पड़ा गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोगों की भीड़ मौके पर लग गई और घटना की जानकारी पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल जसकरण को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया और उसके घर वालों को सूचना दे दी प्रारंभिक जांच में पता चला कि हमलावर युवक परिषद के गांव भगवानपुर पूर्वा का रहने वाला है थाना प्रभारी में शिकायत मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करने की बात कही।

# छात्रों को स्थानीय आवश्यकताओं पर परियोजना तैयार करनी चाहिए



**शाहजहांपुर,** । एस0 एस0 कॉलेज के वाणिज्य विभाग में परियोजना लेखन पर प्रारंभ हुई तीन दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में बोलते हुए मुख्य वक्ता बरेली, कॉलेज बरेली के वाणिज्य विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ0 पंकज यादव ने कहा कि छात्रों को स्थानीय उद्योगों तथा उपभोक्ताओं की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर शोध-परियोजना तैयार करनी चाहिएद्य ऐसा करने से परियोजना की उपयोगिता बढ़ जाती है और छात्र छोटी-छोटी परियोजनाओं के अनुभव लेकर बड़ी परियोजना बनाना सीख जाते हैंद्य उन्होंने कहा परियोजना रिपोर्ट तैयार करते समय यह ध्यान में रखना चाहिए कि वह अधिक से अधिक व्यवहारिक हो द्य गलगोटियाज विश्वविद्यालय नोएडा की वाणिज्य विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ0 जागृति गुप्ता ने कहा कि यद्यपि परियोजना पूर्व प्रकाशित समंको पर भी आधारित हो सकती है, किंतु स्वयं एकत्रित किए गए मौलिक समंको पर आधारित परियोजना अपेक्षाकृत अधिक उपयोगी होती है द्य छात्रों को शोध करने के पश्चात समस्या से समाधान की ओर बढ़ते हुए क्रम में अपनी रिपोर्ट तैयार करनी चाहिएद्य एक अच्छी रिपोर्ट सरल, स्पष्ट तथा पक्षपात से रहित होनी चाहिएद्य डॉ0 रूपक श्रीवास्तव के संचालन में हुए कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी शुकदेवानंद सरस्वती जी के चित्र पर पुष्पांजलि से हुआ द्य प्राचार्य डॉक्टर आर0 के0 आजाद ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया जबकि विभागाध्यक्ष डॉ0 अनुराग अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापित कियाद्य कार्यशाला में 72 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया द्य कार्यक्रम के आयोजन में डॉ0 देवेंद्र सिंह, डॉ0 कमलेश गौतम, डॉ0 गौरव सक्सेना, डॉ0 अजय कुमार वर्मा, डॉ0 संतोष प्रताप सिंह, डॉ0 सचिन खन्ना ने विशेष सहयोग किया। इस अवसर पर ब्रजलाली, अपर्णा त्रिपाठी, यश पाल कश्यप, देव सिंह कुशवाहा, नितांशी गुप्ता, अवंतिका सिंह, उदय प्रभा समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## परिषदीय विद्यालयों के निरीक्षण में सात शिक्षक पाए गए गैर हाजिर

**लखीमपुर खीरी।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी के निर्देश पर समस्त परिषदीय विद्यालयों और केजीबीवी में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी आयोजन निरीक्षण अभियान चलाया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा जनपद के प्रत्येक ब्लाकों के परिषदीय विद्यालयों और केजीबीवी में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी के आयोजन और विशेष सघन निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। बीएसए ने बताया कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा के निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह और सीडीओ अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में स्कूल चलो अभियान के तहत बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय जाने के लिए प्रेरित करने के लिए जनजागरुकता के तहत विद्यालयों में पीटीएम और निरीक्षण अभियान कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। पांच ब्लाकों फूलबेहड़, धौरहरा, गोला कुंभी, नकहा, पसगवां एवम नगर के परिषदीय विद्यालयों में पीटीएम का आयोजन किया गया।

## क्विक न्यूज

### प्रेमी ने साथ मरने की बात कहकर प्रेमिका को खिलाया जहर, मौत

**हरगांव सीतापुर।** थाना हरगांव क्षेत्र के अन्तर्गत एक गांव में प्रेमी ने साथ मरने की बात कहकर प्रेमिका को लाकर जहर खिला दिया। घर पंहुची लड़की के परिजनो को जानकारी होने पर लड़की को तुरंत ट्रामा सेंटर ओयल ले गए जहां इलाज के दौरान लडकी की मृत्यु हो गयी। हरगांव थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली नाबालिक लड़की उम्र लगभग 15 वर्ष ने प्रेमी के कहने पर जहर खा लिया। लडकी के घर पंहुचने पर हालत गंभीर देख परिजन तत्काल ट्रामा सेंटर ओयल ले गए जहा इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। लड़का पूर्व प्रधान का पुत्र बताया जाता है दोनो ही हरगांव थाना क्षेत्र के एक ही गांव के निवासी है लडका शादी शुदा है मृतका के शव का पोस्टमार्टम लखीमपुर मे हो रहा है लडकी के पिता विश्वनाथ ने इस बाबत हरगांव थाना मे तहरीर दी है कि उसकी पुत्री से सचिन पुत्र मनोज लगभग दो साल से मोबाइल से बात किया करता था। परिजनों का आरोप है कि सचिन उसे अपने पडोसी प्रमोद के घर पर ले गया और जहर खिला दिया। इस संबंध मे थाना प्रभारी हरगांव निरीक्षक भानुप्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार कार्रवाई की जायेगी।

### दिव्यांगजन सशक्तीकरण की ओर से दिये जायेंगे पुरस्कार

सीतापुर। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 3 दिसम्बर को विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर विभिन्न श्रेणी के राष्ट्रीय पुरस्कार भारत सरकार के दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा दिये जायेगें। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी रवि शंकर गिरी ने बताया कि इसके लिए नियमावली के मुताबिक आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे है। राष्ट्रीय पुरस्कार से संबंधित विस्तृत जानकारी तथा आवेदन पत्रों के प्रारूप भारत सरकार, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, नई दिल्ली की बेवसाइट से प्राप्त किये जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु आवेदन-पत्र 15 जुलाई तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कर दें।

### लहरपुर वन विभाग मनाएगा महोत्सव

सीतापुर। लहरपुर वन विभाग द्वारा नहर कॉलोनी स्थित सरकारी भूमि पर वृक्षारोपण कर वनमहोत्सव मनाया गया। इस दौरान विधायक अनिल वर्मा, एसडीएम अनिल कुमार, रेंजर बृजेश पांडेय ने वृक्षा रोपण किया। प्रदेश के शासन की मंशा अनुरूप शहरी क्षेत्रों में खाली पड़ी सरकारी भूमि पर नंदनवन परियोजना के अंतर्गत वृक्षारोपण का कार्य प्रारंभ हो चुका है। जिसके अंतर्गत लहरपुर में नहर विभाग की खाली कई हेक्टेयर निष्प्रयोज्य भूमि पर नंदनवन परियोजना के अंतर्गत 5600 छायादार वृक्षों का वृक्षारोपण किया जाना सुनिश्चित किया गया है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान वसीम बानो, अब्दुल मुईद सोनू, कौशलेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### स्व. राजेंद्र गुप्त की जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया नमन

सीतापुर। पूर्व मंत्री और भाजपा के दिग्गज नेता रहे स्व. राजेंद्र गुप्त की जन्म जयंती के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें नमन किया। इस दौरान सीतापुर के पड़ाव स्थित स्व. राजेंद्र गुप्त की प्रतिमा पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने माल्यापर्ण किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, उपाध्यक्ष राजेश्वर रस्तोगी, क्षेत्रीय संयोजक दिनेश शर्मा उपस्थित रहे।

### कक्षा आठ की छात्रा से छेड़छाड़

बरेली । मां के साथ मंदिर से वापस घर लौट रही छात्रा के साथ दूसरे समुदाय के युवक ने रास्ते में रोककर छेड़छाड़ की घटना की शिकायत पुलिस से करने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया ।किला थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाली कक्षा 8 की छात्रा से छेड़छाड़ करने के आरोप में मलूक पुर निवासी रेहान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया छात्रा के घर वालों ने बताया कि छात्रा मंगलवार की शाम अपनी मां के साथ अलख नाथ मंदिर गई थी जब वह घर घर वापस लौट रही थी तो मलूक पुर निवासी रेहान ने उसे रास्ते मे रोक लिया और हाथ पकड़कर उससे छेड़छाड़ करने लगा छात्रा ने जब इसका विरोध किया तो रेहान ने उसे जान से मारने की धमकी दी।

### सर्वे का दूसरा संस्करण जारी

कानपुर। सैरिडॉन ने अपने नेशनल हेडेक सर्वे का दूसरा संस्करण जारी किया है। इस व्यापक रिपोर्ट में महामारी के बाद के दौर में लोगों में तनाव की बढ़ती व्यापकता की गहरी पड़ताल करके विभिन्न भूभागों और तबकों में सिरदर्द के परस्पर सम्बन्ध की खोज की गई है। कंट्री हेड संदीप वर्मा ने कहा कि श्बायर में हमलोग खुद की देखभाल करने को प्राथमिकता देते हैं और सुलभ हेल्थकेयर को अपने मिशन में सबसे आगे रखते हैं। यह ताजा रिपोर्ट तनाव और सिरदर्द के बीच महत्वपूर्ण सम्बन्ध पर जोर देती है। विशेषकर महामारी के बाद के दौर में यह ज्यादा सपष्ट है जहाँ उपभोक्ता अपनी तंदुरुस्ती और कल्याण के महत्वपूर्ण पहलू के रूप में अब सेल्फकेयर पर फोकस करने लगे हैं।

## रंगीन मिजाज बाबू का महिला कर्मचारी के साथ अश्लील वीडियो वायरल

**शाहजहांपुर।** नगर पालिका जलालाबाद में सरकारी बाबू का महिला सफाई कर्मचारी के साथ अश्लील हरकत करने का वीडियो वायरल हुआ । वायरल वीडियो में बाबू कार्यालय की महिला कर्मचारी के साथ अश्लील हरकत करते हुए सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया । नगर पालिका अध्यक्ष ने शर्मसार करने वाले दोनों कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा शिकायत के बाद पुलिस भी मामले की जांच में जुट गई है। जलालाबाद नगर पालिका कार्यालय में मुख्य बाबू के पद पर शफीक उर्फ गफ्फार तैनात है। यहीं पर एक महिला सफाई कर्मचारी भी तैनात है। वायरल वीडियो में बाबू आवाज लगाकर महिला कर्मचारी को अपने केबिन में अश्लील हरकतें करता नजर आ रहा है कार्यालय में तैनात किसी कर्मचारी ने बाबू की हरकतों का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इधर आरोपी खुद को निर्दोष बताते हुए वीडियो एडिट हो ने की बात कह रहा है।

# शहरी प्रा. स्वास्थ्य केंद्रों परे टीकाकरण का डीएम ने किया निरीक्षण

● निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाये गये कर्मचारियों का वेतन रोकने तथा सेवा समाप्ति के निर्देश



**शाहजहांपुर।** डीएम उमेश प्रताप सिंह ने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लोधीपुर एवं सरायकाईंया स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर गर्भवती महिलाओं तथा 0 से 7 साल के बच्चों के किए जा रहे वैक्सीनेशन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पीएचसी पर कार्यरत कार्मिकों की उपस्थिति तथा उनके कार्यों के विषय में भी जानकारी ली। साथ ही जिलाधिकारी ने जनपद में चल रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान अंतर्गत साफ सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। लोधीपुर में साफ सफाई व्यवस्था ठीक न पाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये नगर स्वास्थ्य अधिकारी श्री मनोज मिश्रा, जोनल अधिकारी रश्मि भारती एवं सफाई निरीक्षक पवन कुमार का जवाब तलब करने के निर्देश दिये।

शासन के निर्देशानुसार शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मंगलवार से रविवार तक टीककरण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में जिलाधिकारी श्री उमेश प्रताप सिंह ने आज नगर स्थित पीएचसी लोधीपुर एवं पीएचसी सरायकाईंया में किये जा रहे टीकाकरण का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कम संख्या में वैक्सीनेशन होने पर जिलाधिकारी ने मोबिलाइजेशन करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि आशा द्वारा डोर टू डोर सम्पर्क कर महिलाओं को टीकाकरण हेतु प्रेरित किया जाये तथा टीकाकरण से होने वाले लाभ के विषय में भी उन्हे अवगत कराया जाये। पीएचसी लोधीपुर में मेडिकल ऑफिसर डा. आलोक कुमार सिंह सहित अन्य कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये। डीएम ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये मेडिकल ऑफिसर डा. आलोक कुमार सिंह का वेतन रोकने तथा जवाब तलब करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही जिलाधिकारी ने अन्य अनुपस्थित कर्मचारियों का भी जवाब तलब करने के निर्देश सीएमओ को दिये। डीएम ने सीएमओ को निर्देशित करते हुये कहा कि कार्यवाही करने के उपरान्त एटीआर भी प्रस्तुत करें।

पीएचसी सरायकाईंया के निरीक्षण के दौरान भी मेडिकल ऑफिसर सहित अन्य कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये। वैक्सिनेशन की प्रगति भी ठीक नही पायी गयी। जिस हेतु जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये मेडिकल ऑफिसर डा0 आदित्य गुप्ता का वेतन रोकते हुये जवाब तलब करने के निर्देश दिये तथा आशा द्वारा निरन्तर 02 महिने से अनुपस्थित होने की जानकारी मिलने पर जिलाधिकारी ने आशा की सेवा समाप्त करने हेतु सीएमओ को निर्देशित किया। डीएम ने सख्त निर्देश दिये कि किसी भी दशा में लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी। उन्होने कहा कि अपने कार्यो की प्रति लापरवाही न बरते, अपने कार्यदायित्वों का पूरी ईमानदारी से निर्वहन करें अन्यथा की स्थिति के कड़ी कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

## किसके संरक्षण में मेला मैदान रोड पर हो रहा अवैध निर्माण

**लखीमपुर खीरी।** हाथीपुर कोठार निकट बीपीएस स्कूल के पास अवैध निर्माण किया जा रहा है। निर्माण कर्ताओं ने जिला नियत प्राधिकारी द्वारा नक्शा भी पास नहीं कराया है। निर्माण कार्य कराए जाने की तहसील प्रशासन द्वारा अनुमति भी प्रदान नहीं की गई। नियमो को ताक पर रखकर अवैध निर्माण किसके संरक्षण में हो रहा है। तालाब की गाटा संख्या पर बड़ी.बड़ी बिल्डिंग तैयार हो चुकी है। जांच के नाम पर खानापूर्ति कर जांच ठंडे बस्ते में चली गई है। मेला रोड निकट बीपीएस स्कूल के पास अवैध निर्माण किया जा रहा है। तहसील प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। शहर के बीचोबीच रोड पर निर्माण किया जाना चर्चा का विषय बना हुआ है। अवैध निर्माण की जांच की जाए। कई निर्माण अवैध की जद में आएंगे। पास में बन रही अवैध दुकान को गिराया जा चुका है। जिला नियत प्राधिकारी द्वारा बिना नक्शा पास कराए किसके संरक्षण में अवैध निर्माण किया जा रहा है।

# मजार हटाने का नोटिस चस्पा होने पर हंगामा

**संवाददाता।** बरेली

**सड़क** के चौड़ीकरण कार्य के लिए मजार को हटाने का नोटिस चस्पा होने के बाद मुस्लिम समुदाय के सैकड़ों लोग सड़क पर आ गए और उन्होंने जमकर हंगामा किया आईएमसी के कई नेता भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने मजार हटाने का विरोध किया और प्रशासन से समस्या का समाधान निकालने के लिए अधिकारियों से बात करने का आश्वासन दिया।बारादरी थाना क्षेत्र में पीलीभीत बाईपास स्थित रोहिलखंड यूनिवर्सिटी के पास स्थित एक मजार को हटाने का नोटिस बीडीए द्वारा चस्पा किया गया।

जैसे ही मजार प्रबंधन को इसकी जानकारी मिली उन्होंने लोगों की इसकी जानकारी भी कुछ देर बाद ही मुस्लिम समाज के लोग बड़ी संख्या में मजार के इर्द-गिर्द एकत्र हो गए और रास्ता जाम कर दिया और नारेबाजी करने लगे जैसे ही घटना की जानकारी पुलिस को मिली मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी और जवान पहुंच गए और उन्होंने हंगामा कर रहे लोगों को समझाने की कोशिश की लेकिन लोगों की भीड़ लगातार हंगामा करती रही इस दौरान कुछ लोगों ने मीडिया कर्मी से भी अभद्रता की सूचना मिलने पर इत्तेहाद ए मिल्लत काउंसिल के राष्ट्रीय महासचिव डॉ नफीस अपने संगठन के कई पदाधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने मजार हटाए जाने का विरोध करते हुए कहा कि मजार कई दशक पुरानी है और बड़ी संख्या में लोग यहां आते हैं उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया की मजार हटाने के बजाय एक बड़ा मोड बना दिया जाए ताकि सड़क को चौड़ा करने का काम भी पूरा हो जाए और मजार ना हटाई जा सके इसके लिए उन्होंने शीघ्र ही अधिकारियों से बात करने का भी आश्वासन दिया

## जरूरतमंद बंदियों को मग और प्लेटें भेंट की

**शाहजहांपुर।** उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल शाहजहांपुर के पदाधिकारियों के द्वारा गरीब एवं जरूरतमंद बंदियों को मग एवं प्लेटें भेंट की गई। कारागार में अधिकांश बंदी ग्रामीण एवं गरीब पृष्ठभूमि से आते हैं ,कारागार में निरुद्ध होने के बाद उनके पास अपने जरूरत की दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्री उपलब्ध नहीं हो पाती है। उन्हें कारागार में सम्मानजनक और आरामदायक स्थिति में रखने के लिए स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से आवश्यक वस्तुएं एवं सामग्री उपलब्ध कराई जाती है। विभा द्वारा स्टील थाली उपलब्ध कराई जाती हैं वह बहुत बार पर्याप्त मात्रा में नहीं होती साथ ही साथ इस कारागार में मुझे यह जानकारी हुई कि अनेकानेक ग्रामीण पृष्ठभूमि के बंदी परंपरागत अंधविश्वास के कारण पूर्व में अन्य बंदिओं की प्रयोग की गई स्टील थाली प्रयोग नहीं करना चाहते। जरूरत की बर्तन अथवा अन्य सामान प्राप्त नहीं कर पाते,ऐसी स्थिति में उन्हें बर्तन मुहैया कराने के लिए व्यापार संगठनों अथवा स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से सामग्री उपलब्ध कराई जाती है।

# भाजपा विधायक पर सगे भाई ने लगाया उत्पीड़न का आरोप

● न्याय न मिलने पर परिवार समेत आत्महत्या की धमकी ● पुलिस अधीक्षक कार्यालय में रोते हुए सुनाई दस्ता

**शाहजहांपुर।** तहसील तिलहर की भाजपा विधायक सलोना कुशवाहा के भाई ने एसपी ऑफिस में बहन के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया है। आरोप है कि विधायक बहन उनका उत्पीड़न कर मेरा पेट्रोल पंप छीनना चाहती हैं। उनका कहना है कि पिता ने तीन पेट्रोल पंप बनाए थे। दो भाइयों को मिल गए, एक पेट्रोल पंप पर बहन की नीयत खराब कर हो गई, वो विधायकी के बल पर मेरे हिस्से का पेट्रोल पंप हड़पना चाह रही हैं। मेरे हिस्से के खेत पर भी काम नहीं करने दिया जा रहा है। बहन के कहने पर पुलिस ने समझौते के लिए थाने बुलाया और चालान कर दिया। पीड़ित ने न्याय की गुहार लगाई है। न्याय न मिलने



पर परिवार समेत आत्महत्या की धमकी भी दी है।

### तीन भाईयों के लिए पिता ने बनाया था पेट्रोल पंप

थाना निगोही क्षेत्र के गांव हरपरा निवासी रामेंद्र सिंह की छोटी बहन सलोना कुशवाहा तिलहर विधानसभा सीट से भाजपा विधायक हैं। रामेंद्र के दो भाई राघवेन्द्र और राजेंद्र हैं। 19 अप्रैल को पिता रीतराम का निधन हो गया था। पिता ने 3 बेटों के लिए 3 पेट्रोल पंप बनाए और संपत्ति बनाई।

### रामेंद्र बोले- मेरे हक पर डाका डाल रहीं विधायक

पीड़ित भाई रामेंद्र ने शुक्रवार को एसपी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि पिता द्वारा बनाए गए 3 पेट्रोल पंप में से 2 पेट्रोल पंप राघवेन्द्र और राजेंद्र को दे दिए गए। लेकिन एक पेट्रोल पंप जिस पर मेरा हक है। उसपर विधायक बहन सलोना कुशवाहा की नीयत खराब हो गई है। वो पेट्रोल पंप हड़पना चाहती है। 6 जुलाई की रात उसके खेत पर ट्यूबवेल का ताला तोड़कर 5 हजार रुपये का सामान चोरी हुआ था। 5 जुलाई की सुबह गांव के दो उसके खेत में मेड़ बांधने आए थे। पीड़ित ने उनको मना किया था लेकिन उन्होंने कहा था कि उसकी बहन और भाइयों ने मेड़ बांधने की इजाजत दी है। तब 112 पर फोन करके पुलिस बुलाई थी। पुलिस ने मेड़ बांधने से रोक दिया था।

### समझौते लिए बुलाया, करा दिया चालान

दूसरे दिन पुलिस ने समझौते का कहकर थाने बुलाया। थाने में पति के सामने थाना प्रभारी ने बहुत बेज्जती की। उसके बाद गलत तरीके से चालान कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि ये सब उनकी बहन विधायक सलोना कुशवाहा के इशारे पर हो रहा है। पीड़ित भाई रामेंद्र ने बताया कि, सलोना कुशवाहा छोटी बहन हैं। मेरे हिस्से में आए पेट्रोल पंप पर अपना हक जताकर मेरे परिवार की आजीविका छीन रही हैं। मेरे हिस्से के खेत पर भी उनकी नियत खराब है। वहां पर भी कोई काम नहीं करने दे रही हैं। फसल लगाने जाते हैं तो विवाद करा दिया जाता है। परिवार का पालन-पोषण करना मुश्किल हो गया है।

### न्याय नहीं मिला तो परिवार समेत कर लूंगा सुसाइड

पीड़ित ने कहा कि हमें न्याय चाहिए है। अगर न्याय नहीं मिला तो परिवार समेत आत्महत्या कर लूंगा। इस पूरे मामले पर भाजपा विधायक सलोना कुशवाहा से उनका पक्ष जानने के लिए कई बार फोन लगाया लेकिन उनका फोन नहीं उठा।

## आस्था: छोटी काशी के शिवमंदिर में शिवभक्त ने चांदी का छत्र चढ़ाया

**गोला गोकर्णनाथ (खीरी)।** सावन माह के प्रथम सोमवार से पहले एक शिवभक्त ने अपनी मनौती पूरी होने पर चांदी का चमकता हुआ छत्र जो भारी. भरकम था उसे शिवमन्दिर में आकर अपने कर कमलों से अप्रित कर अपने को धन्य किया। बताते चलें कि एक शिवभक्तने अपना नाम .पता गुप्त रखते हुए कहाकि गोला के भोला से मनौती मांगी थी वह पूरी होने पर आज छत्र दानकर अभिभूत का आनंद लिया है। इस चांदी के छत्र को चढ़ाने व बाकी सब गुप्त रखने के साथ ही शिवजी की पूजा अर्चना की इस दानवीर की चर्चा समूचे क्षेत्र में हो रही है। गौरतलब होकि सावन माह में ऐसे चमत्कारी दान व शिवभक्तों का बराबर आगमन हुआ करता है बढ़ती आस्था व दान का भंडार को देखते हुए उत्तर प्रदेश शासन भी गंभीर है बहुत शीघ्र ही शिव मंदिर के जीर्णोद्धार व इसके चारों तरफ सुंदरता व भव्यता के बाद शिवभक्तों की भावनाओं पर मलहम लगाने का काम प्रदेश सरकार ने करने का मन बनाया है जोकि बहुत शीघ्र ही परिणाम सामने आएंगे।

# केंद्रीय विद्यालय के बच्चे देश-प्रदेश में करें नाम रोशन: अभिषेक आनंद

● डीएम ने केंद्रीय विद्यालय के नवनिर्मित कक्षा-कक्षों का किया लोकार्पण



**संवाददाता।** चित्रकूट

**केंद्रीय** विद्यालय के संचालन को गैप्स योजना के तहत दो नवनिर्मित कक्षा-कक्षों का लोकार्पण जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने किया।

शुक्रवार को केंद्रीय विद्यालय की कलर पार्टी/स्काउट टीम व प्राचार्य विनोद कुमार के जिलाधिकारी का स्वागत किया। नवनिर्मित कक्षाओं के संचालन को जिलाधिकारी ने एक छात्रा से फीता कटवाकर कक्षा-कक्षों को पठन-पाठन को शुरु किया। सीवी रमन साइंस क्लब के छात्र सचिव प्रस्तुति पावनी को जिलाधिकारी ने शील्ड देकर सम्मनित किया। आईआईटी कानपुर मे होने वाली विज्ञान एवं गणित प्रदर्शनी मे कक्षा 12वीं के छात्र अखंड केशरवानी को भी जिलाधिकारी ने शुभकामनायें दी। अन्य सफल छात्रों प्रसून नारायण तिवारी, प्रियांशी सिंह समेत केंद्रीय विद्यालय के 12वीं के छात्र रागीश पटेल को सकूरा के तहत जापान जाने पर शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि केन्द्रीय विद्यालय के भवन निर्माण को पुरवा तरौंहा में जमीन मंजूरी की घोषणा हुई है। छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ने को प्रेरित किया। देश-प्रदेश में नाम रोशन करें। छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत पेश किया। संचालन पीएन तिवारी ने किया। कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय की ओर से जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी को स्मृति चिन्ह भेंट किए। इस अवसर पर सीडीओ अमृतपाल कौर, प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जीआईसी के प्रधानाचार्य विजय कुमार, जीजीआईसी प्रधानाचार्य पुष्पा वर्मा, सीआईसी प्रधानाचार्य डॉ रणवीर चौहान, आदि मौजूद रहे।

# बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से खेत में जा गिरी कार, एक की मौत



**संवाददाता।** जालौन, उरई

**बुंदेलखंड** एक्सप्रेस वे के लिंक रोड पर तेज रफ्तार कार सड़क से उतरकर खेतों में चली गई। हादसे में कार सवार एक युवक की मौत हुई जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हुआ। घायल युवक को जिला अस्पताल रेफर किया गया। जबकि मृतक युवक के शव का पंचनामा भरकर कोतवाली पुलिस ने उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा।

उरई कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रामनगर निवासी शिवम उर्फ सिब्बू (20) पुत्र थान सिंह एवं सूर्यांशु (23) पुत्र शिवकुमार गुरूवार की रात घर से दोस्त के जन्मदिन पर जाने की बात कहकर कार से निकले थे। उन्होंने घर पर बताया था कि रात में जन्मदिन मनाकर वह सुबह वापस आ जाएंगे। शुक्रवार की सुबह उनकी गाड़ी बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के लिंक रोड पर आ रही थी। सहाव के पास किमी संख्या 210 के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित हो गई। कार चालक शिवम कार को नियंत्रित नहीं कर सका। कार सड़क की साइड में रेलिंग को तोड़ती हुई पलटी खाते हुए करीब 100 मीटर अंदर खेत तक चली गई। हादसे में कार चालक शिवम की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कार में बैठा सूर्यांशु गंभीर रूप से घायल हो गया।

# लॉगिन से मिलेगा पीएम पोषण योजना का खाद्यान्न

● डीएम ने अधिकारियों को दिये दिशा-निर्देश

● सीडीओ के साथ डीएम ने आजीविका प्रशिक्षण केन्द्र का किया निरीक्षण



**संवाददाता।** चित्रकूट

**जिलाधिकारी** अभिषेक आनंद को आईसीडीएस योजना एवं पीएम पोषण योजना के खाद्यान्न परिवहन व्यवस्था से उठान करने बाबत बैठक में जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि सप्लाई चेन मैनेजमेंट के तहत ये कार्य जिला कार्यक्रम अधिकारी की लॉगिन तथा पीएम पोषण का कार्य बीएसए की लॉगिन से किया जाएगा।

शुक्रवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय में हुई बैठक में कोटेदार के आवंटन की फीडिंग के बाद डीपीओ/बीएसए डिजिटल हस्ताक्षर से ब्लाक गोदामवार लॉक करेंगे। आईसीडीएस मुख्यालय लॉगिन एवं मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण मुख्यालय लॉगिन से अन्तिम रूप से त्रैमासिक आवंटन लॉक करते ही उचित दर दुकानवार का ई-चालान खुद जनरेट हो जाएगा। खाद्य एवं रसद विभाग की वेबसाइट के पब्लिक डोमेन पर डाउनलोड को उपलब्ध रहेगा।

चालान सृजित होने के बाद डीएसओ लॉगिन से सिंगल स्टेज परिवहन व्यवस्था के तहत योजनाओं के खाद्यान्न उठान को सिंगल स्टेज परिवहन ठेकेदारों को उपलब्ध कराए वाहनों की क्षमतानुसार कोटेदारों के ग्रुप में आ जाएगा। आईसीडीएस योजना के तहत जिला खाद्य विपणन अधिकारी लॉगिन पर रिलीज आर्डर सुरक्षित कर लॉक कर देंगे। भारतीय खाद्य निगम से प्राप्त रिलीज आर्डर को पोर्टल पर प्राप्त करेंगे। पीएम पोषण योजना को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लॉगिन पर जिले के कुल रिलीज ऑर्डर इन्डेन्ट इंट्रीकर सुरक्षित कर लॉक करेंगे।

डीएम अभिषेक आनन्द व सीडीओ अमृतपाल कौर ने ऑडिटोरियम एवं आजीविका प्रशिक्षण केंद्र निर्माण का निरीक्षण कर फॉल सीलिंग, खिड़की दरवाजा, विद्युत फिटिंग, पैनलिंग, आफ्टा, साउंड सिस्टम, स्पीकर, फ्लोरिंग, लाइटिंग आदि कार्यों को देखा।

शुक्रवार को जिलाधिकारी ने परियोजना प्रबंधक राजकीय निर्माण निगम को निर्देश दिए कि 25 जुलाई तक प्रत्येक दशा में कार्य पूरा करायें। परियोजना निदेशक डीआरडीए से कहा कि अधिशासी अभियंता विद्युत से संपर्क कर विद्युत व्यवस्था करायें।

# सहकारी समिति के चुनावों में निर्विरोध निर्वाचित हुए नीरज



**संवाददाता।** कानपुर देहात

**सहकारी** समिति की राजनीति से ब्लाक प्रमुख, विधायक व मंत्री पद तक पहुंचे रामस्वरूप सिंह गौर के बर्चस्व को उनके नाती पूर्व प्रत्याशी विधानसभा नीरज सिंह ने गुरुवार को सम्पन्न हुये सहकारी समिति रूरा के चुनावों में समर्थित प्रत्याशियों को निर्विरोध जीत दर्ज करवा कर फिर एक बार बादशाहत कायम की। सत्ता दल द्वारा चुनावों में अनेको बार व्यवधान उत्पन्न करने के बाद भी विपक्ष में रहते हुये सपा प्रत्याशियों को निर्विरोध जीत दिलवाकर अपनी पार्टी के सर्मथकों, पदाधिकारियों सहित आलाकमान को भी नीरज ने अपनी राजनैतिक पकड व समझ का लोहा मनवाते हुये खुशी मनाने का मौका दे दिया है। रूरा की सहकारी समिति के चुनाव अबकी बार सत्ताधारी दल द्वारा बार-बार धाँधली के आरोपों के चलते कई बार स्थगित किये गये। सहकारी राजनीति के सहारे ही प्रदेश की राजनीति में कस्बे को पहचान दिलाने वाले रामस्वरूप सिंह का पिछले कई वर्षों से वर्चस्व व एकछत्र राज्य था। अबकी बार सत्ताधारी दल ने सत्ता की हनक के चलते चुनौती देने का प्रयास किया परन्तु वह जमीनी राजनीति करने वाले ब्रम्हलीन पूर्व मंत्री के नाती नीरज सिंह गोर की सटीक रणनीतियों के आगे नाकाफी साबित हुई।

# सीएम से मिलकर गिनायेंगे व्यापारियों की समस्याएं: गर्ग



**फतेहपुर।** जिले के व्यापारियों की समस्याओं व कंपनियों के उत्पीड़न को लेकर आदर्श व्यापार मंडल गर्ग गुट की ओर से व्यापारिक सद्भावना व जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जल्द ही मुख्यमंत्री से एक प्रतिनिधि मंडल मिलकर व्यापारियों की समस्याओं से रूबरू कराने का काम करेगा। सद्भावना यात्रा की जिम्मेदारी सभी को सौंप दी गई है। अध्यक्ष प्रदीप गर्ग ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जिले के व्यापारियों का कई तरह से शोषण किया जा रहा है। साथ ही व्यापारियों की कई समस्याएं भी हैं। कंपनियों के उत्पीड़न से भी व्यापारी दो-चार हो रहा है। इन सभी मुद्दों को लेकर फ्तेहपुर आदर्श व्यापार मंडल ने व्यापारिक सदभावना व जन जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया है। जिसके तहत सभी कस्बों के अध्यक्ष व महामंत्रियों को जिम्मेदारी सौंप दी गई है कि वे यात्रा को सफ्ल बनाने हेतु अपना संपूर्ण योगदान प्रदान करें। बताया कि यात्रा के बाद जनप्रतिनिधियों को समस्याओं का ज्ञापन सौंपा जायेगा।

# कोटरा नगर की मुख्य सड़क बरसात के मौसम में दलदल में हुई तब्दील

● वाहन तो दूर पैदल निकलना भी मुश्किल

● न सड़क बन सकी और न ही अस्पताल



**संवाददाता।** कोटरा, जालौन

**आदर्श** नगर पंचायत का खिताब मिलने के बाद नगर की सड़कों का कैसा हाल होना चाहिये यह कस्बा कोटरा की मुख्य सड़क को देखकर आसानी से लगाया जा सकता है। कस्बे की मुख्य सड़क पूरी तरह से दलदल में तब्दील हो गयी जिस पर दोपहिया वाहन तो छोड़िये चार पहिया व पैदल राहगीरों को कीचड़ के बीच से निकलने को विवश होना पड़ रहा है। कस्बावासियों को सबसे ज्यादा मलाल इस बात का है कि जनपद के जनप्रतिनिधि भी इस बारे में पूरी तरह से उदासीनता पूर्ण रवैया अपनाये हुये हैं। जिससे नगरवासी अब खुद का ठगा सा महसूस समझ रहे हैं। आजादी के पूर्व तक जनपद के अंतिम छोर पर बसा कस्बा कोटरा कभी अपनी बुलंदियों पर इतराता था जब जल मार्ग से व्यापार होता है उस दौरान कोटरा नगर समूचे देश में विख्यात था। लेकिन देश की आजादी के बाद कोटरा को ऐसी नजर लगी कि वह आज तक विकास की किरणों से कोसों दूर दिखायी देता है। इस दौरान नगर का विकास कराया गया यह हकीकत है लेकिन जितने विकास की दरकार कोटरा थी उस गति से विकास नहीं हो सका।

## लाभ का लालच देकर 40 लाख ठगे, लौटाये 16 लाख

**जालौन, उरई।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मुरलीमनोहर निवासी अनस ने पुलिस को बताया कि मोहल्ला चिमनदुबे निवासी मोहम्मद शाद ने वर्ष 2021 में उन्हें एक टीशर्ट कंपनी व वाशिंग पावडर कंपनी में इंवेस्ट करने पर अच्छा फायदा होने का लालच दिया। विश्वास में आकर उसने 39 लाख 73 हजार 500 रुपये दे दिया। जब रुपये मांगे तो 16 लाख रुपये वापस कर दिए। शेष रुपये मांगने पर गाली, गलौज कर जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## क्विक न्यूज

### दुष्कर्मी को उम्रकैद की सजा, 45 हजार अर्थदंड

**फतेहपुर।** नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायालय पास्को कोर्ट नंबर प्रथम के न्यायाधीश ने अभियुक्त को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही आरोपी पर 45 हज़ार का अर्थदंड भी लगाया है। जुर्माने की राशि अदा न करने पर आरोपी को एक साल की अतिरिक्त सजा भी भुगतनी पड़ेगी। सहायक शासकीय अधिवक्ता देवेंद्र कुमार सिंह भदौरिया ने बताया कि 18 को सदर कोतवाली के एक गांव निवासी युवक की 12 वर्षीय बेटी के साथ अस्ती निवासी शफ़ीक पुत्र इदरीस ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। इसके बाद आरोपी मौके से भाग निकला था। रोती बिलखती किशोरी घर पहुंची पीड़िता ने परिजनों से आपबीती बताई। इस पर परिजन पीड़िता को लेकर स्थानीय थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ तहरीर दी।

### जर्जर प्राथमिक भवनों की छतों के नीचे बैठे छात्र

**मौदहा, हमीरपुर।** नगर क्षेत्र के आठ प्राथमिक विद्यालय किराये के जर्जर भवनों में संचालित हो रहे हैं। जिससे कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है। जब कि शासनादेश है कि हर हाल में बच्चों को सुरक्षित भवनों में बैठाया जाये। मगर शिक्षा अधिकारियों के कानों में जू नही रेग रहा है। साठ लाख की लागत से 2017 में बने दो मंजिला विद्यालय सरकार ने नगर वासियों की मंशा के अनुरूप छिमौली रोड में शासन द्वारा बनवाया गया था। जो विद्यालय आज तक हैंडओवर न होने के कारण होने के कारण अराजक तत्वों का अड्डा बना हुआ है दिन प्रतिदिन दो मंजिला बिल्डिंग खिड़की दरवाजे जंगली अराजक तत्व खोल खोल कर ले जा रहे है अधिकारियों की शिथिलता के कारण बच्चों का भविष्य अंधकार में लटका है कभी भी अप्रिय घटना का शिकार हो सकते हैं।

### बिना हार्ट ट्रांसप्लांट किए ही मरीज़ की बचाई जान

**कानपुर।** गंभीर हार्ट फेलियर से ग्रसित 42 वर्षीय व्यक्ति को रीजेंसी हॉस्पिटल कानपुर में डॉक्टरों ने बिना हार्ट ट्रांसप्लांट किए ही नया जीवन दे दिया। इसके लिए डॉक्टरों ने सफ्ल एओर्टिव वाल्व रिप्लेसमेंट किया। बता दें कि मरीज एनवाईएचए क्लास प्ट की स्थिति या गंभीर हार्ट फेलियर के साथ.साथ बाइवेंट्रिकुलर फेलियर से ग्रसित था। बाइवेंट्रिकुलर फेलियर में हृदय के दोनों हिस्से प्रभावित होते हैं। व्यक्ति गोरखपुर से कानपुर में रीजेंसी हॉस्पिटल में इलाज़ कराने आया था।मरीज के इको स्कैन में गंभीर एओर्टिक स्टेनोसिसए मॉडरेट एओर्टिक रेगुर्जिटेशनए गंभीर माइट्रल रेगुर्जिटेशनए गंभीर ट्राइकसपिड रेगुर्गिटेशनए हृदय के सभी चार चैंबर लेफ्ट वेंट्रिकुलर इजेक्शन फ्रैक्शन से 15 से 20: चौड़े दिखाई दिए।

# पेज एक का शेष

## हाईकोर्ट से...

नहीं है। उन्होंने कहा, इसके मद्देनजर मौजूदा आपराधिक पुनरीक्षण याचिका खारिज किए जाने के योग्य है और इसीलिए इसे खारिज किया जाता है। न्यायमूर्ति प्रच्छक ने कहा कि इस चरण पर दोषसिद्धि के फैसले पर रोक लगाने का कोई तर्कसंगत आधार नहीं है। उन्होंने सूरत की जिला एवं सत्र अदालत को दोषसिद्धि के फैसले के खिलाफ गांधी की याचिका पर जल्द से जल्द सुनवाई करने को कहा। अदालत के इस फैसले से नाखुश गुजरात में कांग्रेस विधायक दल के नेता अमित चावड़ा ने संवाददाताओं से कहा कि पार्टी उच्च न्यायालय के आदेश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देगी। गुजरात में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक पूर्णेश मोदी द्वारा दायर 2019 के मामले में सूरत की मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अदालत ने 23 मार्च को राहुल गांधी को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धाराओं 499 और 500 (आपराधिक मानहानि) के तहत दोषी ठहराते हुए दो साल जेल की सजा सुनाई थी। इस फैसले के बाद गांधी को जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के तहत संसद की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। राहुल गांधी 2019 में केरल के वायनाड से लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए थे। इसके बाद गांधी ने दोषसिद्धि के फैसले पर रोक लगाने का अनुरोध करने संबंधी याचिका दायर करने के अलावा सूरत की एक सत्र अदालत में इस आदेश को चुनौती दी थी, जो अभी लंबित है। सत्र अदालत ने 20 अप्रैल को गांधी की जमानत मंजूर कर ली थी, लेकिन दोषसिद्धि के फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। इसके बाद उन्होंने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। राहुल गांधी ने 13 अप्रैल, 2019 को कर्नाटक के कोलार में एक चुनावी रैली के दौरान टिप्पणी की थी कि सभी चोरों का समान उपनाम मोदी ही क्यों होता है? इस टिप्पणी को लेकर विधायक ने गांधी के खिलाफ आपराधिक मानहानि का मामला दर्ज कराया था।

## फैसले के...

कानून का दुरुपयोग किया गया है। कांग्रेस प्रवक्ता और वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने संवाददाताओं से कहा, यह फैसला निराशाजनक जरूर है, किंतु अप्रत्याशित नहीं है। उन्होंने कहा, यह मामला सिर्फ राहुल गांधी या किसी व्यक्ति विशेष का नहीं है, क्योंकि यह स्वतंत्र विचार और अभिव्यक्ति की बात है। इस सरकार का उद्देश्य है कि अभिव्यक्ति की आजादी पर नियंत्रण किया जाए। इसीलिए मानहानि के कानून का दुरुपयोग किया गया है। सिंघवी ने इस बात पर जोर दिया, राहुल गांधी जी सत्य की राह के निडर यात्री हैं और वो भाजपा के झूठ का पर्दाफाश करते रहेंगे। इस तरह के पर्दाफाश से मोदी सरकार बौखलाई रहती है। हमें विश्वास है कि सत्य की जीत होगी और इस अहंकारी सत्ता को अंत में कड़ा जवाब मिलेगा। उन्होंने आरोप लगाया, यह एक साजिश है कि स्वतंत्र विचारों का गला घोटा जाए और कोई व्यक्ति स्वतंत्र रूप से अपने विचार व्यक्त नहीं कर सके। उनका कहना था कि यह फैसला कानूनी रूप से गलत है और इसे बहुत जल्द उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी जाएगी। इससे पहले, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि कांग्रेस का कोई नेता साजिश से नहीं डरेगा और इस मामले में राजनीतिक एवं कानूनी लड़ाई लड़ी जाएगी। उन्होंने ट्वीट कर कहा, देश अब मोदी जी की भ्रष्टाचार पर दोहरी नीति को बड़ी गहराई से जान चुका है। कांग्रेस का कोई भी नेता, हमारा कोई भी कार्यकर्ता, इस राजनीतिक साज़िश से नहीं डरता। हम राजनीतिक और क़ानूनी लड़ाई, दोनों लड़ेंगे। सत्यमेव जयते। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने आरोप लगाया कि अहंकारी सत्ता सच को दबाने के लिए हर हथकंडे आजमा रही है। पार्टी के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा कि उच्च न्यायलय के फ़ैसले ने इस मामले को आगे ले जाने के पार्टी के संकल्प को दोगुना किया है। कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल ने कहा कि मानहानि मामले में राहुल गांधी की दोषसिद्धि पर रोक लगाने संबंधी याचिका खारिज करने के गुजरात उच्च न्यायालय के आदेश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी जाएगी।

## निर्णय विधि...

कहा कि अगर राहुल गांधी लोगों को अपमानित करना अपना अधिकार समझते हैं तो कानून भी है, जो उनसे निपटेगा...अपमानित होने वाले का भी अधिकार है कि वह न्याय के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाए। उन्होंने कहा, राहुल गांधी का अपनी वाणी पर कोई नियंत्रण नहीं है। कुछ भी बोल देंगे आप। अदालत ने उनको माफी मांगने का मौका भी दिया था, लेकिन उन्होंने इससे इंकार कर दिया। यह आपका गैरजिम्मेदाराना अहंकार है। पूर्व कानून मंत्री ने कहा कि प्रतिष्ठित लोगों और संगठनों को गाली देना और बदनाम करना गांधी की फितरत बन गई है। उन्होंने कांग्रेस नेता पर वी डी सावरकर जैसे महान देशभक्त और हिंदुत्व संगठन आरएसएस का अपमान करने का भी आरोप लगाया। प्रसाद ने कहा कि यह उनका अहंकार है कि वह मानते हैं कि वह कानून से ऊपर हैं क्योंकि वह गांधी परिवार से हैं। उन्होंने भाजपा के इस रुख को दोहराया कि कांग्रेस नेता ने मोदी उपनाम वाले लोगों को कथित तौर पर चोरों से जोड़कर पिछड़ी जातियों का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस से पूछना चाहता हूं कि वह राहुल गांधी को नियंत्रित क्यों नहीं कर सकती और उन्हें सही बोलने के लिए प्रशिक्षित क्यों नहीं कर सकती? सूरत की निचली अदालत ने जब उन्हें माफी मांगने का मौका दिया तो उन्होंने कहा कि मैं सावरकर नहीं हूं कि माफी मांग लूंगा।

## भाजपा ने...

इस चुनाव को जीतकर लगातार दूसरी बार सरकार बनाई। कर्नाटक से ताल्लुक रखने वाले जोशी उत्तराखंड चुनावों के दौरान स्थानीय क्षत्रपों की खींचतान से निपटने में सफल रहे थे। केंद्रीय मंत्री यादव पहले भी कई राज्यों के चुनाव प्रभारी रह चुके हैं। इन चुनावों में अपने प्रदर्शन के बाद वह संगठन में एक प्रमुख रणनीतिकार के रूप में उभरे हैं। माथुर की गिनती भाजपा के अनुभवी नेताओं में होती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे तब वह उस राज्य के प्रभारी हुआ करते थे। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भाजपा की मुख्य चुनौती कांग्रेस है, वहीं तेलंगाना में बीआरएस सत्ता में है। मध्य प्रदेश में भाजपा और राजस्थान व छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार है। प्रत्येक राज्य के विधानसभा चुनाव से पहले, भाजपा केंद्रीय प्रभारी और सह-प्रभारियों की नियुक्ति करती है। प्रभारी व सह प्रभारी चुनावी राज्यों के पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठकें करते हैं और चुनावी रणनीति को धार देने में भूमिका निभाते हैं। चुनाव के दौरान उम्मीदवारों के चयन में भी उनकी अहम भूमिका होती है।

## भ्रष्ट और...

कि हर सरकारी विभाग हर अधिकारी अपनी जिम्मेदारी निभाने लगे। अब किसी के लिए गुणा गणित का कोई चांस ही नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि जानते हैं, इसका सबसे बड़ा लाभ क्या हो रहा है, जब सरकार खुद ही पहुंच रही है तो क्या हो रहा है- कमीशन लेने वालों की दुकान बंद, दलाली खाने वालों की दुकान बंद, घोटाले करने वालों की दुकान बंद, यानि न कोई भेदभाव और न ही कोई भ्रष्टाचार। मोदी ने कहा कि बीते नौ वर्षों में हमने सिर्फ एक परिवार और एक पीढ़ी के लिए योजनाएं नहीं बनाई है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों का भविष्य भी सुधर जाए, इसको ध्यान में रखकर काम किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि अभी तक देश में चार करोड़ से अधिक परिवारों को पीएम आवास योजना के पक्के घर मिल चुके हैं। यूपी के साढ़े चार लाख गरीब परिवारों को पक्के घर सुपुर्द किए गए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते नौ वर्षों में काशी की कनेक्टिविटी को भी बेहतर करने के लिए अभूतपूर्व काम हुआ है और यहां जो विकास कार्य हो रहे हैं, वो रोजगार के अनेकों नए अवसर भी बना रहे हैं। इससे पहले, प्रधानमंत्री यहां अपने संसदीय क्षेत्र में 12,110 करोड़ रुपए से अधिक की 29 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। एक बयान में कहा गया है कि गोरखपुर में वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाने और गीता प्रेस शताब्दी वर्ष समापन समारोह में शामिल होने के बाद यहां पहुंचे मोदी ने कई परियोजनाओं की शुरुआत की। बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री ने राष्ट्र को तीन रेलवे लाइन भी समर्पित की जिनका विद्युतीकरण या दोहरीकरण 990 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से पूरा किया गया है, इनमें ग़ाज़ीपुर-औड़िहार रेल लाइन, औड़िहार-जौनपुर रेल लाइन और भटनी-औड़िहार रेल लाइन शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि एनएच-56 के वाराणसी-जौनपुर खंड का चार-लेन चौड़ीकरण, 2750 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से पूरा हुआ, जिससे वाराणसी से लखनऊ की यात्रा और बेहतर होगी, इसे भी राष्ट्र को समर्पित किया गया। प्रधानमंत्री ने वाराणसी में जिन कई परियोजनाओं का उद्घाटन किया उनमें 18 पीडब्ल्यूडी सड़कों का निर्माण और नवीनीकरण शामिल हैं। बीएचयू परिसर में अंर्ताष्ट्रीय महिला छात्रावास के भवन का निर्माण, सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीआईपीईटी) - ग्राम करसड़ा में व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र, पुलिस स्टेशन सिंधौरा, पीएसी भुल्लनपुर, फायर स्टेशन पिंडरा और सरकारी आवासीय विद्यालय तरसदा में आवासीय भवन और सुविधाएं, आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन भवन, मोहन कटरा से कोनिया घाट तक सीवर लाइन और रमना गांव में आधुनिक सेप्टेज प्रबंधन प्रणाली, 30 दो तरफा बैकलिट एलईडी यूनिपोल, एनडीडीबी मिल्क प्लांट रामनगर में गाय के गोबर पर आधारित बायोगैस संयंत्र और दशाश्वमेध घाट पर एक अद्वितीय फ्लोटिंग चेंजिंग रूम जेटी है जो भक्तों को गंगा नदी में स्नान करने की सुविधा प्रदान करेगी। कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रधानमंत्री के साथ मौजूद थे।

## वंदे भारत...

को बढ़ावा मिलेगा। मोदी ने इसके साथ ही गोरखपुर रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण की भी शुरुआत की। अधिकारी ने बताया कि गोरखपुर रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण पर 498 करोड़ रुपए की लागत आएगी। प्रधानमंत्री ने इसी दौरान जोधपुर से अहमदाबाद के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को भी रवाना किया। इसके पहले मोदी ने गीता प्रेस शताब्दी वर्ष समापन समारोह को संबोधित करते हुए गोरखपुर-लखनऊ वंदे भारत ट्रेन रवाना करने की घोषणा की। उन्होंने कहा, गीता प्रेस के कार्यक्रम के बाद मैं गोरखपुर रेलवे स्टेशन जाऊंगा। आज से ही गोरखपुर रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण का काम भी शुरू होने जा रहा है। उन्होंने कहा, आज का मेरा गोरखपुर दौरा विकास और विरासत की नीति का अद्भुत उदाहरण है। मोदी ने कहा कि मैंने जब से सोशल मीडिया पर इसकी तस्वीरें डाली हैं, लोग हैरान होकर देख रहे हैं कि रेलवे स्टेशनों का भी इस तरह से कायाकल्प हो सकता है। उन्होंने कहा कि उसी कार्यक्रम में मैं गोरखपुर से लखनऊके लिए वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाऊंगा और उसी समय जोधपुर से अहमदाबाद के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को भी रवाना किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा, एक समय था जब नेता लोग चिट्ठियां लिखा करते थे कि हमारे क्षेत्र में इस ट्रेन का जरा हाल्ट बना लें, उस ट्रेन का हाल्ट बना लें। आज देश के कोने-कोने से नेता मुझे चिट्ठियां लिखकर कहते हैं कि मेरे क्षेत्र से भी वंदे भारत चलाइए। उन्होंने कहा, यह वंदे भारत का एक क्रेज है। इन सारे आयोजनों के लिए मैं गोरखपुर के लोगों को, देश के लोगों को बहुत बहुत बधाई देता हूं।

## गीता प्रेस...

तक पहुंचाती है। गीता प्रेस एक तरह से एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने कहा, गीता प्रेस विश्व का ऐसा इकलौता प्रिंटिंग प्रेस है, जो सिर्फ एक संस्था नहीं है बल्कि, एक जीवंत आस्था है। गीता प्रेस का कार्यालय करोड़ों लोगों के लिए किसी भी मंदिर से जरा भी कम नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि गीता प्रेस जैसी संस्था सिर्फ धर्म और कर्म से ही नहीं जुड़ी है, बल्कि इसका एक राष्ट्रीय चरित्र भी है। गीता प्रेस भारत को जोड़ती है, भारत की एकजुटता को सशक्त करती हैं। उन्होंने कहा, इसके नाम में भी गीता है, इसके काम में भी गीता हैं। जहां गीता है वहां साक्षात कृष्ण हैं। जहां कृष्ण हैं वहां करूणा भी है, कर्म भी हैं। उन्होंने कहा, 1923 में गीता प्रेस के रूप में यहां जो आध्यात्मिक ज्योति प्रज्वलित हुई, आज उसका प्रकाश पूरी मानवता का मार्गदर्शन कर रहा है। हमारा सौभाग्य है कि हम सभी इस मानवीय मिशन की स्वर्ण शताब्दी के साक्षी बन रहे हैं। उन्होंने कहा, इस ऐतिहासिक अवसर पर ही हमारी सरकार ने गीता प्रेस को गांधी शांति पुरस्कार दिया है। गांधी जी का गीता प्रेस से आध्यात्मिक जुड़ाव था। गांधी जी ने सुझाव दिया था कि कल्याण पत्रिका में विज्ञापन न छापे जाएं, कल्याण पत्रिका आज भी गांधी जी के उस सुझाव का शत प्रतिशत अनुसरण कर रही है। मोदी ने कहा, मुझे यह खुशी है कि आज यह पुरस्कार गीता प्रेस को मिला है। यह देश की ओर से गीता प्रेस का सम्मान है, इसके योगदान का सम्मान है और इसकी सौ वर्षों की विरासत का सम्मान है। इन सौ वर्षों में गीता प्रेस ने करोड़ों-करोड़ किताबें प्रकाशित कर चुकी है। उन्होंने कहा, देश के हर कोने में रेलवे स्टेशनों पर हमें गीता प्रेस का स्टाल देखने को मिलता है। पन्द्रह अलग अलग भाषाओं में यहां से करीब 1600 प्रकाशन होते हैं। गीता प्रेस अलग अलग भाषाओं में भारत के मूल चिंतन को जन जन तक पहुंचाती है। गीता प्रेस एक तरह से एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को प्रतिनिधित्व देती हैं। उन्होंने कहा कि गीता प्रेस ने अपने 100 वर्षो की यह यात्रा एक ऐसे समय में पूरी की है जब देश अपनी आजादी के 75 वर्ष मना रहा है और इस तरह के योग केवल संयोग नहीं होते हैं। उन्होंने कहा, 1947 के पहले भारत ने निरंतर अपने पुनर्जागरण के लिए अलग अलग क्षेत्रों में प्रयास किए। अलग अलग संस्थाओं ने भारत की आस्था को जगाने के लिए आकार लिया। इसी का परिणाम था कि 1947 आते आते भारत मन और मानस से गुलामी की बेड़ियों को तोड़ने को पूरी तरह से तैयार था। उन्होंने कहा कि सौ साल का पहले का ऐसा समय जब सदियों की गुलामी ने भारत की चेतना को धूमिल कर दिया था, अंग्रेजों के दौर में गुरुकुल परंपरा लगभग नष्ट कर दिए गए, ऐसे में स्वाभाविक था कि ज्ञान और विरासत लुप्त होने के कगार पर थे। हमारे पूज्य ग्रंथ गायब होने लगे थे। जो प्रिंटिंग प्रेस भारत में थे वह महंगी कीमत के कारण सामान्य आदमी की पहुंच से दूर थे और कल्पना करिए कि गीता और रामायण के बिना हमारा समाज कैसे चला रहा होगा। उन्होंने कहा, गीता प्रेस इस बात का भी प्रमाण है कि जब आपके उद्देश्य पवित्र होते हैं, आपके मूल्य पवित्र होते हैं, तो सफलता आपका पर्याय बन जाती है। मोदी ने कहा कि गीता प्रेस एक ऐसा संस्थान है जिसने हमेशा सामाजिक मूल्यों को समृद्ध किया है, लोगों को कर्तव्य पथ का रास्ता दिखाया है। गंगा जी की स्वच्छता की बात हो, योग विज्ञान की बात हो, पतंजलि योग सूत्र का प्रकाशन हो, आयुर्वेद से जुड़ा आरोग्य अंक हो, भारतीय जीवन शैली से लोगों को परिचित करवाने के लिए जीवनचर्या अंक हो। समाज में सेवा के आदर्शों को मजबूत करने के लिए सेवा अंग और दान महिमा हो... इन सब प्रयासों के पीछे राष्ट्र सेवा की प्रेरणा जुडी रही हैं राष्ट्र निर्माण का संकल्प रहा है।

## पहलवान यौन...

ने बृजभूषण के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धाराओं 354 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उस पर हमला या आपराधिक बल का इस्तेमाल), 354 ए (यौन उत्पीड़न), 354 डी (पीछा करना) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत 15 जून को आरोपपत्र दायर किया था। तोमर पर आईपीसी की धाराओं 109 (किसी अपराध के लिए उकसाना), 354, 354ए और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत अपराध का आरोप लगाया गया था। वर्तमान मामले के अलावा, एक नाबालिग पहलवान द्वारा लगाए गए आरोपों के बाद सिंह के खिलाफ एक और प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जो यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत दर्ज की गई थी। वह उन सात महिला पहलवानों में शामिल थीं, जिन्होंने सिंह पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। दिल्ली की एक अदालत ने एक नाबालिग पहलवान के कथित यौन उत्पीड़न को लेकर बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दर्ज मामले को रद्द करने के लिए पुलिस की ओर से दाखिल की गई अंतिम रिपोर्ट पर पीड़िता और शिकायतकर्ता से चार जुलाई को जवाब मांगा था। दिल्ली पुलिस ने सिंह के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम के तहत दर्ज मामले को रद्द करने का अनुरोध करते हुए 15 जून को अदालत में एक रिपोर्ट दाखिल की थी। दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को नाबालिग पहलवान को सिंह के खिलाफ दायर याचिका वापस लेने की अनुमति प्रदान कर दी है। संबंधित नाबालिग पहलवान के वकील ने न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा से कहा कि निचली अदालत के समक्ष दिल्ली पुलिस द्वारा दायर निरस्तीकरण रिपोर्ट के मद्देनजर उच्च न्यायालय में याचिका निरर्थक हो गई है। सरकार ने पहले ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पुनिया, साक्षी मलिक और ओलंपियन विनेश फोगाट सहित आंदोलनकारी पहलवानों को आश्वासन दिया था कि 15 जून तक आरोप पत्र दायर किया जाएगा, जिसके बाद उन्होंने अपना आंदोलन स्थगित कर दिया था।

## सिसोदिया, उनकी...

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि जो संपत्ति जब्त की गई है, वह कुल 80 लाख की है, वह भी 2018 के पहले की है और असली है, उस समय तो एक्साइज नीति बनी ही नहीं थी। ईडी के जरिए मनीष सिसोदिया को बदनाम करने के लिए झूठ फैलाया जा रहा है।

## मैकडॉनल्ड्स ने...

में उपलब्ध कराया जा रहा है। उत्तर और पूर्वी भारत में मैकडॉनल्ड्स रेस्तरां का परिचालन फ्रेंचाइजी के रूप में कनॉट प्लाजा रेस्टुरेन्ट्स प्राइवेट लि. (सीपीआरएल) कर रही है। वहीं दक्षिणी और पश्चिमी क्षेत्रों में मैकडॉनल्ड्स के रेस्तरां का परिचालन दूसरी फ्रेंचाइजी कंपनी वेस्टलाइफ ग्रुप कर रही है।

# चीन की तरह भारत दोहन करने वाली अर्थव्यवस्था नहीं: जयशंकर

**भाषा।** दारेसलाम (तंजानिया)



**चीन पर परोक्ष रूप** से हमला बोलते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि भारत दोहन करने वाली अर्थव्यवस्था नहीं है और यह संसाधन-समृद्ध अफ्रीका महाद्वीप में संकीर्ण आर्थिक गतिविधियां नहीं कर रहा है। जांजीबार की यात्रा के बाद बृहस्पतिवार को यहां पहुंचे जयशंकर ने तंजानिया के दारेसलाम शहर में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। विदंश मंत्री ने ट्वीट किया, दारेसलाम में भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ जीवंत संवाद हुआ। मिशन आईटी (भारत और तंजानिया) की महत्ता पर जोर दिया। मजबूत भारत-अफ्रीका संबंध, विशेषकर पूर्वी अफ्रीका के साथ हमारे प्रगाढ़ संबंधों पर प्रकाश डाला। भारत और तंजानिया के रिश्ते पारस्परिक हितों पर आधारित हैं। भारतीय समुदाय के योगदान का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, भारत और तंजानिया की मित्रता तंजानिया के नागरिकों के जीवन में बदलाव ला रही है। हमारी जल परियोजनाओं से 80 लाख लोगों को फायदा पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि तंजानिया प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण में भारत का सबसे बड़ा अफ्रीकी भागीदार है। भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा, आज हम अफ्रीका और इसकी अर्थव्यवस्था को प्रगति करते देखना चाहते हैं। आज अफ्रीका के प्रति हमारा दृष्टिकोण अफ्रीका के साथ अधिक व्यापार करना, अफ्रीका में निवेश करना, अफ्रीका के साथ काम करना, अफ्रीका में क्षमता को बढ़ाना है, ताकि अफ्रीका का भी उसी तरह उत्थान हो, जिस तरह भारत जैसे देश एशिया में बढ़ रहे हैं। अफ्रीका में चीनी मौजूदगी का हवाला देते हुए उन्होंने कहा, हम यहां दोहन करने वाली अर्थव्यवस्था के रूप में मौजूद नहीं हैं। हम यहां उस तरह से नहीं हैं जिस तरह बहुत से अन्य देश बहुत ही संकीर्ण आर्थिक उद्देश्यों के लिए यहां हैं।

### तंजानिया स्थित राष्ट्रमंडल युद्ध स्मारक में भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी

**दारेसलाम।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को तंजानिया स्थित राष्ट्रमंडल युद्ध स्मारक में उन भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी जिनका यहां अंतिम संस्कार किया गया था। जयशंकर जंजीबार की यात्रा के बाद बृहस्पतिवार को तंजानिया पहुंचे। भारत और तंजानिया के बीच पारंपरिक रूप से मित्रवत संबंध रहे है और विदेश मंत्री की इस यात्रा से दोनो देशो के संबंधो के और प्रगाढ़ होने की उम्मीद है। तंजानिया यात्रा के दूसरे दिन जयशंकर ने भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। जयशंकर ने ट्वीट किया, दारेसलाम स्थित राष्ट्रमंडल युद्ध स्मारक जाकर आज भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। युद्ध के विभिन्न मोर्चों पर उनका बलिदान हमारे इतिहास का महत्वपूर्ण हिस्सा है। वे भारत के वैश्विक प्रभाव की याद दिलाते है।

## अमेरिकी सांसदों, भारतीय-अमेरिकियों ने सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हमले की निंदा की

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिकी सांसदों** और प्रभावशाली भारतीय-अमेरिकियों ने सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हमले की घटना की निंदा की है और इस आपराधिक कृत्य में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्वाई की मांग की। अमेरिकी सांसदों और प्रभावशाली भारतीय-अमेरिकियों ने देश में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू के खिलाफ हिंसक बयानबाजी की भी निंदा की और कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता हिंसा भड़काने अथवा संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का लाइसेंस नहीं है। खालिस्तान समर्थकों ने ट्विटर पर दो जुलाई की तारीख का एक वीडियो साझा किया है, जिसमें सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास में आगजनी की घटना दिखाई गई है। वीडियो में हिंसा से हिंसा पैदा होती है जैसे वाक्य लिखे हैं। इसमें कनाडा में खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) के प्रमुख हरदीप सिंह निज्जर की मौत से जुड़ी खबरों को भी दिखाया गया है। निज्जर भारत के सर्वाधिक वांछित आतंकवादियों में से एक था और उस पर 10 लाख रुपए का नकद इनाम था। पिछले महीने कनाडा में एक गुरुद्वारे के बाहर उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। सांसद रो खन्ना और माइकल वाल्ट्ज ने एक संयुक्त बयान में कहा कि राजनयिक प्रतिष्ठानों पर हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हम इंडिया कॉकस के सह-अध्यक्ष होने के नाते सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास में आगजनी और तोड़फोड़ की घटना तथा सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे उन पोस्टरों की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं, जिनमें भारतीय राजदूत तरणजीत संधू सहित भारतीय राजनयिकों के खिलाफ जहर उगला जा रहा है। सांसदों ने संयुक्त बयान में कहा, हम प्रत्एक अमेरिकी के लिए बोलने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का समर्थन करते हैं, लेकिन यह संपत्ति को नुकसान पहुंचाने या हिंसा भड़काने का लाइसेंस नहीं है। राजनयिक प्रतिष्ठानों के खिलाफ हिंसा अपराध है और इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## इजराइली सेना की कर्रवाई में वेस्ट बैंक में दो फलस्तीनी मारे गए

**नाबलुस ( वेस्ट बैंक )।** इजराइली सेना की कार्वाई में शुक्रवार को वेस्ट बैंक में दो वांछित फलस्तीनी मारे गए। इजराइली घरेलू सुरक्षा एजेंसी शिन बेट ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इजराइली सेना के सैन्य अभियान के कुछ दिन बाद यह कार्वाई की गई है। इजराइल ने इस सप्ताह की शुरुआत में जेनीन शरणार्थी शिविर में दो दिन का सैन्य अभियान चलाया था जिसमें कम से कम 12 फलस्तीनियों की मौत हो गई थी और हजारों लोग बेघर हो गए थे। इस अभियान में एक इजराइली सैनिक भी मारा गया था। यह दो दशक में इलाके में इजराइल का सबसे बड़ा सैन्य अभियान था। सुरक्षा एजेंसी ने कहा कि इस सप्ताह पुलिस वाहन पर गोलीबारी करने वाले फलस्तीन के दो लोग वेस्ट बैंक के नाबलुस शहर में इजराइली सैनिकों की कार्वाई में मारे गए। इजराइली गोलीबारी में दो लोग मारे गए और इनकी पहचान खैरी सारी शाहीन (34) और हमजा मकबूल (32) के रूप में हुई है। इजराइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने शुक्रवार के अभियान की सराहना की। उन्होंने कहा कि इजराइल आतंकवादियों का पूरी तरह से सफाया करने के लिए अपनी कार्वाई जारी रखेगा।

### संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने जेनिन हमले में इजराइल के अत्यधिक बलप्रयोग की निंदा की

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने वेस्ट बैंक मे शरणार्थियो के शिविर को निशाना बनाकर किए गए हमले मे इजराइल द्वारा अत्यधिक बल प्रयोग की निंदा की है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने जेनिन शरणार्थी शिविर मे इजराइल के हमले और उससे पड़े असर को लेकर नाराजगी जाहिर की और कहा कि इस घटना मे 100 से अधिक आम नागरिक घायल हुए है तथा हजारों अन्य विस्थापित हुए है। गुतारेस ने कहा कि हमले मे स्कूल और अस्पताल क्षतिग्रस्त हुए है।

**सार्वजनिक सूचना**

एतदद्वारा सूचित करना है कि भवन/फ्लैट संख्या-153, एफ-64, सी/7, सैक्टर-40, नोएडा, जिला-गौतम बुद्ध नगर, (उ0प्र0) जिसके मूल आवंटी मैसर्सः- मोड डीवाईस, द्वारा श्री जवाहर लाल पुत्र श्री सोहन लाल निवासीः- फ्लैट संख्या-153, एफ-64, सी/7, सैक्टर-40, नोएडा, जिला-गौतम बुद्ध नगर, (उ0प्र0) के मूल आवंटी है। जिनके द्वारा जीपीए के द्वारा उक्त भवन श्रीमती भगवती देवी पत्नी श्री भगोत सिंह निवासीः-59, अमीचन्द-खण्ड, गिरीनगर, काल्का जी, न्यू दिल्ली को विक्रय किया गया पंजीकृत मुख्तारनामा जिल्द सं0-177, पृष्ट-1/6, बही सं0-35, दिनांकः-08/1/2023 दफतर सब रजिस्ट्रार, (तृतीय नोएडा, गौतम बुद्ध नगर उ0प्र0) पर दर्ज है। 2. उक्त भवन/फ्लैट संख्या-153, एफ-64, सी/7, सैक्टर-40, नोएडा, जिला-गौतम बुद्ध नगर, (उ0प्र0) को अंकित चौहान पुत्र श्री कुमर पाल सिंह चौहान, निवासीः- फ्लैट संख्या- 152, एफ-64, सी/7, सैक्टर-40, नोएडा, जिला-गौतम बुद्ध नगर, (उ0प्र0) के पक्ष में अंतरण आवेदन प्रस्तुत किया जा रहा है। यदि इस संबंध में किसी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति है तो कृपया अपनी आपत्ति समस्त साक्ष्य सहित नोएडा विकास प्राधिकरण के आवासीय भवन विभाग में इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर दाखिल कर दें।

श्रीमती भगवती देवी पत्नी श्री भगोत सिंह
निवासीः-59, अमीचन्द-खण्ड, गिरीनगर,
काल्का जी, न्यू दिल्ली

# यूक्रेन : ल्वीव पर रूस के मिसाइल हमले में छह लोगों की मौत, कई घायल

**भाषा।** ल्वीव (यूक्रेन)

**यूक्रेन के पश्चिमी** शहर ल्वीव में रूस के मिसाइल हमले में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई, जबकि लगभग 36 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि यह पिछले साल यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद ल्वीव के असैन्य इलाकों को निशाना बनाकर किए गए सबसे भीषण हमलों में एक था। अधिकारियों के अनुसार, बृहस्पतिवार रात क्रूज मिसाइल से किए गए इस हमले से ध्वस्त हुई इमारत में श्वान दस्ते के साथ पहुंचे आपातकर्मियों ने मलबे को हटाया और लोगों को बाहर निकाला। उन्होंने बताया कि हमले में इमारत की छत और ऊपरी दो मंजिलें ध्वस्त हो गईं, जिससे कम से कम 36 लोग घायल हो गए। ल्वीव के प्रांतीय गवर्नर मैक्सिम कोजित्स्की ने कहा कि घटना में मारे गए लोगों में सबसे कम उम्र का 21 वर्षीय व्यक्ति और सबसे बुजुर्ग 95 साल की एक महिला शामिल थी। कोजित्स्की ने कहा, यह महिला द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान सुरक्षित बच गई थी, लेकिन दुर्भाग्य से वह यूक्रेन पर रूस के हमले में नहीं बच सकी।

### जेलेंस्की ने बुल्गारिया व चेक गणराज्य का दौरा किया



**सोफिया (बुल्गारिया), सात जुलाई (एपी)** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बुल्गारिया और चेक गणराज्य की राजधानियो का दौरा किया जहां उन्होने अपने देश के लिए सैन्य सहायता पर चर्चा की। इन देशो ने रूस के साथ युद्ध खत्म हो जाने के बाद नाटो मे यूक्रेन के प्रवेश को लेकर समर्थन व्यक्त किया। चेक राष्ट्रपति पेट्र पावेल ने बृहस्पतिवार को कहा कि युद्ध की समाप्ति के बाद, जितनी जल्दी हो सके, नाटो की सदस्यता को लेकर बातचीत उनके देश और यूक्रेन के हित मे होगी। जेलेंस्की ने प्राग मे कहा मुझे विश्वास है कि यूक्रेन नाटो का हिस्सा होगा। उन्होंने यह भी कहा कि लिथुआनिया के विनियस मे अगले सप्ताह होने वाले नाटो शिखर सम्मेलन मे अगर यूक्रेन को गठबंधन मे शामिल होने का निमंत्रण दिया जाता है तो यह सम्मेलन का आदर्श परिणाम होगा। इससे पहले बृहस्पतिवार को जेलेंस्की ने बुल्गारिया की नई पश्चिम समर्थक सरकार के निमंत्रण पर वहां की एक संक्षिप्त यात्रा की तथा यूरोपीय एकीकरण और द्विपक्षीय ऊर्जा सहयोग पर चर्चा की।

### रूस में विस्फोटक बनाने के एक कारखाने में धमाका, छह मरे

**मास्को।** रूस मे विस्फोटक बनाने वाले एक कारखाने मे शुक्रवार को हुए धमाके मे छह लोगो की मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हो गए। आपात सेवा के अधिकारी ने यह जानकारी दी। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती ने आपात सेवा के अधिकारियों के हवाले से खबर दी है कि रूस के समारा क्षेत्र मे स्थित प्रोम्सिन्तेज कारखाने की एक कार्यशाला मे एक उपकरण को नष्ट करने के दौरान यह विस्फोट हुआ।

### आईएईए ने जापोरिज्जिया संयंत्र की छत तक पहुंच मुहैया कराने को कहा

**तोक्यो।** अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के प्रमुख ने रूस द्वारा जापोरिज्जिया परमाणु संयंत्र मे विस्फोटक लगाए जाने की यूक्रेन के अधिकारियों से सूचना मिलने के बाद शुक्रवार को कहा कि वह यूक्रेन मे स्थित इस परमाणु संयंत्र की छत तक पहुंच प्रदान करने के लिए फिर से दबाव बना रहे है। यूक्रेन के साथ युद्ध के पहले ही सप्ताह मे, मार्च 2022 मे रूस ने इस परमाणु संयंत्र पर नियंत्रण कर लिया था जिसके बाद परमाणु दुर्घटना की आशंका बढ़ गई थी।

### आईएमओ ने नेट जीरो लक्ष्य निर्धारित किया

**लंदन।** अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन (आईएमओ) ने शुक्रवार को विकासशील देशो द्वारा सक्रिय रूप से प्रचारित एक लचीले शुद्ध शून्य (नेट जीरो) लक्ष्य पर सहमति व्यक्त की और 2050 तक या इसके आसपास नेट जीरो उत्सर्जन का आंकड़ा हासिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया। आईएमओ ने वैश्विक जहाजरानी उद्योग मे ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन मे महत्वपूर्ण कमी पर सहमति व्यक्त की है, जो वर्तमान मे प्रति वर्ष एक अरब टन उत्सर्जन के साथ जलवायु परिवर्तन मे एक प्रमुख योगदानकर्ता है।

### चीन के व्यवहार की आलोचना की

**बीजिंग।** तनावपूर्ण संबंधो को दुरुस्त करने की कोशिश के तहत बीजिंग पहुंची अमेरिका की वित्त मंत्री जेनेट एलेन ने अमेरिकी कंपनियो के साथ चीन के व्यवहार और सेमीकंडक्टर मे इस्तेमाल होने वाली धातुओ पर नए निर्यात नियंत्रण की शुक्रवार को आलोचना की। कारोबारियो के एक समूह के साथ बातचीत मे एलेन ने बीजिंग को परेशान करने वाले प्रौद्योगिकी निर्यात पर अमेरिकी नियंत्रण का बचाव करते हुए कहा कि ए राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आवश्यक है। एलेन ने कहा, चीन के साथ अमेरिका स्वस्थ आर्थिक प्रतिस्पर्धा चाहता है।

### केन्या में नए कर के खिलाफ विपक्ष की रैली

**नैरोबी (केन्या)।** केन्या की राजधानी नैरोबी मे शुक्रवार को 20 से ज्यादा सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियो को गिरफ्तार किया गया वही सरकार द्वारा लगाए गए नए कर के खिलाफ देश के कुछ हिस्सो मे विपक्ष ने जमकर प्रदर्शन भी किया। नैरोबी के साथ-साथ तटीय शहर मोम्बासा और झील किनारे बसे शहर किसुमु मे सैकड़ो की संख्या मे प्रदर्शनकारी जमा हुए थे, जहां उन्हे जनता का भारी समर्थन प्राप्त हुआ लेकिन पुलिस ने उन पर (प्रदर्शनकारियो पर) आंसू गैस के गोले दागकर उन्हे तितर-बितर कर दिया।

### समूचे पाक में पिछले कुछ दिनों में बारिश संबंधी घटनाओं में 50 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान मे पिछले कुछ दिनो से मूसलाधार बारिश के कारण कई आवासीय संपत्ति को नुकसान पहुंचा, वर्षा जनित घटनाओं मे कम से कम 50 लोगो की मौत हो गई तथा 87 अन्य घायल हुए है। देश की आपदा प्रबंधन एजेंसी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जून के आखिरी सप्ताह मे मानसून पूर्व बारिश की शुरुआत हुई थी, जो नियमित अंतराल पर समूचे देश मे जारी है। लगातार बारिश से बलूचिस्तान प्रांत मे बाढ़ आ गई तथा राजमार्गों पर यातायात प्रभावित हुआ है। पाकिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के अनुसार, बारिश के कारण देश का सबसे बड़ा प्रांत पंजाब बुरी तरह प्रभावित हुआ है, जहां वर्षा जनित घटनाओं के कारण 34 लोगों की जान गई है। वर्षा संबंधी घटनाओं के कारण खैबर-पख्तूनख्वा मे 10 लोगो की, बलूचिस्तान मे पांच और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर मे एक व्यक्ति की मृत्यु हुई है।

## प्रिगोझिन की सैन्य बगावत रूस की कानून प्रणाली कमजोर होने का संकेत

**ताल्लिन (एस्तोनिया)।** रूस मे बगावत का झंडा बुलंद करने वाली निजी सेना के प्रमुख एवगेनी प्रिगोझनि को 24 जून के सशस्त्र विद्रोह के लिए अभियोजन से मुक्त कर दिया गया है लेकिन यह अब भी स्पष्ट नही है कि सैन्य नेताओ के खिलाफ विद्रोह एवं उसके कारण हुई जवानो की मौत को लेकर किसी पर कोई आरोप लगाए जाएंगे या नही। इसके विपरीत देश मे निजी सेना कंपनी वैग्नर ग्रुप के संस्थापक प्रिगोझनि को एक लालची व्यक्ति के तौर पर पेश करने की कोशिश की जा रही है और इस बात के केवल संकेत दिए गए है कि उनके खिलाफ राजकोष मे अरबो डॉलर की राशि के हेर-फेर के आरोपो की जांच की जाएगी।

### बेलारूस ने असफल विद्रोह के बाद रूसी वैग्नर सैनिकों के लिए शिविर मुहैया कराया

**मिंस्क (बेलारूस)।** बेलारूस की सेना ने शुक्रवार को रूसी निजी सेना वैग्नर के जवानो के लिए अपने एक आधार शिविर की पेशकश की, जो असफल विद्रोह के बाद हुए समझौते के तहत बेलारूस मे रह सकते है। बेलारूस के रक्षा मंत्री के सहायक मेजर जनरल लियोनिड कोसिंस्की ने अंतरराष्ट्रीय संवाददाताओ से कहा कि निजी सेना वैग्नर के सैनिक बेलारूसी सेना के त्सेल स्थित शिविर का इस्तेमाल कर सकते है जो राजधानी मिंस्क से करीब 90 किलोमीटर दक्षिणपूर्व मे स्थित है। कोसिंस्की ने पत्रकारो को खाली तंबुओं की कतार दिखाते हुए कहा कि इस शिविर मे पांच हजार सैनिक रह सकते है।

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि श्री जगप्रीत सिंह पुत्र स्वर्गीय एस. ऋषिपाल सिंह, बनारसी दास बिल्डिंग मेन रोड गांधी नगर, दिल्ली के लेआउट प्लान में स्थित संपत्ति सं. 149 और 149/1, एरिया परिमाप 27.00 वर्ग गज, खसरा नं. 364/368, पंजीकृत उपहार विलेख दिनांक 19.01.2003 के माध्यम से, श्रीमती हरजीत कौर द्वारा निष्पादित, उप-रजिस्ट्रार-IV-बी, विवेक विहार, नई दिल्ली/दिल्ली के कार्यालय में विधिवत पंजीकृत, दस्तावेज़ सं. 643, पुस्तक सं.1, खंड सं. 3570, पृष्ठ 50-60 पर, दिनांक 20.01.2003 को पंजीकृत के आधार पर मालिक है और श्रीमती प्रभजोत कौर पत्नी एस. जगप्रीत सिंह, बनारसी दास बिल्डिंग मेन रोड गांधी नगर, दिल्ली-110031 के लेआउट प्लान में स्थित आवासीय निर्मित संपत्ति प्रा. नं. 115, एमपीएल नं.102, एरिया परिमाप 33.00 वर्ग गज, खसरा नं. 364/368, पंजीकृत उपहार विलेख दिनांक 04.07.2003 के माध्यम से, एस. चरणजीत सिंह और एस. जगप्रीत सिंह द्वारा निष्पादित, उप-रजिस्ट्रार-IV-बी, विवेक विहार, नई दिल्ली/ दिल्ली के कार्यालय में विधिवत पंजीकृत, दस्तावेज़ सं. 6656, पुस्तक सं.1, खंड सं. 3823, पृष्ठ 9-16 पर, दिनांक 04.07.2023 को पंजीकृत के आधार पर मालिक है। और इस पर ऋण लेने के लिए यूग्रो कैपिटल लिमिटेड से संपर्क किया है। यदि किसी व्यक्ति का उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रूप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें।

श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
एफएफ 18, लोटस पॉन्ड प्लाजा, वैभव खंड, इंदिरापुरम
गाजियाबाद 201014, ईमेलः sgassociatespl@gmail.com
फोनः 7011172764, 8130200837

## तोशखाना भ्रष्टाचार मामले में इमरान ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को शीर्ष अदालत में दी चुनौती



**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के प्रमुख और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने तोशखाना भ्रष्टाचार मामले में इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की है। याचिका में उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी गई है जिसमें निचली अदालत को एक हफ्ते के अंदर तोशखाना भ्रष्टाचार मामले की पोषणीयता पर दोबारा विचार करने का निर्देश दिया गया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश हुमायूं दिलावर ने 10 मई को तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में 70 वर्षीय खान को दोषी ठहराया था, जिन्होंने मामले की स्वीकार्यता के बारे में आपत्तियों को खारिज कर दिया था। खान ने इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) के समक्ष मामले की स्वीकार्यता को चुनौती दी थी, जिसने निचली अदालत के फैसले को रद्द कर दिया था। उच्च न्यायालय की पीठ ने कहा था कि निचली अदालत ने कमजोर आधार पर खान की याचिका खारिज कर दी थी। पीठ ने निचली अदालत से खान की याचिका को लंबित मानने को कहा।

## म्यांमा के गांव पर हमले में 15 लोगों की मौत

● **सेना का लोकतंत्र समर्थक लड़ाकों पर हमले का आरोप**

**भाषा।** बैंकाक

**म्यांमा की** सेना नियंत्रित सरकार ने लोकतंत्र समर्थक पीपल्स डिफेंस फोर्सेज के लड़ाकों पर अशांत मध्य क्षेत्र में मोर्टार से हमला कर 15 नागरिकों की हत्या करने का आरोप लगाया है। हालांकि गुरिल्ला समूह ने इन आरोपों से इनकार कर दिया। म्यांमां के सरकारी अखबार म्यांमां ऐलिन में बृहस्पतिवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट में कहा गया है कि तथाकथित पीपल्स डिफेंस फोर्सेज (पीडीएफ) ने बुधवार सुबह चार बजे सागेंग क्षेत्र के दक्षिणी हिस्से में नगवे ट्विन गांव पर मोर्टार हमला किया, जिसमें 15 लोगों की मौत हो गई और तीन भिक्षुओं सहित सात अन्य घायल हो गए। एक फरवरी 2021 को लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित आंग सान सू की से सेना द्वारा सत्ता छीनने के बाद देश भर में पीडीएफ समूह एक संगठन के रूप में उभरा। एनयूजी ने हमले पर टिप्पणी के अनुरोध का शुक्रवार को तुरंत जवाब नहीं दिया। सेना द्वारा सत्ता हथियाए जाने के बाद से म्यांमां में सैन्य शासन का शांतिपूर्ण विरोध देश के कई हिस्सों में सशस्त्र प्रतिरोध में बदल गया है और पीडीएफ समूहों ने खुद को कई सशस्त्र जातीय अल्पसंख्यक समूहों के साथ जोड़ लिया है जो दशकों से देश में अधिक स्वायत्तता की लड़ाई लड़ रहे हैं। उसके जवाब में, सेना ने ग्रामीण इलाकों में आतंकवाद विरोधी बर्बर अभियान चलाया, जिसमें गांवों को जलाना और हजारों लोगों को उनके घरों से खदेड़ना शामिल है। म्यांमा का ऐतिहासिक गढ़ सेगांग सत्तारूढ़ सेना के सशस्त्र प्रतिरोध का गढ़ है लेकिन नगवे ट्विन ऐसे कुछ एक गांवों में से एक है जिसे सरकार समर्थक के रूप में देखा जाता है जहां ग्रामीण सेना के आतंकवाद विरोधी अभियान में मदद कर रहे थे। सेना की ओर से बदले की कार्वाई के डर से नाम न छापने की शर्त पर एक लड़ाके ने कहा कि मारे गए सभी 15 लोग सेना समर्थक मिलिशिया के सदस्य थे। हमले में शामिल एक अन्य पीडीएफ समूह (पीपुल्स सर्वेंट रिवोल्यूशन-वेटलेट) ने अपने फेसबुक पेज पर कहा कि सेना और उससे संबद्ध मिलिशिया के 19 सदस्य मारे गए और 20 अन्य घायल हैं।

# थ्रेड्स ने तीन करोड़ उपयोगकर्ताओं को आकर्षित किया

● **यह ऐप ट्विटर के लिए अब तक का सबसे बड़ा खतरा है**

भाषा। मेलबर्न

**ट्विटर के** प्रतिस्पर्धी के रूप में सोशल मीडिया ऐप थ्रेड्स का लॉन्च गेम-चेंजर है, मेटा, जो फेसबुक और इंस्टाग्राम का भी मालिक है, ने तय समय से पहले कल नया प्लेटफॉर्म लॉन्च किया। थ्रेड्स का लगभग तुरंत ही स्वागत किया गया - विशेष रूप से ट्विटर उपयोगकर्ताओं की भीड़ द्वारा, जो अपने प्रिय प्लेटफ़ॉर्म को एलोन मस्क के हाथों ढहते देखकर निराश थे। 24 घंटे से भी कम समय में, थ्रेड्स ने लगभग तीन करोड़ उपयोगकर्ताओं को आकर्षित किया। और मेटा के पास पहले से ही दो अरब से अधिक इंस्टाग्राम उपयोगकर्ता हैं जो सीधे अपने खातों को इससे लिंक कर सकते हैं, थ्रेड्स का उपयोगकर्ता आधार तेजी से बढ़ेगा।इसके सरल काले और सफेद फ़ीड और सुविधाओं के साथ जो आपको अन्य लोगों के थ्रेड्स पर उत्तर देने, लव, उद्धरण और टिप्पणी करने की सुविधा देते हैं, थ्रेड्स और ट्विटर के बीच समानताएं स्पष्ट हैं। अब सवाल यह है कि क्या थ्रेड्स ही अंततः ट्विटर को सत्ता से बाहर कर देगा? हम पहले भी यहां आ चुके हैं। पिछले साल अक्टूबर में एलन मस्क के सीईओ बनते ही ट्विटर यूजर्स असहाय होकर देखते रहे। मैस्टोडॉन पहली पलायन योजना थी। लेकिन कई लोगों को इसके विकेन्द्रीकृत सर्वर का उपयोग करना कठिन और भ्रमित करने वाला लगा, प्रत्एक सर्वर के सामग्री नियम और समुदाय बहुत अलग थे।ट्विटर क्रैश होने की स्थिति में कई ट्विटर प्रशंसकों ने बैक अप मास्टोडॉन अकाउंट बनाए और यह देखने के लिए इंतजार किया कि मस्क आगे क्या करेंगे। इंतज़ार लंबा नहीं था। प्लेटफ़ॉर्म अस्थिरता और आउटेज आम हो गए क्योंकि मस्क ने ट्विटर कर्मचारियों को निकालना शुरू कर दिया (उन्होंने अब ट्विटर के मूल कार्यबल के लगभग 80 को निकाल दिया है) ।कुछ ही समय बाद, मस्क ने उपयोगकर्ताओं को भयभीत कर दिया और ट्विटर की सत्यापन प्रणाली को बढ़ाकर और ब्लू टिक धारकों को प्रमाणीकरण के विशेषाधिकार के लिए भुगतान करने के लिए मजबूर करके सुर्खियां बटोरीं। इ



### स्मार्टफोन की इकोनॉमिक वैल्यू बढ़ी

**मुंबई।** स्मार्टफोन ने हमारे जीवन को ऐसे तरीके से बदल दिया है जो कुछ साल पहले सोचा भी नहीं जा सकता था। हमें लोगों से बात करने से लेकर घर में लाइट स्विच जलाने और यूटीलिटी बिल्स पेड करने तक के सारे काम स्मार्टफोन की मदद से हो जाते हैं। हालांकि वे कनेक्शन और अपनेपन की भावना प्रदान करते हैंए स्मार्टफोन बजट बनाने और फाइनेंस मैनेज करने के लिए एक बेहतर डिवाइस बन गए हैं, यूजर को अपने खर्चों पर नजर रखने और पैसे बचाने में मदद करने के लिए कई ऐप उपलब्ध हैं। परिणामस्वरूप स्मार्टफोन से इमोशनल, सोशल और इकोनॉमिकल वैल्यू जुड़ी हुई है। वीवो इंडिया ने इंडिया इम्पैक्ट रिपोर्ट 2022 के अपने दूसरे एडिशन में स्मार्टफोन की इकोनॉमिक वैल्यू का पता लगाने के लिए एक स्टडी की। इस अवसर पर वीवो इंडिया के कॉर्पोरेट स्ट्रेटेजी हेड गीता चन्नाना ने कहा कि इंटरनेट कनेक्टिविटी वाले स्मार्टफोन देश के सामाजिक-आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने के लिए एक प्रमुख कैटलिस्ट बन गए हैं। इसने हमारे जीने के तरीके को इस तरह से बदल दिया है जिसकी कुछ साल पहले तक कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। लोगों को जोड़ने के अलावा, प्रोफेशनल या पर्सनल उपयोग जैसे कैब बुक करनाए किराने का सामानएफाइनेंस मैनेजमेंट और उससे भी आगे की बहुमुखी कार्यक्षमताओं के कारण स्मार्टफोन हमारे जीवन का अभिन्न अंग बन गया है। विभिन्न शहरों में उपभोक्ताओं की विविध आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुएए इस सर्वे का एकमात्र उद्देश्य स्मार्टफोन के लाभों पर करीब से नज़र डालना था। हमें खुशी है कि हम जीवन के इस बदले हुए तरीके में यूजर के लिए वैल्यू बढ़ाने और पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव डालने वाले प्रमुख लोगों में से एक हैं।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) EICHER 10.95 - REG. NO. DL1MA4453 -YOM 2019
MINIMUM RESERVE PRICE-422976.33

2) TATA_LPT909CH_CHASIS REG. NO. DL1MA1740 -YOM-2018
MINIMUM RESERVE PRICE-392119.38

3) TATA_LPT909CH_CHASIS REG. NO. DL1MA1785-YOM-2018
MINIMUM RESERVE PRICE-392119.38

4) TATA_LPT909CH_CHASIS REG. NO. DL1MA1863-YOM -2018
MINIMUM RESERVE PRICE-392119.38

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/ OFFLINE) WITHIN 15 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 22.07.2023 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).

BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK LTD., PLOT NO.7 INSTITUTIONAL AREA, SECTOR-125 NOIDA NEAR DELL CAMPUS NOIDA (U.P) UP-201313
OR CONTACT : ABHINAV LAL
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT / 07798988481
EMAIL-Abhinav.lal@kotak.com

**प्रपत्र सं. 3**

[विनियम-15 (1) (क) /16 (3) देखें]
ऋण वसूली न्यायाधिकरण
चंडीगढ़ (डीआरटी 2)
प्रथम तल एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17 ए, चंडीगढ़
(तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आबंटित)
वाद सं. : ओ.ए./1619/2022
ईएक्सएच. नंबर : 16108
ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत सम्मन
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
तेजिन्दर सिंह

सेवा में,
(1) तेजिन्दर सिंह
डी/डब्ल्यू/एस/ओ - जोगिन्दर सिंह
तेजिन्दर सिंह पुत्र
श्री जोगिन्दर सिंह निवासी
मकान नंबर 2932, सेक्टर-42-सी, चंडीगढ़-160042, पैन नंबर एक्यूक्यूपीएस8421एफ
दूसरा पता : सी/ओ एम/एस पंजाब ट्रैक्टर्स इम्प्लीमेंट्स, एफ-367, इंडस्ट्रियल एरिया, मोहाली, पंजाब-160059, चंडीगढ़, चंडीगढ़
अन्य पता : सी/ओ एम/एस पंजाब ट्रैक्टर्स इम्प्लीमेंट्स, एफ-367, इंडस्ट्रियल एरिया, मोहाली, साहिबजादा अजीत सिंह नगर/ मोहाली/अजीतगढ़, पंजाब
(2) सुखविंदर कौर
पत्नी श्री तेजिन्दर सिंह
एच नंबर 2932, सेक्टर-42-सी, चंडीगढ़, चंडीगढ़

सम्मन

जबकि, ओए/1619/2022 माननीय पीठ अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 01-02-2023 को पेश किया गया था।

जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 46,11,914/- की ऋण वसूली के लिए आपके विरूद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।

अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है :-

i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;

ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;

iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;

iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे ;

v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।

आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवदेक को मुहैया कराने तथा दिनांक 07-08-2023 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश हाने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 10-02-2023 को दिया गया।

सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

**प्रपत्र सं. 3**

खविनियम-15 (1) (क) /16 (3) देखें,
ऋण वसूली न्यायाधिकरण
चंडीगढ़ (डीआरटी 2)
प्रथम तल एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17 ए. चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आबंटित)
वाद सं. : ओए/698/2022
ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत सम्मन
ईएक्सएच. नंबर : 17276
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
मनोज मोंगा

सेवा में,
(1) मनोज मोंगा
डी/डब्ल्यू/एस/ओ-राजेन्द्र कुमार मोंगा, मनोज मोंगा पुत्र श्री राजेन्द्र कुमार मोंगा, पार्टनर मैसर्स काउंटी अपैरल्स, निवासी फ्लैट नंबर 203, नीलकंठ अपार्टमेंट पार्ट 3, सेक्टर 21-सी, फरीदाबाद, हरियाणा-121001, पैन नंबर एएफजेपीएम9710पी फरीदाबाद, हरियाणा
(2) अंशु मोंगा
पत्नी श्री मनोज मोंगा फ्लैट नंबर 203, नीलकंठ अपार्टमेंट पार्ट 3, सेक्टर 21-सी, फरीदाबाद, फरीदाबाद, हरियाणा
अन्य पता : अंशु अपैरल्स 203, पार्ट 3, सेक्टर 21-सी, फरीदाबाद, फरीदाबाद, हरियाणा
(3) मैसर्स काउंटी अपैरल्स 203, पार्ट 3, सेक्टर 21-सी, फरीदाबाद, हरियाणा फरीदाबाद, हरियाणा
(4) अनिल कुमार पुत्र श्री राम सिंह पार्टनर मैसर्स कंट्री अपैरल्स एल 1/258बी बिल्डटेक प्रा. लि. 51, पाकेट 7, सेक्टर-23, द्वारका, नई दिल्ली, नई दिल्ली, दिल्ली
(5) कैलाशपुरी बिल्डटेक प्रा. लि. 51, पाकेट 7, सेक्टर-23, द्वारका, नई दिल्ली, नई दिल्ली, दिल्ली

सम्मन

जबकि, ओए/698/2022 माननीय पीठ अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 09-03-2023 को पेश किया गया था।

जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 2,16,28,209/- की ऋण वसूली के लिए आपके विरूद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।

अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है :-

i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;

ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;

iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;

iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे ;

v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।

आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवदेक को मुहैया कराने तथा दिनांक 21-08-2023 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश हाने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 19-04-2023 को दिया गया।

सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

# त्रिपुरा : पांच विधायकों के निलंबन को लेकर विधानसभा में हंगामा

भाषा। अगरतला



**त्रिपुरा में पांच** विधायकों के निलंबन और सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक विधायक के सदन में कथित रूप से अश्लील फिल्म देखने के मामले पर चर्चा की अनुमति नहीं दिए जाने पर शुक्रवार को विधानसभा में जमकर हंगामा हुआ और विपक्षी दलों के सदस्यों ने दो बार बहिर्गमन किया। विपक्ष के नेताओं द्वारा सदन में प्रदर्शन किए जाने के बाद अध्यक्ष विश्वबंधु सेन ने पांच विधायकों को एक दिन के लिए निलंबित कर दिया जिसके बाद विपक्षी दलों ने सदन से बहिर्गमन किया। विधानसभा अध्यक्ष सेन ने कुछ देर बाद मुख्यमंत्री माणिक साहा के अनुरोध पर विधायकों के निलंबन का आदेश वापस ले लिया। निलंबन समाप्त होने के बाद पांचों विधायक सदन में लौट आए लेकिन जोर दिया कि भाजपा विधायक के गलत व्यवहार को लेकर उनके खिलाफ कार्वाई की जाए। अध्यक्ष ने जब इससे इंकार कर दिया तो विपक्षी सदस्य दोबारा सदन से बहिर्गमन कर गए। बजट सत्र के पहले दिन व्यवधान पैदा करने पर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के विधायक नयन सरकार, कांग्रेस के सुदीप रॉय बर्मन और टिपरा मोथा के तीन विधायकों... बृस्वकेतु देबबर्मा, नंदिता रियांग और रंजीत देबबर्मा को निलंबित कर दिया गया था। टिपरा मोथा के विधायक अनिमेश देबबर्मा ने भाजपा विधायक जादब लाल नाथ के दुर्व्यवहार पर चर्चा कराने की मांग की थी। भाजपा विधायक 30 मार्च को विधानसभा के भीतर अपने मोबाइल फोन पर कथित तौर पर अश्लील फिल्म देख रहे थे। देबबर्मा इस मुद्दे पर स्थगन प्रस्ताव लाना चाहते थे।

## मेघालय में थाने पर हमला, वाहनों में आगजनी

**शिलांग।** मेघालय के ईस्ट खासी हिल्स जिले में दो समूहों के बीच विवाद की शिकायत कथित तौर पर दर्ज नही करने से गुस्साई भीड़ ने एक पुलिस थाने पर हमला किया और परिसर में खड़े चार वाहनों को आग लगा दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह घटना बृहस्पतिवार रात लइतुमखराह पुलिस थाना में हुई। अधिकारी ने बताया कि दो समूहों के बीच तीखी नोकझोंक हुई और उन्होंने अपनी शिकायते दर्ज करने को लेकर ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियो के साथ बहस की। अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया, स्थिति तब हिंसक हो गई, जब अज्ञात लोग थाने के बाहर जमा हो गए, पथराव किया और परिसर के अंदर खड़े तीन वाहनों और एक मोटरसाइकिल में आग लगा दी। उन्होंने बताया कि जिले के पुलिस अधीक्षक सिल्वेस्टर एन. ने कहा कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

## गुजरात से राज्यसभा की तीन सीट पर भाजपा के खिलाफ उम्मीदवार नहीं उतारेगी कांग्रेस

**अहमदाबाद।** कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि 182 सदस्ईय गुजरात विधानसभा में पर्याप्त संख्या में पार्टी के विधायक नहीं होने के कारण वह राज्य की तीन राज्यसभा सीट के लिए होने वाले चुनाव में अपने प्रत्याशी नहीं उतारेगी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पिछले साल के अंत में हुए विधानसभा चुनाव में रिकॉर्ड 156 सीट जीती थीं, जबकि कांग्रेस ने राज्य के गठन के बाद से अपना सबसे खराब प्रदर्शन करते हुए सिर्फ 17 सीट हासिल की थीं। भारत निर्वाचन आयोग ने पिछले महीने घोषणा की थी कि गुजरात में तीन राज्यसभा सीट के लिए चुनाव 24 जुलाई को होंगे। गुजरात कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता मनीष दोशी ने कहा, हमारी पार्टी के पास 182 सदस्ईय विधानसभा में आवश्यक संख्या नहीं है, इसलिए हमने राज्य में आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार नहीं उतारने का फैसला किया है।

# आदिवासी समुदाय का अपमान, पैर धोना पर्याप्त नहीं : दिग्विजय

भाषा। ग्वालियर

**मध्यप्रदेश के** सीधी में आदिवासी व्यक्ति पर पेशाब करने की घटना को पूरे आदिवासी समुदाय का अपमान करार देते हुए कांग्रेस नेता और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि केवल पीड़ित का पैर धोना पर्याप्त नहीं होगा। सिंह ने शुक्रवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि यह पूरे आदिवासी समुदाय का अपमान है और केवल पैर धोना पर्याप्त नहीं होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियां आदिवासी विरोधी है और इसके नेताओं ने उनकी जमीन पर कब्जा कर लिया है, जिसमें पार्टी विधायक केदारनाथ शुक्ला (सीधी से) और वीडी शर्मा (प्रदेश भाजपा अध्यक्ष) शामिल हैं। सिंह कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी की इस महीने के अंत में ग्वालियर यात्रा की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए यहां आए थे। प्रदेश में इस साल के अंत तक विधानसभा चुनाव होने हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बृहस्पतिवार को भोपाल में मुख्यमंत्री आवास पर पेशाब कांड के पीड़ित दशमत रावत के पैर धोए और इस अपमानजनक घटना पर उनसे माफी भी मांगी। प्रदेश के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की संभावनाओं के बारे में पूछे जाने पर सिंह ने कहा कि इस बार गद्दारों को मौका नहीं मिलेगा और पार्टी भारी बहुमत के साथ सत्ता में वापस आ रही है।

## क्विक न्यूज

### राहुल गांधी के समर्थन में 12 जुलाई को मौन सत्याग्रह करेगी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मोदी उपनाम वाली टिप्पणी से जुड़े आपराधिक मानहानि मामले में राहुल गांधी की याचिका गुजरात उच्च न्यायालय द्वारा खारिज किए जाने के मद्देनजर उनके प्रति एकजुटता प्रकट करते हुए आगामी 12 जुलाई को सभी राज्यों में मौन सत्याग्रह करने का फैसला किया है। यह सत्याग्रह राज्य मुख्यालयों पर महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने सुबह 10:00 बजे से लेकर शाम 5:00 बजे तक होगा। पार्टी के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों, राज्य प्रभारियों और पार्टी के अग्रिम संगठनों एवं विभागों के प्रमुखों को पत्र भेजकर कहा है कि वे सुनिश्चित करें कि मौन सत्याग्रह के इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हों। वेणुगोपाल ने कहा कि यह समय एकजुट होने और यह बताने का है कि सच और न्याय की लड़ाई में राहुल गांधी अकेले नही हैं, बल्कि उनके साथ लाखों कार्यकर्ता और करोड़ों नागरिक खड़े हैं। गुजरात उच्च न्यायालय ने मोदी उपनाम वाली टिप्पणी को लेकर आपराधिक मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की दोषसिद्धि पर रोक लगाने का अनुरोध खारिज कर दिया। गुजरात में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक पूर्णेश मोदी द्वारा दायर 2019 के मामले में सूरत की मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अदालत ने 23 मार्च को राहुल गांधी को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धाराओं 499 और 500 (आपराधिक मानहानि) के तहत दोषी ठहराते हुए दो साल जेल की सजा सुनाई थी। फैसले के बाद राहुल गांधी को जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के तहत संसद की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर

### महाराष्ट्र के नासिक में दो गुटों के बीच झड़प, शांति बहाली के लिए पुलिस तैनात

नासिक, सात जुलाई (भाषा) महाराष्ट्र के नासिक शहर में शुक्रवार को एक दुकानदार और उसकी दुकान में काम करने वाले कर्मचारियों के बीच विवाद के बाद दो गुटों में झड़प हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि घटना दोपहर बाद शिंगाडा तलाव इलाके में हुई और मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराया। उन्होंने बताया कि विवाद इलाके में एक दुकानदार और उसकी दुकान में काम करने वाले कर्मचारियों के बीच था जिसके बाद कुछ युवा मौके पर हथियारों के साथ एकत्र हो गए। अधिकारी ने बताया कि बाद में वहां भीड़ जमा हो गई और कुछ लोगो ने पथराव किया। उन्होंने बताया कि पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। उन्होंने बताया कि इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और दंगा रोधी बल की तैनाती भी की गई है। पुलिस उपायुक्त किरण कुमार चव्हाण ने कहा, यह घटना दुकानदार और उसके कर्मियो के बीच विवाद के कारण हुई। कोई अप्रिय घटना नही हुई और इलाके में शांति है। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर भरोसा नही करने की अपील की। दिया गया था। राहुल गांधी 2019 में केरल के वायनाड से लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए थे।

### पंचायत चुनावः प. बंगाल के राज्यपाल ने मतदाताओं से अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने को कहा

बरहामपुर (प. बंगाल)। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस ने ग्रामीण बंगाल के लोगों से पंचायत चुनाव में अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने का आग्रह करते हुए शुक्रवार को कहा कि वह मतदान के दौरान अपनी टीम के साथ सड़कों पर मौजूद रहेंगे। राज्यपाल ने कहा कि वह शनिवार को होने वाले पंचायत चुनाव के दौरान पूरे राज्य में स्थिति पर नजर रखेंगे और सुधारात्मक कदम उठाएंगे। बोस ने यहां पत्रकारों से कहा, मैं कल सड़कों पर रहूंगा। मैं अपनी टीम के साथ रहूंगा। कल मतदान शुरू होने से पहले ही मैं सड़कों पर उतर जाऊंगा। मतदान समाप्त होने के बाद मैं वापस राजभवन चला जाऊंगा। इस बीच, मैं शांति कक्ष (पीस रूम) भी जाऊंगा और देखूंगा कि राज्यभर में क्या हो रहा है। मतदान के दिन अपनी भूमिका के बारे में बात करते हुए बोस ने कहा कि वह सुनिश्चित करेंगे कि जनता के हितों की रक्षा हो और हर कोई संविधान का पालन करे।बोस ने लोगों से शनिवार को अनिवार्य रूप से मतदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, कल का चुनाव महत्वपूर्ण है। मुझे लगता है कल सभी समस्याओं का स्थाई समाधान निकल आएगा। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के इस आरोप पर कि वह (राज्यपाल) प्रचार पाने के लिए राज्य में घूम रहे हैं, बोस ने कहा, हां, मैं उनसे सहमत हूं। मैं ए सब सिर्फ प्रचार, प्रचार और प्रचार के लिए कर रहा हूं। मैं आम आदमी के अधिकारों का प्रचार करने, संविधान की शुचिता का प्रचार करने और उस मानवाधिकार का प्रचार कर रहा हूं जिसे किसी भी राजनीतिक दुष्प्रचार से दबाया नही जा सकता।

### बैंक साथी ने बदली 15 लाख लोगों की जिंदगी

**नई दिल्ली।** भारत में रोजगार संकट और छंटनी के बीच हमारे एक संस्थापक ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार की संभावनाएं पैदा करने के लिए प्रतिबद्ध थे। हमारे संस्थापकों में से एक थे जितेंद्र ढाका जो ग्रामीण युवाओं के लिए आशा की किरण के रूप में उभरे। जितेंद्र एक साधारण किसान परिवार में पैदा हुए और वहीं उनका पालनपोषण हुआ। हालांकि उनका लक्ष्य हमेशा से बड़ा था। उनके प्रशिक्षकों और बुजुर्गों की सलाह ने उन्हें एक ऐसा विशेष दृष्टिकोण बनाने में मदद की, जो उनके परिवेश तक सीमित नहीं था। जितेंद्र ने तभी एक छोटी फर्म शुरू कर दी थी, जब वह स्नातक कर रहे थे। यह काफी सफल रही थी। अपने कुछ दोस्तों के साथ मिलकर जितेंद्र ने जागरूकता बढ़ाने और दूसरों को शिक्षित करने के लिए एक मिशन शुरू किया और इस प्रकार बैंक साथी का गठन हुआ। यह निवेश के बारे में लोगों की जागरूकता बढ़ाने और उन्हें शिक्षित करने का एक प्रयास हैए जो उनके भविष्य की स्थिरता और सुरक्षा सुनिश्चित करता है। वह जल्दी समझ गए थे कि यह परियोजना न केवल एक उपयोगी सेवा प्रदान कर सकती हैए बल्कि नौकरी की संभावनाएं भी पैदा कर सकती है। इस तरह वित्तीय सलाहकारों का विचार सामने आया। उन्होंने लोगों को सामग्री वितरित करना और ट्रेनिंग देना शुरू कर दिया। वित्तीय सलाहकारों की संख्या तेजी से बढ़ने लगी। उनके मंच ने दो साल से भी कम समय में लगभग 1.5 लाख वित्तीय सलाहकारों को इकट्ठा किया, जो पूरे भारत में टियर 2 और छोटे शहरों में सेवा कर रहे हैं।

### चतरा में टीएसपीसी नक्सलियों से सुरक्षा बलों की मुठभेड़, हथियार बरामद

चतरा। झारखंड के चतरा-पलामू जिलो के सीमावर्ती कुंदा थाना क्षेत्र के अनगड़ा के जंगल में शुक्रवार तड़के प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी के नक्सलियों तथा पुलिस के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई, जिसके बाद मौके से पुलिस ने अत्याधुनिक हथियार एवं गोलाबारूद बरामद करने में सफलता पाई है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी।पुलिस सूत्रों ने बताया कि नक्सल विरोधी अभियान पर निकली झारखंड जगुवार के दल के साथ नक्सलियों की भीषण मुठभेड़ हो गई।पुलिस ने बताया कि तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमिटी (टीएसपीसी) के 15 लाख रुपए के इनामी क्षेत्रीय कमांडर आक्रमण गंझू के दस्ते के साथ चल रही मुठभेड़ अंतिम सूचना मिलने तक जारी है।

### महाराष्ट्रः स्कूली बच्चों को मंत्री के स्वागत के लिए सड़क पर खड़ा किया गया, वीडियो वायरल

मुंबई। उत्तरी महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के एक नवनियुक्त मंत्री के काफिले का स्वागत करने के लिए स्कूली बच्चों को सड़क पर खड़े करने का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो गया है। वीडियो में दिख रहा है कि जलगांव जिले की अमलनेर तहसील में एक आश्रम शाला के बच्चे सड़क पर खड़े है। वीडियो में सड़क के एक तरफ लड़कियों और दूसरी तरफ लड़कों को खड़े देखा जा सकता है।

# राकांपा टूटी नही है, शरद पवार की बैठक आधिकारिक नही : पटेल

भाषा। मुंबई



**राष्ट्रवादी** कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता प्रफुल्ल पटेल ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी टूटी नहीं है और 30 जून को विधायक दल और संगठनात्मक इकाइयों ने अजित पवार को सर्वसम्मति से पार्टी अध्यक्ष नियुक्त किया है। पटेल ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्होंने 40 से अधिक विधायकों के हलफनामों के साथ भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को एक अर्जी सौंपी है, जिसमें अजित पवार की नियुक्ति के बारे में सूचित किया गया है और पार्टी के नाम और चिह्न पर दावा किया गया है। उन्होंने दावा किया कि बृहस्पतिवार को दिल्ली में शरद पवार द्वारा आयोजित राकांपा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक आधिकारिक नहीं थी। राकांपा के वरिष्ठ नेता पटेल ने कहा कि पार्टी का संगठनात्मक ढांचा पूरी तरह से त्रुटिपूर्ण था। उन्होंने कहा, तीस जून को देवगिरी (मुंबई में अजित पवार का आधिकारिक आवास) पर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें विधायक, पदाधिकारी और पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे। उन्होंने सर्वसम्मति से अजित पवार को अपना नेता नियुक्त किया। उन्होंने कहा कि नियुक्ति के तुरंत बाद, अजित पवार ने महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को बताया कि प्रफुल्ल पटेल को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि अजित पवार को राकांपा विधायक दल का नेता नियुक्त किया गया, अनिल पटेल विधानसभा में पार्टी सचेतक बने रहेंगे और विधान परिषद सभापति को सूचित किया गया कि अमोल मिटकरी को परिषद में सचेतक नियुक्त किया गया है। पटेल ने कहा, (मूल) राजनीतिक दल का निर्धारण कौन करेगा? यह भारत के निर्वाचन आयोग के अधिकार क्षेत्र में है, जबकि विधायकों को लेकर कार्वाई विधानसभा अध्यक्ष के अधिकार क्षेत्र में है।

### शिंदे से मिले राज

**मुंबई।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) अध्यक्ष राज ठाकरे ने शुक्रवार को यहां महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मुलाकात की। मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास वर्षा में दोनो नेताओं में वार्ता हुई। शिंद ने एक ट्वीट में कहा कि दोनो नेताओं के बीच नासिक जिले के किसानो के कर्ज, मुंबई में बीडीडी चॉल के पुनर्निर्माण से जुड़े स्थानीय निवासियो के मुद्दे और सिडको द्वारा आवास की कीमतों में कटौती को लेकर चर्चा हुई।

### महाराष्ट्र विधान परिषद की उपाध्यक्ष गोरहे शिंदे गुट में शामिल हुईं

**मुंबई।** उद्धव ठाकरे गुट को झटका देते हुए महाराष्ट्र विधान परिषद की उपाध्यक्ष एवं शिवसेना (यूबीटी) की नेता नीलम गोरहे शुक्रवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो गईं। पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की विश्वासपात्र रही गोरहे मुंबई में शिंदे एवं उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की उपस्थिति में सत्तारूढ़ पार्टी में शामिल हुईं। शिंदे खेमे में शामिल होने वाली वह विधान परिषद की तीसरी शिवसेना सदस्य हैं। गोरहे ने इस अवसर पर कहा, एकनाथ शिंदे के कुशल नेतृत्व में शिवसेना सही दिशा में आगे बढ़ रही है।

### अजित पवार के महाराष्ट्र सरकार में शामिल होने से मुझे कोई खतरा नहीं हैः एकनाथ

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को कहा कि राज्य की शिवसेना-भाजपा सरकार में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता अजित पवार के शामिल होने से उन्हें कोई खतरा नही है।राकांपा प्रमुख शरद पवार के खिलाफ उनके भतीजे अजित पवार के विद्रोह को लेकर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि जब मेहनती कार्यकर्ताओं की उपेक्षा की जाती है तो पार्टियां टूट जाती है। शिंदे ने डीडी न्यूज से एक साक्षात्कार में कहा, ऐसी चीजे तब होती है जब पार्टी के मेहनती कार्यकर्ताओं की अनदेखी की जाती है। अजित पवार ने खुद कहा है कि वह शरद पवार ही थे जो पहले 2017, 2019 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ गठबंधन चाहते थे लेकिन बाद में उन्होंने यू-टर्न ले लिया।

# विधि आयोग ने यूसीसी मुद्दे पर फर्जी व्हाट्सऐप संदेशों, कॉल के प्रति लोगों को सावधान किया

भाषा। नई दिल्ली

**विधि आयोग** ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर उसके नाम पर भेजे जाने वाले फर्जी व्हाट्सएप संदेशों और फोन कॉल के प्रति शुक्रवार को लोगों को आगाह किया। आयोग ने लोगों से सावधानी बरतने और सटीक जानकारी के लिए इसकी वेबसाइट सहित आधिकारिक स्रोतों पर भरोसा करने का आग्रह किया। आयोग ने अपने अस्वीकरण में यूसीसी से संबंधित प्रसारित किए जा रहे ै कुछ व्हाट्सएप टेक्स्ट, कॉल और संदेशौं का उल्लेख किया। इसने कहा है, यह संज्ञान में आया है कि लोगों के बीच कुछ फोन नंबर घूम रहे हैं, जिन्हें गलत तरीके से भारत के विधि आयोग के साथ जोड़ा जा रहा है। यह स्पष्ट किया जाता है कि विधि आयोग का इन सामग्रियों, कॉल या संदेशों से कोई लेना-देना नहीं है, और यह (आयोग) इसकी जिम्मेदारी नहीं लेता या समर्थन नहीं करता है। विधि आयोग ने कहा कि वह अपनी वेबसाइट और पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) सहित आधिकारिक स्रोतों के माध्यम से सूचना संप्रेषित करता है। इसमें कहा गया है, ैइस संबंध में जारी सार्वजनिक नोटिस (यूसीसी पर विचार मांगने) तक पहुंचने के लिए व्यक्तियों को भारत के विधि आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता हैै आयोग को 14 जून को जारी सार्वजनिक नोटिस पर हाल ही में 19 लाख प्रतिक्रियाएं मिली थीं।

# सिद्धरमैया ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर निशाना साधा, कहा - एक प्रणाली भारत के लिए ठीक नहीं



भाषा। बेंगलुरु

**कर्नाटक के** मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने शुक्रवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर निशाना साधा और कहा कि यह संघीय प्रणाली के लिए ठीक नहीं है और इसमें कई विसंगतियां हैं जो संविधान और लोकतंत्र को कमजोर करती है। विधानसभा में अपने बजट भाषण में उन्होंने कहा कि कर्नाटक सरकार स्थानीय समाज, संस्कृति एवं राज्य के आर्थिक परिवेश को ध्यान में रखते हुए एक नई शिक्षा नीति बनाएगी। मुख्यमंत्री के पास वित्त विभाग भी है।

### कर्नाटक के बजट की विपक्ष ने की आलोचना, कहा-इसमें दूरदर्शिता की कमी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में विपक्षी भाजपा और जद (एस) ने शुक्रवार को राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया द्वारा पेश किए गए बजट की आलोचना करते हुए कहा कि इसमें दूरदर्शिता का अभाव है और इससे राज्य पर कर्ज का बोझ पड़ेगा।कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा ने कहा कि बजट में राज्य के व्यापक विकास के दृष्टिकोण का अभाव है और इससे लोगों पर करों का बोझ पड़ेगा।

# हिमाचल प्रदेश में वर्षाजनित घटनाओं में 43 लोगों की मौत

भाषा। शिमला-ऊना

**हिमाचल प्रदेश** में 24 जून को मानसून के आगमन के बाद से राज्य में वर्षाजनित घटनाओं में अब तक 43 लोगों की मौत हुई है और प्रदेश को करीब 352 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। राज्य के आपात अभियान केन्द्र ने यह जानकारी दी। राज्य में पिछले दो सप्ताह में कम से कम 79 लोग घायल हुए हैं और चार लोग लापता हैं। अधिकारियों के अनुसार, केन्द्र सरकार द्वारा अधिसूचित प्राकृतिक आपदाओं जैसे भूस्खलन, आकस्मिक बाढ़ और बादल फटने में अभी तक एक व्यक्ति की मौत हुई है। लेकिन राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित आपदाओं - सड़क दुर्घटनाएं, डूबने, आग लगने, सांप काटने, ऊंचाई से गिरने, बिजली का करंट लगने और अन्य वजहों से 42 लोगों की मौत हुई है। राज्य के आपात अभियान केन्द्र के

### कर्नाटक के तटीय इलाकों में भूस्खलन से महिला की मौत

**मंगलुरु।** कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ के तटीय जिले में शुक्रवार को भी भारी बारिश जारी रही, जिससे वहां के अलग-अलग हिस्सो में जनजीवन प्रभावित हुआ और वाहनो की आवाजाही भी बाधित रही, जबकि भूस्खलन की वजह से एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार तड़के दक्षिण कन्नड़ जिले के बंटवाल तालुक स्थित सजिपमुन्नूर गांव के नंदवारा में भारी बारिश के कारण एक पहाड़ी का एक हिस्सा एक घर पर गिर गया, जिससे एक महिला की मौत हो गई। उसने बताया कि महिला की पहचान मोहम्मद नामक व्यक्ति की पत्नी जरीना (47) के रूप में हुई। इससे पहले उनकी बेटी सफा (20) को अग्निशमन एवं बचाव विभाग के कर्मियो और पुलिस ने मलबे से निकाल लिया था।

### केरल में भारी बारिश के कारण हुई घटनाओं में आठ की मौत, 7800 से ज्यादा लोग हुए बेघर

तिरुवनंतपुरम। केरल मे दक्षिण-पश्चिम मानसून के कारण हुई भारी बारिश से संबंधित घटनाओ में आठ लोगो की जान चली गई है जबकि 7800 से ज्यादा लोग विस्थापित हुए है। बारिश की तीव्रता शुक्रवार को कम हो गई, लेकिन भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कन्नूर और कासरगोड जिलो के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया, जबकि केरल के छह अन्य जिलों में आज के लिए एलो अलर्ट था। मगर रेड अलर्ट जारी नही किया गया है, जिससे संकेत मिलता है बारिश में कमी हो सकती है।राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) ने कहा कि कन्नूर और कोझिकोड मे दो-दो मौते हुईं, जबकि अलाप्पुझा, पलक्कड़, मलप्पुरम और कासरगोड जिलो मे एक-एक व्यक्ति की जान गई है। इसमे कहा गया है कि राज्य भर में खोले गए 203 राहत शिविरों में 7,844 लोगो को रखा गया है।

### मोदी बीकानेर में एक जनसभा को संबोधित करेंगे

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को राजस्थान के बीकानेर के नौरंगदेसर में एक जनसभा को संबोधित करेंगे।प्रधानमंत्री मोदी के बीकानेर आगमन को लेकर केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ और उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया ने समीक्षा बैठक ली और आयोजन स्थल का जायजा लिया। केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि बीकानेर में प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर तैयारियों का जायजा लिया गया।भाजपा के एक बयान के अनुसार बीकानेर में आयोजित कार्यक्रम में मोदी ढ़ाई हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे।

### नए स्टार्टअप से मिला लाभ

**नोएडा।** भारत की अग्रणी इंश्योरटेक कंपनी इंश्योरेंस देखो आईडी बीमा सेगमेंट को सभी की पहुंच में लाने का महत्वपूर्ण काम कर रही है। कंपनी पॉलिसीज की तुलना कर ग्राहकों की खरीदी और दावे की प्रक्रिया को आसान बनाती है। बीमा सेक्टर में बड़ा बदलाव लाने के अलावा, आईडी अपने एजेंट पार्टनर्स के लिये भी कई अवसरों को पेश करती है। यह लखनऊ के एक बिजनेसमैन शिव कमल गुप्ता की कहानी है जिन्होंने इस प्लेटफॉर्म के साथ जब से बीमा एजेंट के रूप में काम करना शुरू किया, उसके बाद उनकी जिंदगी में शानदार बदलाव हुए। शिव के इंश्योरेंस देखो के साथ जुड़ने के बाद वो ना सिर्फ आर्थिक रूप से स्थिर हुए बल्कि कंपनी ने उन्हें प्रोफेशनल रूप से भी सशक्त बनाया। मोटर और हेल्थ इंश्योरेंस बेचकर उन्हें महत्वपूर्ण विशेषज्ञता मिली और उन्होंने अपनी जानकारी को भी बढ़ाया।

### शैक्षिक कार्यशालाओं का सफलतापूर्वक संचालन

**अलीगढ़।** आईआरसीसीएस पोलिक्लिनिको सैन डोनाटो . मिलान, इटली के प्रसिद्ध इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉण् लुका टेस्टा ने जटिल पर्क्यूटेनियस कोरोनरी इंटरवेंशन में एबलुमिनस डेस् की प्रभावशीलता पर शैक्षिक कार्यशालाओं की एक श्रृंखला का सफलतापूर्वक संचालन किया। कॉन्सेप्ट मेडिकल द्वारा अपनी शैक्षिक पहल के एक हिस्से के रूप में आयोजित इन कार्यशालाओं में एंजियोप्लास्टी में जटिल घावों और उनसे फैलने वाली बीमारियों के इलाज में एबलुमिनस डीईएस् की बेहतर क्षमताओं का प्रदर्शन किया गया। पहली कार्यशाला जुलाई के पहले सप्ताह में जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज और अस्पताल ;अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में डॉ. आसिफ हसन और डॉ. अज़हरुद्दीन मलिक के सहयोग से आयोजित की गई थी।

## निजता के अधिकार का उल्लंघन संबंधी याचिका पर विचार करेगा उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय उस याचिका पर विचार करने के लिए सहमत हो गया है कि क्या व्यभिचार के आरोपों को साबित करने के लिए होटल में ठहरने और कॉल रिकॉर्ड का विवरण मांगना संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत निजता के मौलिक अधिकार का उल्लंघन है। न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने एक महिला को उस वक्त नोटिस जारी किया जब उसके पति ने इस मुद्दे पर दिल्ली उच्च न्यायालय के एक आदेश को चुनौती दी। उच्च न्यायालय ने 10 मई को कहा था कि कानून व्यभिचार को तलाक के आधार के रूप में मान्यता देता है और अदालत के लिए निजता के अधिकार के आधार पर उस विवाहित पुरुष की सहायता के लिए आगे आना सार्वजनिक हित में नहीं होगा, जो शादी के बंधन से बाहर कथित यौन संबंधों में लिप्त था।

# रक्षा मंत्रालय ने एचएएल से तटरक्षक बल के लिए दो डोर्नियर विमानों की खरीद का समझौता किया

भाषा। नई दिल्ली



**रक्षा मंत्रालय** ने शुक्रवार को तटरक्षक बल के लिए दो डोर्नियर विमानों की खरीद के लिए सरकारी कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से 458 करोड़ रुपए से अधिक का समझौता किया। अधिकारियों ने बताया कि ए विमान कई अत्याधुनिक उपकरण से सुसज्जित होंगे जिनमें ग्लास कॉकपिट, समुद्री निगरानी रडार, इलेक्ट्रो ऑप्टिक इंफ्रारेड उपकरण और अभियान प्रबंधन प्रणाली शामिल है। एक अधिकारी ने कहा, रक्षा मंत्रालय ने भारतीय तटरक्षक बल के लिए दो डोर्नियर विमानों की खरीद के लिए एचएएल के साथ 458.87 करोड़ रुपए का समझौता किया है, जिसके साथ अभियांत्रिकी सहयोग पैकेज भी शामिल है। इस विमान की खरीद भारत से खरीदारी श्रेणी के तहत होगी। मंत्रालय ने कहा कि डोर्नियर विमानों को एचएएल (परिवहन विमान डिवीजन), कानपुर में स्वदेशी रूप से निर्मित किया जा रहा है। यह सरकार की मेक इन इंडिया पहल के तहत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने में अहम योगदान देगा।

### न्यायमूर्ति कृष्णमूर्ति ने अपना जीवन कानून के लिए समर्पित कर दियाः सीजेआई चंद्रचूड़

नई दिल्ली। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को कानूनी पेशे में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी के योगदान की सराहना की और कहा कि उन्होंने अपनी अदालत का संचालन बड़ी ही शांति और विनम्रता की भावना के साथ किया तथा वह एक ऐसे ैविनम्र शिल्पकारै रहे हैं जिन्होंने अपना जीवन कानून और इससे प्रभावित लोगों के लिए समर्पित कर दिया। न्यायमूर्ति मुरारी को 23 सितंबर, 2019 को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया था। वह शनिवार को सेवानिवृत्त हो जाएंगे। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) ने कहा कि न्यायमूर्ति मुरारी ने हमेशा शांत स्वभाव के परिचय दिया जो एक ैन्यायाधीश के लिए आदर्श आचरणै है। उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति मुरारी ने सेवा कानून, आपराधिक कानून और संवैधानिक कानून सहित कानून के कई क्षेत्रों में योगदान दिया। निवर्तमान न्यायाधीश को विदाई देने के लिए

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 8 जुलाई, 2023



# इंग्लैंड की पहली पारी 237 रन पर सिमटी

● एशेजः आस्ट्रेलिया को बढ़त



**भाषा।** लीड्स

**इंग्लैंड की टीम** बेन स्टोक्स (80 रन) और तेज गेंदबाज मार्क वुड (आठ गेंद में 24 रन) की आक्रामकता के बावजूद शुक्रवार को यहां तीसरे एशेज टेस्ट के दूसरे दिन पहली पारी में 237 रन पर सिमट गई जिसके बाद आस्ट्रेलिया ने चाय तक एक विकेट गंवाकर 29 रन बना लिए। आस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 263 रन बनाए थे, जिससे इंग्लैंड की टीम 26 रन से पिछड़ रही थी। ब्रेक तक मेहमान टीम की कुल बढ़त 55 रन की हो गई है। आस्ट्रेलिया ने सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर का विकेट तीसरे ही ओवर में गंवा दिया। उस्मान ख्वाजा 20 और मार्नस लाबुशेन सात रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। इंग्लैंड ने लंच तक सात विकेट पर 142 रन बनाए थे जिससे वह 121 रन से पिछड़ रही थी। स्टोक्स ने 27 रन की पारी को 80 रन में तब्दील किया जिसमें पांच छक्के और छह चौके जड़े। वह पारी के आउट होने वाले अंतिम खिलाड़ी रहे। उन्हें टॉड मर्फी ने आउट किया। पहले दिन पांच विकेट झटकने वाले मार्क वुड ने आठ गेंद में 24 रन की पारी खेली जिसमें तीन छक्के और एक चौका जड़ा था। स्टोक्स और ओली रॉबिनसन ने फिर अंतिम विकेट के लिए 38 रन जाड़े। इससे पहले इंग्लैंड के अहम बल्लेबाज जो रूट के दिन की दूसरी गेंद पर और जॉनी बेयरस्टो के शुरुआती आधे घंटे में आउट होने से आस्ट्रेलिया ने दूसरे दिन दमदार शुरुआत की। आल राउंडर मोईन अली (21 रन) और क्रिस वोक्स (10 रन) लंच से तुरंत पहले आउट हुए। स्टोक्स ने अली के साथ छठे विकेट के लिए 44 रन की साझेदारी निभाई। वोक्स के आउट होते ही लंच हो गया। आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस (91 रन देकर छह विकेट) ने रूट को पहली स्लिप में डेविड वॉर्नर के हाथों कैच आउट कराया जो बीती रात के 19 रन के स्कोर में एक भी रन का इजाफा नहीं कर सके। मिशेल स्टार्क (59 रन देकर दो विकेट) की गेंद पर बेयरस्टो दूसरी स्लिप में खड़े स्टीव स्मिथ को कैच देकर पवेलियन लौट गए। इंग्लैंड ने सुबह तीन विकेट पर 68 रन से खेलना शुरु किया था।

# श्रीलंका ने वेस्टइंडीज को आठ विकेट से करारी शिकस्त दी

● विश्वकप क्वालीफायर का सुपर सिक्स चरण

**भाषा।** हरारे

**ऑफ स्पिनर** महीश तीक्ष्णा की शानदार गेंदबाजी और सलामी बल्लेबाज पाथुम निसांका के लगातार दूसरे शतक की मदद से श्रीलंका ने विश्वकप क्वालीफायर के सुपर सिक्स के अपने अंतिम मैच में वेस्टइंडीज को 34 गेंद शेष रहते हुए आठ विकेट से करारी शिकस्त देकर अपना विजय अभियान जारी रखा।श्रीलंका पहले ही विश्व कप में अपनी जगह सुरक्षित कर चुका है जबकि दो बार का चैंपियन वेस्टइंडीज पहली बार भारत में अक्टूबर – नवंबर में होने वाली इस प्रतियोगिता में नहीं खेलेगा। कैरेबियाई टीम में प्रेरणा की कमी दिखी जिससे श्रीलंका ने मुकाबले को एकतरफा बना दिया। वेस्टइंडीज की टीम पहले बल्लेबाजी का न्योता पाने के बाद 48.1 ओवर में 243 रन पर आउट हो गई। उसकी तरफ से कीसी कार्टी ने सर्वाधिक 87 रन बनाए। श्रीलंका के लिए तीक्ष्णा ने 34 रन देकर चार जबकि दासुन हेमंता ने 49 रन देकर दो विकेट लिए। पाथुम निसांका ने इसके बाद 113 गेंदों पर 14 चौकों की मदद से 104 रन बनाए। उन्होंने दिमुथ करुणारत्ने (83) के साथ पहले विकेट के लिए 190 रन की साझेदारी करके मजबूत नींव रखी जिससे श्रीलंका ने 44.2 ओवर में दो विकेट पर 244 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। कुसाल मेंडिस 34 और सदीरा समरविक्रमा 17 रन बनाकर नाबाद रहे। श्रीलंका ने इस तरह से सुपर सिक्स में अपने पांचों मैच जीते। वह रविवार को होने वाले फाइनल में विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाली दूसरी टीम नीदरलैंड से भिड़ेगा।

# हैप्पीबर्थ डे माही......

## धोनी 42वें जन्मदिन पर बधाई



**नई दिल्ली ।** सचिन तेंदुलकर, हरभजन सिंह और वीरेंद्र सहवाग जैसे भारतीय दिग्गजों सहित दुनिया भर के प्रमुख क्रिकेटरों, प्रशंसकों और अन्य लोगों ने भारत के पूर्व कप्तान और करिश्माई विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी को उनके 42वे जन्मदिन पर शुक्रवार को बधाई दी।तेंदुलकर ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की टीम चेन्नई सुपर किंग्स के मौजूदा कप्तान के साथ अपनी एक तस्वीर साझा की और लिखा, आप हमेशा अपने हेलीकॉप्टर शॉट्स की तरह ऊंची उड़ान भरें। जन्मदिन की शुभकामनाएं, एमएस (धोनी)। अपने धाराप्रवाह हेलीकॉप्टर शॉट और दमदार बल्लेबाजी तथा विकेटकीपिंग के दम पर धोनी ने दो दशकों से अधिक के पेशेवर करियर में भारत और चेन्नई को कई यादगार जीत दिलाई। सहवाग ने धोनी के साथ की कुछ तस्वीरों को साझा करते हुए लिखा, सूर्य देव के दिव्य रथ को खीचने के लिए सात घोड़े है। ऋग्वेद में विश्व के सात भाग है, सात ऋतुएं है, संगीत मे सात बुनियादी धुन है, शादी में सात फेरे होते है और विश्व में सात अजूबे है। साल के सातवे महीने के सातवी तारीख को एक शानदार इंसान महेन्द्र सिंह धोनी का जन्मदिन है। बिहार (अब झारखंड) के रांची मे जन्मे धोनी ने 2005 मे श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट पदार्पण किया था। उन्होंने इस प्रारूप मे अपना आखिरी मैच दिसंबर 2014 में खेला था। धोनी के नेतृत्व मे भारतीय टीम ने 2007 मे टी20 विश्व कप, 2011 मे घरेलू मैदान पर एकदिवसीय विश्व कप और 2013 चैंपियंस ट्रॉफी मे खिताबी जीत हासिल की। धोनी इकलौते कप्तान है जिन्होने अपने समय मे खेले गए प्रत्एक आईसीसी ट्रॉफी में देश को खिताबी जीत दिलाई। उनकी कप्तानी में हाल ही मे चेन्नई सुपर किंग्स को आईपीएल का पांचवां खिताब जीता। इस जीत के साथ ही टीम ने रोहित शर्मा की अगुवाई वाली मुंबई इंडियन्स के पांच खिताब की बराबरी की। पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने ट्वीट किया, जन्मदिन की शुभकामनाएं बाहुबली। आप प्रेरणा देते रहें... आपका दिन मंगलमय हो। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान योगेश्वर दत्त ने धोनी को महान व्यक्तित्व करार दिया। लंदन ओलंपिक (2012) के कांस्य पदक विजेता योगेश्वर ने लिखा, भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और एक बेहतरीन व्यक्तित्व के धनी, भाई महेंद्र सिंह धोनी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं चेन्नई सुपर किंग्स मे धोनी के टीम के साथी रवींद्र जडेजा ने महान विकेटकीपर-बल्लेबाज को अपना गो-टू मैन (किसी भी परिस्थिति मे मदद करने वाला) करार दिया। उन्होंने लिखा, 2009 से लेकर आज तक और हमेशा के लिए मेरे गो टू मैन। माही भाई आपको जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। भारत की महिला टीम की पूर्व तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी ने कहा कि धोनी स्टेडियम के अंदर और बाहर खिलाड़ियों को प्रेरित करते रहते है। पूर्व दिग्गज गेंदबाज ने लिखा, जन्मदिन मुबारक हो कैप्टन कूल। जिस तरह से आप मैदान पर और मैदान के बाहर सभी को प्रेरित करते है वह वास्तव मे उल्लेखनीय है। आपका व्यक्तित्व हम सभी को प्रेरित करता रहेगा। मध्य क्षेत्र के खिलाफ दलीप ट्रॉफी मे शतक जड़ कर पश्चिम क्षेत्र का दबदबा बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने लिखा, जन्मदिन मुबारक हो एमएस धोनी। मै आपके लिए एक अद्भुत वर्ष की कामना करता हूं। आपको ढेर सारा प्यार और हार्दिक शुभकामनाएं।

### बांग्लादेश की प्रधानमंत्री के समझाने के बाद तमीम ने संन्यास का फैसला वापस लिया

**चटगांव (बांग्लादेश)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने के एक दिन बाद तमीम इकबाल ने प्रधानमंत्री शेख हसीना के समझाने के बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी की घोषणा की। अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला मे टीम की अगुआई कर रहे 34 वर्षीय तमीम ने बुधवार को यहां बांग्लादेश के पहला मैच गंवाने के बाद संन्यास की घोषणा कर दी थी। क्रिकबज के अनुसार तमीम ने कहा, आज दोपहर प्रधानमंत्री ने मुझे अपने घर में आमंत्रित किया। उन्होंने मुझे समझाया और फिर से खेलने के लिए कहा, इसलिए मैंने इस वक्त संन्यास से वापसी करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, मै सभी को ना कह सकता हूं लेकिन प्रधानमंत्री को ना कहना मेरे लिए असंभव था। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष पापोन (नजमुल हसन) भाई, मशरफी (मुर्तजा) भाई भी अहम कारक रहे। मशरफी भाई ने मुझे यहां बुलाया और पापोन भाई भी यहां मेरे साथ थे।

### अटवाल जॉन डीयरे क्लासिक गोल्फ में संयुक्त 89वें स्थान पर

**सिल्विस (अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर अर्जुन अटवाल जॉन डीयरे क्लासिक के पहले दौर मे इवन पार 71 का स्कोर करके संयुक्त 89वें स्थान पर रहे और अब उन्हें कट मे प्रवेश के लिए दूसरे दौर मे बहुत अच्छा प्रदर्शन करना होगा। इस साल सीनियर टूर से जुड़े अटवाल पीजीए टूर पर सफलता हासिल करने वाले इकलौते भारतीय गोल्फर है। जॉन बिलक्स्ट ने नौ अंडर 62 के सकोर के साथ ग्रेसन मैं पर दो शॉट की बढत बना ली है।

### अदिति अशोक यूएस वुमैंस ओपन के पहले दौर के बाद संयुक्त 39वें स्थान पर

**पेबल बीच।** भारत की अदिति अशोक यूएस वुमैंस ओपन गोल्फ के पहले दौर में दो ओवर 74 का स्कोर करके संयुक्त 39वें स्थान पर है। पहले दौर के कई मुकाबले अभी पूरे नही हुए है। बेंगलुरू की अदिति किसी मेजर टूर्नामेंट में शीर्ष दस में नही रही है। यहां भी उन्होने 11वें, 12वें और 18वें होल पर बोगी किए। वह 2019 के बाद यहां पहली बार खेल रही है। उन्होंने 2019 मे कट मे प्रवेश किया था और संयुक्त 39वें स्थान पर रही थी लेकिन 2017 में कट में जगह नही बना सकी थी।

### गंडास डेनमार्क ओपन में 72वें स्थान पर

**फ्रेर्सो (डेनमार्क)।** भारत के मनु गंडास हिमरलैंड गोल्फ टूर्नामेंट में दो ओवर 72 के स्कोर के साथ 52वें स्थान पर रहे। गंडास ने तीन बर्डी लगाए , तीन बोगी और एक डबल बोगी किया। स्कॉटलैंड के रॉबर्ट मैक्इंटायर ने दो स्ट्रोक्स की बढत बना ली है। इंग्लैड के रोस फिशर तीन खिलाड़ियो के साथ दूसरे स्थान पर है।

### नेहा त्रिपाठी ने डब्ल्यूपीजीटी के 10वें चरण का खिताब जीता

**बेंगलुरू** नेहा त्रिपाठी ने हीरो महिला पेशेवर गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के 10वें चरण के आखिरी दिन दो अंडर 70 के स्कोर के साथ लंबे समय से चले आ रहे अपने खिताबी सूखे को खत्म किया।नेहा ने अपना पिछला खिताब 2019 सत्र के पहले चरण मे जीता था। उन्होंने यह खिताब दो एमेच्योर गोल्फर सान्वी सोमू (69) और विधात्री उर्स (72) को पछाड़कर जीता। यह दोनो खिलाड़ी इवन पार 216 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे। पेशेवर खिलाड़ियों मे नेहा के बाद मन्नत बरार (70) रही। वह ओवरऑल तालिका में चौथे स्थान पर रही। नेहा शुरुआती दो दौर के बाद संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर थी। उन्होने तीसरे दौर मे तीसरे होल मे बोगी करने के बाद पांचवे, 12वे और 16वे होल में बर्डी लगाकर दो अंडर का कार्ड खेला। उनका कुल स्कोर एक अंडर 215 रहा।

### प्रणवी ने सिंगापुर में कट में जगह बनाई

**सिंगापुर।** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स ने खराब मौसम से प्रभावित ट्रस्ट सिंगापुर लेडीज मास्टर्स के दूसरे दौर मे इवन पार 72 का कार्ड खेला, जिससे वह कट में जगह बनाने मे सफल रही।प्रणवी एकमात्र भारतीय रही जिन्होने दूसरे दौर का खेल पूरा किया। वह अभी संयुक्त 37वें स्थान पर है। पहले दिन तीन ओवर 75 का कार्ड खेलने वाली प्रणवी ने दूसरे दौर मे दो बर्डी बनाई और इस बीच एक डबल बोगी की।भारत के अन्य गोल्फरों में अवनी प्रशांत दूसरे दौर में 15 होल तक खेलने के बाद संयुक्त 48वें स्थान पर है।

### निराशाजनक प्रदर्शन ने बेहतर करने के लिए प्रेरित किया: आर्यन नेहरा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय तैराकी चैम्पियनशिप मे चार राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम करने वाले युवा खिलाड़ी आर्यन नेहरा ने कहा कि राष्ट्रीय खेलो के पिछले आयोजन मे निराशाजनक प्रदर्शन के बाद वह किसी भी हाल मे बेहतर करना चाहते थे। आर्यन ने कहा, वैसे तो हारना किसी को भी पसंद नही होता है लेकिन मै कभी हारना पसंद नही करता हूं। इस निराशाजनक प्रदर्शन ने मुझे अच्छा करने के लिए प्रेरित किया।

# सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्राफी में लागू होगा इंपैक्ट प्लेयर

● बीसीसीआई की शीर्ष परिषद की बैठक, एशियाड में भागीदारी मंजूर

**भाषा।** मुंबई

**इंडियन प्रीमियर लीग** (आईपीएल) का चर्चित इंपैक्ट प्लेयर नियम 16 अक्टूबर से शुरु होने वाली सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्राफी में इस्तेमाल किया जाएगा। बीसीसीआई की शीर्ष परिषद ने शुक्रवार को इसे मंजूरी दी। इंपैक्ट प्लेयर नियम पिछले सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्राफी में शुरु हुआ था लेकिन खिलाड़ी को 14वें ओवर में या इससे पहले लाना होता था और उसका नाम टॉस से पहले बताना होना था। हालांकि यह अगले सत्र से बदल जाएगा और वैसा ही इस्तेमाल होगा जैसा आईपीएल में होता है, टीमों को टॉस से पहले अंतिम एकादश के अलावा चार स्थानापन्न खिलाड़ियों के नाम तय करने की अनुमति भी दी जाएगी। प्रत्एक टीम इन चार स्थानापन्न खिलाड़ियों में से केवल एक को ही इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर इस्तेमाल कर सकती है। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) की शीर्ष परिषद की शुक्रवार को मुंबई में हुई बैठक में इस नियम को मंजूरी दी गई। नियम के एक दिशानिर्देश के अनुसार, दोनों टीमों को प्रत्एक मैच में एक इंपैक्ट प्लेयर का इस्तेमाल करने की अनुमति होगी। यह हालांकि अनिवार्य नहीं है। शीर्ष परिषद ने सितंबर-अक्टूबर में हांगझोउ एशियाई खेलों के लिए पुरुष और महिला टीमों की भागीदारी भी मंजूर कर दी है।

### अगस्त के अंत तक तय होंगे मीडिया प्रसारण अधिकार : बीसीसीआई सचिव जय शाह

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने शुक्रवार को कहा कि क्रिकेट मैचों के मीडिया प्रसारण अधिकार अगस्त के अंत तक तय होंगे जिसमें आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला भी शामिल होगी जो 2023 विश्व कप से पहले सितंबर में प्रस्तावित है। शाह ने शुक्रवार की रात यहां मीडिया से कहा, मीडिया अधिकार करार अगस्त के अंत तक तय किए जाएंगे। भारत विश्व कप (सितंबर) से पहले आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे मैच खेलेगा और इस महासमर के बाद उससे पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगा। नए मीडिया अधिकार करार की शुरुआत आस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे से होगी।

# अल्कराज, सबालेंका और क्वितोवा तीसरे दौर में

**भाषा।** विम्बलडन



**शीर्ष वरीयता** प्राप्त पुरुष खिलाड़ी कार्लोस अलकराज और दूसरी वरीयता प्राप्त महिला एकल खिलाड़ी आर्यना सबालेंका शुक्रवार को विम्बलडन के दूसरे दौर में जीत दर्ज करने में सफल रहे। स्पेन के 20 साल के अलकराज ने सेंटर कोर्ट पर खेले गए मुकाबले में अलेक्जेंडर मुलर को 6-4, 7-6 , 6-3 से शिकस्त दी। अमेरिकी ओपन का यह मौजूदा चैम्पियन ऑल इंग्लैंड क्लब में तीसरी बार चुनौती पेश कर रहा है। अब तब का उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पिछले साल चौथे दौर में पहुंचना रहा है। बेलारूस की सबालेंका ने वरवरा ग्रेचेवा को 2-6, 7-5, 6-2 से शिकस्त दी। वह 2021 में इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंची थी लेकिन पिछले साल रूस और बेलारूस के खिलाड़ियों पर प्रतिबंध के कारण इसमें चुनौती नहीं पेश कर सकी थी। विम्बलडन की दो बार की चैम्पियन पेत्रा क्वितोवा ने अलेक्सांद्रा सासनोविच को शिकस्त देकर लगातार दूसरे साल तीसरे दौर में अपनी जगह पक्की की। साल 2011 और 2014 की चैम्पियन क्वितोवा पर 2016 में घर में चाकू से हमला हुआ था। इस 33 साल की वामहस्त खिलाड़ी ने शुक्रवार को बेलारूस की खिलाड़ी को 6-2, 6-2 से शिकस्त दी। महिला एकल के अन्य मुकाबलों में अमेरिका की 25वीं वरीयता प्राप्त मैडिसन कीज ने विक्टोरिया गोलूबिक 7-5, 6-3 से हराकर तीसरे दौर में अपनी जगह पक्की की। कीज के सामने यूक्रेन की मार्ता कोस्तयुक की चुनौती होगी। पाउला बडोसा के चोट के कारण बीच मुकाबले से हटने के कारण कोस्तयुक अगले दौर में पहुंची। जब इस मैच को रोका गया था तब कोस्तयुक 6-2, 1-0 से आगे थी। पुरुषों के वर्ग में तीसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव ने एड्रियन मन्नारिनो 6-3, 6-3, 7-6 से हराया। छठी वरीयता प्राप्त होल्गर रूणे ने रॉबर्टो कारबालेस बेना को 6-3, 7-6, 6-4 से हराया जबकि आठवीं वरीयता प्राप्त यानिक सिनर ने क्वेंटिन हेलिस को 3-6, 6-2, 6-3, 6-4 मात दी। 19वीं वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने योसुके वतनुकी को 6-4, 5-7, 6-2, 6-2 से पराजित किया।

### धामने ने जूनियर विम्बलडन के लिए क्वालीफाई किया

**लंदन।** युवा मानस धामने ने शुक्रवार को 10वी वरीयता प्राप्त अताकन करहन पर जीत के साथ प्रतिष्ठित विबलडन चैंपियनशिप मे लड़कों के एकल मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई किया लेकिन भारत के अन्य खिलाड़ी आर्यन शाह क्वालीफायर के दूसरे दौर में हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गए। पन्द्रह साल के धामने ने दूसरे और अंतिम क्वालीफाइंग मुकाबले में तुर्की के अपने प्रतिद्वंद्वी को 6-2, 6-7, 10-8 से हराया। जूनियर आईटीएफ रैंकिंग मे 78वे स्थान पर काबिज धामने के पास दूसरे सेट मे दो मैच प्वाइंट थे।

# सिंधू और सेन क्वार्टर फाइनल में

**भाषा।** कैलगरी

**दो बार की** ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू और लक्ष्य सेन कनाडा ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। सिंधू ने अंतिम आठ में प्रवेश किया जब उनकी प्रतिद्वंद्वी जापान की नत्सुकी निदाइरा ने उन्हें वॉकओवर दिया। वहीं सेन ने ब्राजील के वायगोर कोल्हो को 31 मिनट में 21-15, 21-11 से हराया। सिंधू का सामना 2022 इंडोनेशिया मास्टर्स चैम्पियन गाओ फांग जी से होगा जिसने इस साल एशिया मिश्रित टीम चैम्पियनशिप में चीन की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। सेन की टक्कर बेल्जियम के जूलियन कारागी से होगी। भारत के कृष्णा प्रसाद गारागा और विष्णुवर्धन गौड़ पंजाला प्री क्वार्टर फाइनल में दुनिया की सातवें नबर की इंडोनेशियाई जोड़ी मोहम्मद अहसान और हेंड्रा सेतियावान से 9-21, 11-21 से हार गए।

### बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप: भारत ने बांग्लादेश को 5-0 से हराया



**योग्यकार्ता (इंडोनेशिया)।** भारत ने बांग्लादेश को 5-0 से करारी शिकस्त देकर शुक्रवार को यहां बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप मे अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। समरवीर और राधिका की मिश्रित युगल जोड़ी ने नजमुल इस्लाम और स्मृति राजबोंगशी को 21-12, 21-10 से हराकर भारत की जीत की नींव रखी। तारा शाह और आयुष शेट्टी ने एकल वर्ग के अपने-अपने मैचों मे प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ जीत का सिलसिला जारी रखा। तारा ने लड़कियो के एकल मैच में स्मृति राजबोंगशी को 21-2, 21-7 से जबकि आयुष ने लड़को के एकल वर्ग मे सिफ्त उल्लाह को केवल 21 मिनट में 21-5, 21-9 से हराया। इसके बाद निकोलस और तुषार की लड़को की युगल जोड़ी ने भी नजमुल इस्लाम और सिफ्त उल्लाह के खिलाफ 21-13, 21-12 से आसान जीत दर्ज की। तनीषा और कर्णिका की लड़कियो की युगल जोड़ी ने जेस्मीन कोना और माथेना बिस्वास को केवल 19 मिनट में 21-8, 21-15 से हराकर भारत का क्लीन स्वीप सुनिश्चित किया। भारतीय टीम शनिवार को हांगकांग चीन और मलेशिया से भिड़ेगी।

# पुजारा की शतकीय पारी से पश्चिम क्षेत्र की बढ़त

● मध्य क्षेत्र पर कुल 384 रन से आगे

**भाषा।** अलूर



**अनुभवी भारतीय** बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा की शतकीय पारी के दम पर पश्चिम क्षेत्र ने दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल में शुक्रवार को तीसरे दिन के खेल की समाप्ति पर अपनी स्थिति काफी मजबूत कर ली। पुजारा की 278 गेंद में 133 रन के बूते टीम ने बारिश से प्रभावित दिन का खेल खत्म होने तक नौ विकेट पर 292 रन बनाकर कुल 384 रन की बड़ी बढ़त कायम कर ली। पश्चिम क्षेत्र ने दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 149 रन पर की। उस समय पुजारा 50 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। उन्होंने 366 मिनट की पारी में 278 गेंदों का सामना किया है और इस दौरान 14 चौके तथा एक छक्का लगाया। मध्य क्षेत्र ने दिन के पहले ही ओवर में सरफराज खान को पवेलियन की राह दिखाकर दिन की अच्छी शुरुआत की। सरफराज बीते दिन के अपने छह रन के स्कोर में बिना कोई इजाफा किए खब्बू स्पिनर सौरभ कुमार की गेंद पर विकेटकीपर उपेंद्र यादव को कैच थमा बैठे। इसके बाद विकेटकीपर हेत पटेल (27) ने पांचवें विकेट के लिए पुजारा के साथ 47 रन की साझेदारी की। पुजारा ने इस दौरान संभल कर बल्लेबाजी करने पर ध्यान दिया और सिर्फ वैसी ही गेंदों पर रन बनाए जो कमजोर थी। उन्होंने दिन के पहले सत्र में 102 गेंद बल्लेबाजी की और तीन चौके की मदद से 42 रन जोड़े।लंच के बाद दिन के दूसरे सत्र में उन्होंने सौरभ के खिलाफ लगातार दो चौके लगाकर प्रथम श्रेणी में अपना 60वां शतक पूरा किया।

### वी विजयकुमार के पांच विकेट

**दलीप ट्राफी : दक्षिण क्षेत्र को मिला 215 रन का लक्ष्य**



**बेंगलुरु ।** तेज गेंदबाज वी विजयकुमार के पांच विकेट से दूसरी पारी मे उत्तर क्षेत्र का मध्यक्रम चरमरा गया जिससे दक्षिण क्षेत्र को शुक्रवार को यहां दलीप ट्राफी सेमीफाइनल मे तीसरे दिन जीत के लिए 215 रन का लक्ष्य मिला। स्टंप तक दक्षिण क्षेत्र ने बिना विकेट गंवाए 21 रन बना लिए थे। उसके सलामी बल्लेबाज बी साई सुदर्शन तीन और अनुभवी मयंक अग्रवाल 15 रन बनाकर क्रीज पर डटे थे। सुबह उत्तर क्षेत्र ने तीन विकेट पर 146 रन के स्कोर से खेलना शुरु किया जिसके बाद विजयकुमार ने पुरानी गेंद से कहर बरपा दिया और टीम का स्कोर आठ विकेट पर 171 रन हो गया। बारिश से प्रभावित तीसरे दिन उत्तर क्षेत्र की दूसरी पारी 56.4 ओवर मे महज 211 रन पर सिमट गई। कर्नाटक के तेज गेंदबाज विद्वत कावेरप्पा (47 रन देकर दो विकेट) ने अंकित कलसी को स्टंप के पीछे आउट रिकी भुई को कैच आउट कराया। प्रतिभाशाली प्रभसिमरन सिंह (93 गेंद में 63 रन) और हरियाणा के अंकित कुमार (29 रन) ने चौथे विकेट के लिए 85 रन की भागीदारी निभाकर टीम को संभाला। उत्तर की टीम 150 रन की कुल बढ़त बनाने के करीब थी कि विजयकुमार ने पुरानी गेंद से मैच का रूख बदलने वाला स्पैल डाला।

### ग्रैंड शतरंज टूर : आनंद का औसत प्रदर्शन, गुकेश दोनों मुकाबले जीते

**जगरेब।** भारतीय धुरंधर विश्वनाथन आनंद ने सुपर युनाइटेड रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दिन एक बाजी जीती, एक ड्रॉ खेली और एक गंवाई। आनंद ने चौथे दौर में इवान सारिच को हराया लेकिन उसके बाद फेबियानो कारूआना से ड्रॉ खेला और दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन से हार गए। आनंद के हमवतन ग्रैंडमास्टर डी गुकेश दो जीत और एक ड्रॉ के बाद संयुक्त दूसरे स्थान पर पहुंच गए। गुकेश ने कोंस्टेंटिन लुपुलेस्कू और सारिच को हराने के बाद रिचर्ड रैपोर्ट से ड्रॉ खेला। दूसरे दिन के बाद इयान नेपोम्नियाची और कारूआना के साथ आनंद आठ अंक लेकर शीर्ष पर हैं। दूसरे स्थान पर गुकेश और जान क्रिस्टोफ डुडा हैं जिनके सात अंक हैं। कार्लसन ने दूसरे दिन कारूआना और फिरोजा के खिलाफ पराजय का सामना किया लेकिन आनंद को हराया।

# नए तौर तरीकों से बेहतर प्रदर्शन की राह पर पुरूष हॉकी टीम : कोच फुल्टन

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरूष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने शुक्रवार को कहा कि टीम बेहतर प्रदर्शन के नए भारतीय तरीके तलाशने की राह पर है और मानसिक अनुकूलन विशेषज्ञ पैडी उपटन इसमें खिलाड़ियों की मदद करेंगे। दक्षिण अफ्रीका के फुल्टन ने कहा कि उनके हमवतन उपटन के आने से खिलाड़ियों को हमेशा दूसरों के निर्देशों पर निर्भर रहने की बजाय अपनी आवाज तलाशने में मदद मिलेगी। उन्होंने वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा , पैडी टीम को जिम में अभ्यास करते देख रहे हैं और इस सप्ताह हर खिलाड़ी के साथ व्यक्तिगत सत्र भी लिया। उन्होंने टीम से बात की। वह नए भारतीय तरीके तलाशने में मदद करेंगे जिससे प्रदर्शन बेहतर करने में सहायता मिले। नए भारतीय तरीके के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा , यह तलाशने का दौर है। पूर्व कोच ग्राहम रीड के साथ टीम ने एक दो नाकामियों को छोड़कर लगातार अच्छा प्रदर्शन करना सीखा। हम भी उसी राह पर चलेंगे लेकिन उसे और बेहतर करेंगे। इसकी शुरूआत एक टीम के रूप में करने से पहले व्यक्तिगत स्तर पर होगी।

### विश्व कप से पहले टीम की गति और मानसिक मजबूती को बढ़ाने पर काम करना होगा: खांडेकर

**बेंगलुरु** जूनियर महिला हॉकी के नवनियुक्त कोच और भारत के पूर्व कप्तान तुषार खांडेकर आठ जुलाई से 14 अगस्त तक यहां राष्ट्रीय शिविर के दौरान टीम की गतिशीलता और मानसिक दृढ़ता को मजबूत करने पर ध्यान देंगे। भारतीय टीम 29 नवंबर से 10 दिसंबर तक चिली के सैंटियागो में होने वाले एफआईएच जूनियर महिला विश्व कप की तैयारियो के लिए यहां भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के केंद्र में अभ्यास करेगी। टीम के इस शिविर के लिए 39 संभावित खिलाड़ियों का चयन किया है। पिछले महीने जापान में जूनियर महिला एशिया कप के फाइनल में कोरिया को 2-1 से शिकस्त देने के बाद टीम के हौसले बुलंद है। यह पहली बार है जब भारतीय टीम ने इस खिताब को अपने नाम किया। अगर भारत को इस साल के अंत मे इस वैश्विक आयोजन में सफल होना है तो प्रशिक्षण शिविर महत्वपूर्ण होगा। हमारा ध्यान अब टीम की हालिया सफलता (जूनियर एशिया कप में) को आगे बढ़ाने और हमारे अगले प्रमुख टूर्नामेंटो विशेष रूप से प्रतिष्ठित जूनियर विश्व कप में अधिक ऊंचाई छूने पर है।


### भारत की अंडर-18 रिकर्व पुरूष टीम ने कांस्य पदक जीता

**भाषा।** लिमेरिक (आयरलैंड)

**भारत की** अंडर-18 पुरुष रिकर्व टीम ने शुक्रवार को यहां तीरंदाजी विश्व युवा चैम्पियनशिप में कोलंबिया को 6-0 से हराकर कांस्य पदक जीता। कांस्य पदक के एकतरफा प्लेऑफ में उज्जवल धामा, गोल्डी मिश्रा और अगस्तय सिंह ने दबदबा बनाते हुए अपनी प्रतिद्वंद्वी मेक्सिको की टीम को सीधे सेटों में 49-47, 50-49 में पराजित किया। भारत ने अभी तक तीन स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य पदक जीत लिए हैं। भारत की महिला कम्पाउंड टीम ने गुरुवार को अंडर-18 और अंडर-21 टीम खिताब जीतकर दूसरा और तीसरा स्वर्ण पदक हासिल किया था। प्रियांश और अवनीत कौर ने बुधवार को जूनियर मिश्रित टीम कम्पाउंड स्पर्धा जीतकर खाता खोला था।

# शरत, मनिका एशियाई खेलों में करेंगे भारतीय टीम की अगुआई

**भाषा।** नई दिल्ली



**शरत कमल** और मनिका बत्रा सितंबर-अक्टूबर में होने वाले हांगझोउ एशियाई खेलों में भारत की 10 सदर्स्यीय टेबल टेनिस टीम की अगुआई करेंगे जिसमें उनका लक्ष्य पिछले चरण के ऐतिहासिक प्रदर्शन की बराबरी करने का होगा। जकार्ता में पांच साल पहले पिछले एशियाई खेलों में भारतीय दल का टेबल टेनिस स्पर्धा में पदक जीतने का 60 साल का इंतजार खत्म हुआ था। टीम ने पुरुष और मिश्रित युगल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर उम्मीदों से बेहतर प्रदर्शन किया था। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) की सीनियर चयन समिति ने कोरिया के पेयोंगचांग में आगामी 26वीं एशियाई चैम्पियनशिप और चीन के हांगझोउ में 19वें एशियाई खेलों के लिए 10 सदर्स्यीय टीम की घोषणा की जिसमें पांच पुरुष और पांच महिला खिलाड़ी शामिल हैं। कोरिया में एशियाई चैम्पियनशिप तीन से 10 सितंबर तक खेली जाएगी जबकि एशियाई खेल 24 सितंबर से दो अक्टूबर तक आयोजित होंगे। शरत का यह अंतिम एशियाड होने की संभावना है, वह जी साथियान, हरमीत देसाई, मानव ठक्कर और मानुष शाह के दल की अगुआई करेंगे। वहीं मनिका युवा महिला टीम की जिम्मेदारी संभालेंगी जिसमें श्रीजा अकुला, सुतिर्था मुखर्जी, अयहिका मुखर्जी और दिया चिताले शामिल हैं।